e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 94
शुक्रवार
07.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..*

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रोजा का समय

इफ्तार (07.04.23): 06:08 बजे

सेहरी (08.04.23): 04:11 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## रांची का तापमान

अधिकतम 34°

न्युनतम 19°

## क्विक न्यूज

### हनुमान जन्मोत्सव: आंजन धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**गुमला:** जिले से 18 किलोमीटर दूर हनुमान जी की जन्मस्थली आंजन धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए. सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड, कीर्तन भजन आदि किया गया. माता अंजनी व बाल हनुमान को भोग लगाने के बाद विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया.यहां हनुमान जी, माता अंजनी की गोद में बालस्वरूप हनुमान के रूप में विराजमान हैं. मान्यता है कि यहां पर पुराने समय में 365 तालाब, 365 महुआ का पेड़ व 365 शिवलिंग थे. जहां स्नान कर माता अंजनी पूजा करती थी. बजरंगबली की जन्मस्थली में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ती है. हनुमान जन्मोत्सव को लेकर महीनों से तैयारी चलती है. इसे सफल बनाने के लोकर पूरी टीम दिन-रात लगी हुई रहती है. इसके सफल आयोजन में आयोजनकर्ता के अलावा आम लोगों का भी योगदान रहता है.हनुमान जन्मोत्सव के दौरान यहां का माहौल राममय हो जाता है. क्षेत्र जय श्री राम के नारे से गुज पड़ता है.

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे अनिल एंटनी

**नई दिल्ली :** भाजपा के स्थापना दिवस समारोह पर बड़ी खबर है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान अनिल एंटनी ने कहा कि एक भारतीय युवा होने के नाते मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि मैं प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण में अपना योगदान दूं।इसके बाद अनिल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। अपने बेटे अनिल एंटोनी के भाजपा में शामिल होने पर एके एंटनी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले ने मुझे आहत किया है। यह बहुत ही गलत फैसला है। भारत का आधार एकता और धार्मिक सद्भाव है। 2014 के बाद जब से मोदी सरकार सत्ता में आई, वे व्यवस्थित रूप से विविधता और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर कर रहे हैं। भाजपा सिर्फ एकरूपता में विश्वास रखती है, वे देश के संवैधानिक मूल्यों को नष्ट कर रहे हैं।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कंटेनर में लगी आग, चालक मौत

**सरायकेला:** जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 में गुरुवार को एक दुर्घटना घटी. हाईटेंशन तार की चपेट में आकर ट्रेलर पर लदे कंटेनर में आग लग गई. घटना सुबह की है. जिसमें चालक गंभीर रूप से से घायल हो गया था. बाद में इलाज के दौरान उसकी टीएमएच में मौत हो गई. आग की लपटे दूर तक फैलने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया था. मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाकर स्थिति नियंत्रित किया. स्थानीय लोगों ने बताया कि एक 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन की तार नीचे होने के कारण घटना घटी. तार नीचे होने की वजह से कंटेनर उसमें सट गया जिससे करंट का प्रवाह शुरू हो गया।

## झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का इलाज के दौरान चेन्नई में निधन

# नहीं रहे टाइगर



**पूरे राज्य में शोक की लहर, राजकीय सम्मान के साथ आज होगा अंतिम संस्कार**

संवाददाता

**रांची :** झारखंड के टाइगर कहे जाने वाले डुमरी विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक व राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन हो गया. चेन्नई के एक हॉस्पिटल में बुधवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन से बोकारो जिला सहित पूरे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई. झारखंड में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू कराने वाले मुख्य स्तंभ के रूप में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को वर्षों तक झारखंडी मूलवासियों के द्वारा याद किया जाएगा. शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो झारखंड के डुमरी विधानसभा सीट से बतौर विधायक वर्ष लगातार 2005, 2009, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की. अलग झारखंड राज्य गठन में टाइगर जगरनाथ महतो की एक अहम भूमिका थी. जगरनाथ महतो के जुझारूपन और उनके इस संघर्षशील नेतृत्व को देखकर प्यार से लोग से उन्हें टाइगर कह कर संबोधित करते थे. टाइगर जगरनाथ महतो का जन्म 1967 में बोकारो जिला के अलारगो गांव में हुआ था. उनके पिता का नाम नारायण महतो है. जगरनाथ महतो मैट्रिक पास थे. उन्होंने दो वर्ष पूर्व ही 11वीं में अपना नामांकन कराया था. उनकी इच्छा थी कि कम से कम वह इंटर पास कर लें. लेकिन उनकी ख्वाविश पूरी नहीं हो पाई. इनके संघर्ष गाथा को राज्य याद करेगा। कोरोना काल में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो कोरोना संक्रमित हो गए थे. उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल के बाद एक निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया था. उनकी गंभीर स्थित को देखते हुए अक्टूबर 2020 में एयर एंबुलेंस के माध्यम से एअरलिफ्ट कर रांची से चेन्नई ले जाया गया था.चेन्नई के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में उनका इलाज शुरू हुआ. कोरोना संक्रमण के कारण उनके फेफड़े पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया था. चेन्नई के अस्पताल में उनके फेफड़ों का ट्रांसप्लांट किया गया था.

लगभग आठ महीने अस्पताल में गुजारने के उपरांत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो चेन्नई से वापस रांची झारखंड अपने घर लौटे थे।

### दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा

**रांची:** राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व उत्पाद विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों का राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। जगरनाथ महतो के सम्मान में दो दिनों का राजकीय शोक मनाया जाएगा।
गुरुवार से शुक्रवार तक राजकीय शोक होगा। इस दौरान सभी भवनों जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।इस दौरान किसी भी प्रकार का राजकीय समारोह नहीं होगा। इसके साथ राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि छह अप्रैल को राज्य के

### कैबिनेट की बैठक स्थगित

**रांची:** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है।जगरनाथ महतो के निधन की खबर के बाद आज होने वाली कैबिनेट की बैठक स्थगित कर दी गयी है। इस बाबत मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सूचना जारी कर

### पैतृक गांव अलारगो में होगा अंतिम संस्कार सीएम सहित कई दिग्गज होंगे शामिल

**रांची:** मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह सात बजे विशेष विमान से चेन्नई से रांची लाया जाएगा।एयरपोर्ट से उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जाएगा। जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को झामुमो कार्यालय हरमू ले जाया जाएगा झामुमो कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव अलारगो ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। अलारगो से भंडारीदह के दामोदर घाट तक शव यात्रा निकाली जाएगी। स्व. जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, चम्पई सोरेन, मिथलेश ठाकुर, रामेश्वर उरांव,

### झारखंड ने जनप्रिय नेता को खो दिया : हेमंत

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा की आज झारखंड ने अपना एक महान आंदोलनकारी, जुझारू,कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया. चेन्नई में इलाज के दौरान आदरणीय जगन्नाथ महतो जी का निधन हो गया. परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

### शोक संवेदवाओं का लगा तांता

**रांची :** विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने जगरनाथ महतो के निधन पर दुख प्रकट किया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी जगरनाथ महतो के निधन पर दुख जताया है। कई नेताओं और सामाजिक संगठनों ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित सरकार के सभी मंत्रियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### शिक्षा मंत्री का निधन दुःखद और पीड़ादायक : राज्यपाल

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया है। राज्यपाल ने कहा कि मंत्री के निधन का समाचार अत्यन्त दुखद और पीड़ादायक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### जेएमएम के लिए अपूरणीय क्षति है जगरनाथ महतो का निधन : शिबू सोरेन

**रांची :** दिशोमगुरू शिबू सोरेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जगरनाथ महतो झारखंड आंदोलन के समय हमारे सहयोगी थे। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कार्यशैली, दूरदर्शिता तथा कुशल नेतृत्व प्रत्येक अवसर पर परिलक्षित होती थी। अपने संघर्ष,कर्तव्य निष्ठा, सादगी,और विचारों की स्पष्टता के कारण उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उनके निधन से झारखंड की राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया। आने वाली राजनैतिक पीढ़ी को उनके लंबे राजनैतिक जीवन से सिख प्राप्त होगी।

## जगरनाथ दा ने नियति को भी टाइगर होने का ऐहसास कराया

**बोले हेमंत सोरेन**



संवाददाता

**रांची:** बुधवार की सुबह जब राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की खबर मिली तो मैं निः शब्द होने के साथ मर्माहत हो उठा। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ-साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे, जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे।कभी पीठ भी थपथपा देते थे। टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष , कर्तव्य निष्ठा, सादगी, और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनाई। निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनके सलाह,विचार और हौसला आफजाई ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया। जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नही कहा जाता था। कोरोना काल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। आखिरकार हुआ वही, जो नियति को मंजूर था।
जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। उनकी शिक्षा, उनका मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद मुझे आगे का रास्ता दिखाएगा। जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिए, जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा। अलग झारखंड के मुखर योद्धा जगरनाथ दा की सोच और उनके संकल्पों को पूरा कर उसे साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनके सोच और विचार को साकार करने के प्रति तब तक संकल्पित रहेगी जब तक उसे हासिल नहीं कर लिया जाता।
अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन जी के निधन के वक्त जिस शून्यता का एहसास हुआ था, उसी शून्यता का एहसास आज हो रहा है। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दे। उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दे यही प्रार्थना है। जगरनाथ दा अमर रहेंगे। क्योंकि उनके विचार, सिद्धांत और मार्गदर्शन हमारी सरकार और हमारी पार्टी को

> जगरनाथ दा दिल में थे दिल में रहेंगे।
> हम कार्यकताओं को प्रेरित करते रहेंगे।।
> आपका संघर्ष बेकार नहीं जायेगा।
> हर हाल में सोच साकार होगा।।

**1967** में बोकारो जिला के अलारगो गांव में टाइगर जगरनाथ महतो का जन्म हुआ था

**2005** 2009, 2014 और 2019 में लगातार विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की

## प्रधानमंत्री से मिले राज्यपाल राधाकृष्णन



संवाददाता

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। माननीय राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आवास इत्यादि योजनाओं की स्थिति के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने उक्त अवसर पर राज्य में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विकासात्मक गतिविधियों एवं सुरक्षा के सन्दर्भ में भी जानकारी प्रदान की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु निर्मित रोडमैप से अवगत कराया। साथ ही राज्य के हवाई और रेल नेटवर्क, कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने राज्य के समग्र विकास हेतु सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया।

**भारत-जापान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और**

## जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप मंत्री ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली:** जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप मंत्री ओका मसामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। बैठक के दौरान ओका ने रक्षा मंत्री को 7वें रक्षा नीति संवाद के दौरान हुई चचाओं के बारे में जानकारी दी। यह बैठक 05 अप्रैल को नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने के साथ हुई थी। जापानी मंत्री ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के लिए जापान की उत्सुकता को दोहराया।
बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के लिए जापान के दृष्टिकोण को साझा करता है। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देशों को अपने द्विपक्षीय सहयोग के दायरे का विस्तार करना जारी रखना चाहिए। जापानी मंत्री ओका के साथ भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी भी थे, जिन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में मजबूत और सकारात्मक नेतृत्व प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी उपस्थित थे। भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी ने बुधवार को नई दिल्ली में 7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता की सह-अध्यक्षता की। भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता के दौरान सैनिक अभ्यास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जापानी उप मंत्री ने हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय रक्षा रणनीति के नीति संबंधी अपडेट भी प्रस्तुत किए। भारत और जापान ने रक्षा अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति जताई है। रक्षा सचिव ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को अपने-अपने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग मजबूत करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी रक्षा उद्योगों को भी आमंत्रित किया।

**7वें** रक्षा नीति संवाद के दौरान हुई चचाओं के बारे में जानकारी दी।

**नाराजगी** | तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले के ट्वीट मामले में

## प्रशांत उमराव माफी मांगें : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर कथित हमले संबंधी ट्वीट करने पर वकील और भाजपा नेता प्रशांत उमराव से नाराजगी जताई। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एक वकील होने के नाते उमराव को ज्यादा सतर्क होना चाहिए। कोर्ट ने उमराव से कहा कि दुष्प्रचार करने के लिए आप माफी मांगिए। कोर्ट ने उमराव पर दर्ज सभी मामलों में भी गिरफ्तारी से मिली राहत बढ़ा दी है। कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट की ओर से प्रशांत उमराव को मिली अंतरिम जमानत की शर्तों में बदलाव करते हुए उन्हें 15 दिन तक पुलिस थाने में पेश होने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि 10 अप्रैल को प्रशांत उमराव तमिलनाडु पुलिस के सामने 10 बजे पेश हों और हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक प्रशांत 10 अप्रैल तक माफीनामा दें। सुनवाई के दौरान उमराव की ओर से वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि हमें अंदेशा है कि तमिलनाडु पुलिस उनको गिरफ्तार कर सकती है। उनके ऊपर कई एफआईआर दर्ज हैं, जिसके बारे में उनको जानकारी भी नहीं है। एक ट्वीट पर कई मामले दर्ज किए गए हैं। विभिन्न मीडिया एजेंसियों द्वारा एक ट्वीट किया गया था जिसको रीट्वीट किया था, फिर ट्वीट डिलीट भी कर दिया। यह ट्वीट बिहारी प्रवासी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की खबरों पर आधारित था। इस मामले में हमें सशर्त जमानत मिल गई है, जिसमें आरोपित द्वारा ट्वीट नहीं करने की शर्त है। मूल मुद्दे वाला ट्वीट हटाया था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यकताओं की शिकायतों के आधार पर हमें परेशान किया जा रहा है। तमिलनाडु सरकार ने कहा कि हम बार के ज़िम्मेदार सदस्य से इस तरह के ट्वीट्स की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। इनको जमानत मिल चुकी है ।

**15 | दिन** तक पुलिस थाने में पेश होने पर रोक लगा दी है

## भारत : स्पीड में कोरोना



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में कोरोना के मामलों ने स्पीड पकड़ना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना के पांच हजार से ज्यादा यानी 5,335 मामले सामने आए हैं। इसी के साथ देश में सक्रिय मामलों की संख्या 25,587 हो गई है। इससे एक दिन पहले 163 दिन बाद चार हजार से ज्यादा लोग एक दिन में कोरोना संक्रमित मिले थे। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि मंगलवार को देश में 4,435 लोग संक्रमित पाए गए। इसी के साथ सक्रिय केस की संख्या 23,091 पहुंच गई है। संक्रमण से 15 लोगों ने जान गंवा दी थी। महाराष्ट्र और केरल में चार-चार और छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पुडुचेरी व राजस्थान में एक-एक कोरोना संक्रमित की मौत हुई थी। अब तक संक्रमण के चलते कुल पांच लाख 30 हजार 916 मौतें हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र सरकार के इम्पॉवर्ड ग्रुप एक की बैठक में इन्साकॉग ने कहा कि देश में 38 फीसदी संक्रमण प्रसार के पीछे वायरस का नया स्वरूप जिम्मेदार है। इन्साकॉग ने बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय और नीति आयोग के शीर्ष अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी गई।

**24** घंटों में पांच हजार से ज्यादा यानी 5,335 मामले सामने आए

**संक्षिप्त खबरें**

## अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति जाएगें जेल : आनंद कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अवैध खनन, भंडारण व परिवहन को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार गुरूवार को जिले पाटन पहुंचे, जहां अंचलाधिकारी सह प्रशिक्षु आइएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत एवं थाना प्रभारी के साथ अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पाटन थाना के समीप सड़क पर पत्थर डस्ट को परिवहन करते दो ट्रैक्टर को पकड़ा एवं डस्ट परिवहन संबंधित कागजातों की मांगी,जहां चालक द्वारा डस्ट परिवहन संबंधित किसी भी प्रकार के कागजात उपलब्ध नहीं करवाया गया,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए दोनो ट्रैक्टर को डस्ट समेत जप्त कर लिया एवं पाटन थाना को सुपूर्द कर दिया।इस दौरान अंचलाधिकारी एवं डीएमओ के द्वारा जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गयी।

# जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के टाउन हॉल में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रभारी अविनाश पांडेय, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा, प्रवक्ता तौसीफ आलम की अध्यक्षता में सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बिटू सिंह, जिला अध्यक्ष बिटू पाठक, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर शुक्ला ,रुद्र शुक्ला समेत हजारों कार्यकर्ता हुए उपस्थित।वही मौके पर उपस्थित कांग्रेस पार्टी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि केंद्र की सरकार देश मे जो कार्य कर रही है बेहद ही चिंतनीय है। केंद्र की सरकार काम कम कर रही और देश की ज़नता को मूर्ख ज्यादा बना रही है। साथ ही कहा कि राहुल गांधी और उनके परिवार के साथ केंद्र की सरकार ठीक नही कर रही है इसका खामियाजा केंद्र सरकार को भुगतना पड़ेगा। महात्मा गाँधी के बाद अब कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूरे देश मे सत्याग्रह आंदोलन की सुरुवात हो रही है जो कि केंद्र सरकार को हिला कर रख देगी साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए भी कांग्रेस पार्टी तैयार है सभी सीट से कांग्रेस पार्टी अपनी उमीदवार को उतारेगी।

# पूर्वमंत्री ने भाजपा का 43 वां स्थापना दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय जनता पार्टी के 43 वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी मुख्य रूप से मौजूद थे। भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के निर्देशानुसार श्री बंशीधर नगर के प्रभारी अशोक सेठ के नेतृत्व में सभी शक्ति केंद्रों पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। तत्पश्चात पार्टी के वरिष्ठ नेता सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित तथा चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा हमें इस पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है।मौके पर अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य लवली आनंद, मंडल कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा देवी, हीरा प्रसाद, लाला पासवान, मंडल महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, संजय कसेरा, मंडल आईटी सेल मुकेश प्रजापति, छोटू शुक्ला, सुधीर प्रजापति, मिथिलेश पासवान, अविनाश कुमार, राहुल देव पाल, अनिल दास, सूरज कुमार, नईम खलीफा, प्रकाशचंद्र, अश्विनी कुमार, अरुण कुमार, प्रदीप राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर उंटारी रोड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को स्थापना दिवस मनाय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दिनदायल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया की मेरा परिवार भाजपा परिवार के स्लोगन के साथ हर घर में भाजपा का झंडा लगाना है और अपने अपने घरों पर कमल फूल का चित्र बनाना है। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, महामंत्री सुनील तिवारी, रघुवीर चंदवंशी, मानदेव साह, सुरेंद्र तिवारी, रामसेवक पासवान, ओमप्रकाश मेहता, सुमन गुप्ता, अजीत चंद्रवंशी, सहित दर्जनों भाजपाई उपस्थित हुए।

## शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर डिग्री कॉलेज में शोक सभा



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राजकीय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा, छतरपुर में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी कमी झारखंड वासियों को हमेशा खलेगी। शोक सभा व्यक्त करने में कॉलेज के इंदु कुमारी, अपराजिता प्रकाश, अकलेश कुमार सिंह, राजकिशोर लाल, सुनीता कुजूर, रानी कुमारी, पंचम कुमार, जैलेश गुप्ता, योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार, विद्यानंद, बालमुकुंद, मनोज, राजेश, संध्या, सुनील, सहित कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर मनोज यादव ने किया शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेद विभाग मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गुरुवार को झामुमो के भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित किया गया। शोक सभा में झामुमो के नेता व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि स्व. जगरनाथ महतो झारखंड टाईगर के नाम से जाने जाते थे, उनकी आकस्मिक निधन से पूरा प्रदेश मर्माहत है। वें नेक व ईमानदारी छवि के नेता थे, उनकी क्षति की भरपाई कर पाना कठिन है। पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. महतो की पहचान एक कद्दावर नेता के रुप में होती थी, उनकी निधन से झामुमो सहित पुरे प्रदेश में शोक की लहर है। जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने कहा कि स्व. महतो शिक्षा मंत्री बनने के बाद शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने पर पुरजोर कार्य किया। वें चाहते थे कि झारखंड के गरीब गुरबो के बच्चे पढ़ाई कर अच्छे मुकाम हासिल करें, लेकिन उनकी आकस्मिक निधन से उनका सपना अधूरा रह गया। शोक सभा में झामुमो के वरिष्ठ महिला नेत्री कबूतरी देवी, बिनोद सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश गुप्ता, उपप्रमुख पिंटू टोपो, विजय राउत, रामसुंदर दास, संजय ठाकुर, राजकुमार राउत, शैलेंद्र यादव, सीताराम पासवान, शमशेर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर कई शैक्षणिक संस्थानों में शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर बिश्रामपुर क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों में शोक सभा का आयोजन किया गया। संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष मिश्रा ने किया। सभा में स्व.महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई.मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने स्व.महतो के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। शोक सभा में प्रो.कृष्ण कुमार चौबे, रंजन दुबे,ज्योति कुमारी,डॉ श्याम मिश्रा, डॉ प्रमोद पासवान, अजय ओझा, रामजी चौबे, राकेश शुक्ला, अमित कुमार, जितेंद्र पाठक, साधना कुमारी, संजय पांडेय, आशीष पांडेय, फुल कुमारी, सुनील कुमार, नरेंद्र मिश्रा विनय कुमार, गुंजन पासवान, रामेश्वर राम, संगीता कुमारी, राम कुमार, बिहारी साहू सहित कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी व छात्र-छात्रा मौजूद थे.इधर बिश्रामपुर नप मुख्यालय के रेड रोज पब्लिक स्कूल में भी शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। निदेशक राजन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित सभा में स्व.महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। राजन पांडेय ने कहा कि स्व.महतो एक कुशल राजनेता थे। उन्होंने प्रदेश में शिक्षा के बेहतरी हेतु कई उल्लेखनीय कार्य किया। मौके पर शिक्षक अजहर हुसैन, पम्मी कुमारी, सविता कुमारी, मेघा कुमारी, संध्या कुमारी, शब्बो बानो, मोनू कुमार सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे। इसके अलावा भी कई शैक्षणिक संस्थाओं में स्व.महतो को श्रद्धांजलि दी गई।

## मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर प्रखंड कार्यालय में मनाया गया शोक सभा



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार खरौंधी प्रखंड कार्यालय में शोकसभा मनाया गया .शोकसभा में उपस्थित प्रखण्डकर्मियो ने दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया.शोकसभा के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश महतो ने गुरुवार के लिये कार्यालय बन्द करने की घोषणा किया.शोकसभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, बीपीओ डिंपल गुप्ता, उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य, सीआई मोजिब खान, सिसरी पंचायत मुखिया पति उदय अलबेला,पंचायत समिति सदस्य पति अजय कुमार बैठा, बाबूलाल पासवान, उमेश राम,पंचायत सेवक विनोद कुमार,मनरेगा लेखपाल आशानन्द राम, रोजगार सेवक सुनील कुमार राम, कौशल विश्वकर्मा, आनंद कुमार गुप्ता गुलाब पासवान ओपरेटर मनीष कुमार, सोनू कुमार, मुसाफिर गुप्ता, सहित अन्य उपस्थित थे।

## बंशीधर महोत्सव की तारीख में हो सकता है फेरबदल

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन होने पर पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। उनके निधन पर राज्य सरकार द्वारा 6 एवं 7 अप्रैल को दो दिवसीय राजकीय सम्मान में शोक मनाने का निर्णय लिया गया है। अब 2 दिनों तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि श्री बंशीधर नगर में 8 एवं 9 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन की तिथि निर्धारित किया गया है। लेकिन मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन होने पर राजकीय सम्मान में 2 दिनों तक किसी भी राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसी कारण राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तिथि में भी बदलाव होने की संभावना है। इसे लेकर जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने झारखंड के प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को पत्राचार कर राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन आगामी 9 एवं 10 अप्रैल को करने अथवा कोई अन्य नई तिथि निर्धारित करने की मांग किया है।

# चचेरे भाई ने चाकू मार कर भाई को मौत के घाट उतारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत के बघमनवा टोला निवासी अजमुल्लाह अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र मुजीब अंसारी को उसके ही चचेरे भाई फिरदौश अंसारी पिता इदरीश अंसारी ने आपसी झगड़ा में चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार की रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। घायलावस्था में उसे पूर्व मुखिया गोपाल यादव और उसके परिजन ने आनन फानन में भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल पहुंचे, जहां पर उसके नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉ दिनेश सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया, वहाँ ईलाज के दौरान मुजीब अंसारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुजीब और उसका चचेरा भाई फिरदौश दोनों बाहर में गाड़ी चलाते थे। वहीं पर इन दोनों में कुछ आपसी मतभेद हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि दोनों लोग गांव आ पहुंचे। यह झगड़ा यहां भी जारी रहा इसी बीच बुधवार के शाम को इन दोनों में तू-तू मैं मैं फिर से बढ़ गया, इतने में फिरदौश ने धारधार छुरा निकालकर मुजीब के सीने सीने में घोप दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और ईलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

# भाजपा परिवार ने 44 वां स्थापना दिवस महोत्सव मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** नगर पंचायत के अंतर्गत खादी भंडार के समीप बद्रीनारायण कांप्लेक्स परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर के समक्ष वंदे मातरम जय घोष के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय जनता पार्टी की 44 वां स्थापना दिवस का महोत्सव मनाया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक गौरवशाली पार्टी है उन्होंने कहा कि आप सबको के बदौलत यह संगठन सिर्फ भारत देश की नहीं बल्कि पूरे विश्व की सबसे बड़ी सगंठन के रूप खड़ी है और आपके मेहनत लगन ईमानदारी के साथ आज पुरे देश में वट वृक्ष की तरह फैला हुआ है मौके पर भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान पूर्व नगर उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल जिला अनुसुचित जाती हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता राजेश कर्ण प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह सचिन कुमार अभिषेक कुमार संजय विश्वकर्मा अभिनाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे

# एनसीपी ने बनाया अमरनाथ को संगठन प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अखाड़ा पिपरा निवासी अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने दिन गुरुवार को पिपरा प्रखंड संगठन प्रभारी मनोनीत किया गया है। हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि एनसीपी पार्टी के प्रति अमरनाथ सिंह का निष्ठा और समर्पण को देखते हुए, उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है. पार्टी को आशा है कि इनके कुशल नेतृत्व में पार्टी उत्तरोत्तर आगे बढ़ेगी। प्रभारी बनाए जाने के बाद अमरनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो कार्य एवं जिम्मेवारी सौंपी जाएगी उसे शत प्रतिशत पूरा करने की कोशिश करूंगा। पार्टी को प्रखंड स्तर पर मजबूत करने के ही एकमात्र उद्देश्य के साथ आगे कार्य करूंगा।

## मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर चैनपुर के सह अंचल कार्यालय बंद रहेंगे




**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय शोक के कारण सुबह 11 बजे ही बंद हुआ चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय, लोगो को करना पड़ा असुविधा का सामना।चैनपुर प्रखंड के सह अंचल कार्यालय को सुबह 11:00 बजे ही बंद कर दिया गया। झारखंड के शिक्षा मंत्री मंत्री जगन्नाथ महतो का चेन्नई में उपचार के दौरान निर्धन होने की खबर से राज्य में शोक की लहर है घोषित राजकीय शोक के कारण राज्य सरकार ने आदेश दिया कि आज 6 तारीख को सरकारी कार्यालय बंद कर दिए जाएंगे। जिसको लेकर कार्यालय बंद किया गया लेकिन इस कार्यालय के बंद होने से दूर दराज से आए ग्रामीणों को बैरंग लौटना पड़ा और उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# बालू की घोर किल्लत व सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ हुसैनाबाद में इंटक का जनाक्रोश महा ट्रैक्टर बाइक रैली का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य में बालू की किल्लत को लेकर विकास कार्य प्रभावित है।मजदूर पलायन को बजबूर है। इस समस्या को लेकर इंटक के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान से जनाक्रोश ट्रैक्टर बाइक रैली का आयोजन किया गया एवम बड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के मध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल व स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली अनुमंडल मैदान से निकलकर देवरी रोड, दंगवार रोड होते बड़ेपुर मैदान पहुची। बाडेपुर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र सहित सम्पूर्ण राज्य में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलेगा और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होगा। झारखंड में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि बहुत याचना कर चुके, अब रण के लिए जनता सड़क पर उतरने को बाध्य है। सरकार अब नहीं चेती तो झारखंड के सभी जिले में जनता सड़क पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू नहीं होती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी योजनाएं भी आधर में लटकी है।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना मुश्किल हो गया है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सरकार रोजगार देने में विफल है।जिनके पास रोजगार की व्यवस्था थी,उनका रोजगार भी बालू के अभाव में ठप्प है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में चार बार बालू की समस्या को उठाया मगर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बालू को लेकर पुलिस प्रशासन और जनता के बीच टकराव नहीं हो इसके लिए सरकार बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती कराए। उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है सरकार और प्रशासन बालू को लेकर निर्णय ले,या टकराव से निबटने को तैयार रहे।

# हरिहरगंज में कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल में गुरुवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है, जो देश हित में काम करती है। तथि पार्टी का हरेक कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलईडी लगाकर पीएम मोदी के भाषण को सुना। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी राजेश रंजन मिश्रा सहित किसान मोर्चा के महामंत्री पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, विनोद पासवान, अशोक कुमार, राहुल विश्वकर्मा, मनीष कुमार, अजय कुमार, संतन शर्मा, बलराम ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पांडू थाना के समीप चलाए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू थाना के समीप गुरुवार के दिन चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान चेकिंग के दौरान हेलमेट एवं आवश्यक कागजात की की गई जाँच. एएसआई अजय कंडुलना के नेतृत्व में की गई वाहन जांच. पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया की सभी जब्त वाहन को अग्रेतर कार्रवाई हेतू जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचित किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा वाहन लेकर घर से निकलते वक्त सभी वाहन चालक आवश्यक कागजात एवं हेलमेट के साथ हीं निकले।

## संक्षिप्त खबरें

### अल्लाह का महीना है रमजान : मौलाना मंजूर हसन बरकाती

**रांची :** रमजान का महीना अल्लाह का महीना है । रोजा हर इंसान आकिल और बालिग पर फर्ज करार दिया गया है। उक्त जानकारी कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती ने कहीं। उन्होंने कहा कि रोजा, नमाज के बाद सबसे बड़ी इबादत है । रोजा अल्लाह ताला को बहुत पसंद है। नमाज, जकात, हज वगैरह का इनाम अल्लाह ताला अता फरमाएगा, लेकिन रोजा ऐसी इबादत है कि जिसके लिए अल्लाह ताला खुद इनाम बन जाता है। यह रमजान का महीना है, जिसमें कुरान फरमाया जो पूरी दुनिया के इंसानो के लिए हिदायत का चिराग है। रमजान में एक ऐसी रात है जो हजार महीनों से बेहतर है। लिहाजा रमजान के मुबारक महीने पर नमाज ,रोजा के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा कुरान की तिलावत करनी चाहिए।

### कमल किशोर सोन को भारत सरकार में संयुक्त सचिव बनाया गया

**रांची :** आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन को मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एंप्लॉयमेंट, श्रम मंत्रालय भारत सरकार में ज्वाइंट सेक्रेटरी वेलफेयर एंड ट्रेनिंग (संयुक्त सचिव) बनाया गया है। हाल ही में केके सोन ने बच्चों की पढ़ाई का हवाला देते हुए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का अनुरोध राज्य और केंद्र सरकार से किया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने केके सोन को विरमित कर दिया था। वे वर्तमान में झारखंड सरकार में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत थे। वे रांची उपायुक्त, भूमि सुधार और स्वास्थ्य चिकित्सा समेत कई पदों पर कार्यरत रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री महावीर मंडल रांची पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि श्री महावीर मंडल रांची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर एवं सभी अखाड़ो में दिप उपत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। श्री महावीर मंडल रांची ने दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी प्रभारियों , अखाड़ाधारियों , मंदिर कमिटी एवं सभी राम भक्त के प्रति आभार व्यक्त किया ।इसी क्रम में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के द्वारा श्री हनुमान मंदिर बड़ा तालाब राँची में महाबली हनुमान का पूजा अर्चना कर दिप जलाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया ।मिश्रा ने कहा कि बार्डगाई, बरियातू , लालपुर , कोकर , लोवादिह , चुटिया , डोरंडा ,हिंदपीढ़ी , अपर बाजार , पुनदाग , अरगोड़ा , कांके रोड एवं रातू रोड छेत्र के प्रमुख मंदिरों में दिप उत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली हनुमान जी की पूजा अर्चना की ।आयोजन को सफल बनाने में श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , मंत्री कैलाश केसरी , शंकर साहू , राज किशोर , राहुल सिन्हा चंकी , उपेंद्र रजक , प्रकाश चंद्र सिन्हा , अभिषेक चौधरी , प्रदीप साहू , प्रकाश साहू सुनील शर्मा, डॉ जीवाधन प्रसाद , अमित सोनी , नकुल तिर्की , गोपाल पारीक , लंकेश सिंह , आकाश दुबे , राणा हर्षवीर , रोहित पांडेय , इंदर सिंह सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में दीपोत्सव मनाया गया ।

## रिटायर रेंजर के घर बंधक बनाकर हुई डकैती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में वन विभाग से रिटायर रेंजर रूद्र नारायण प्रसाद के परिवार को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया है। यह घटना बुधवार की देर रात अंजाम दिया गया है। बताया गया कि करीब छह की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने डकैती की है। डकैती करने के बाद अपराधी मौके से भाग गए। अपराधी ने रिटायर रेंजर के घर से लगभग 40 लाख के सामान लेकर भागा है। जिसमें नगद और जेवरात शामिल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। आसपास के लोगों से पूरे मामले में पूछताछ की। हालांकि, अभी तक अपराधी के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार अपराधी की पहचान नहीं हो सकी है। अपराधी की पहचान के लिए आसपास इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



## पूरे महीने पढ़नी चाहिए तरावीह की नमाज : महताब

**रांची :** रमजान का मुबारक महीने का तीसरे जुमे की नमाज आज पढ़ी जाएगी । वहीं माहे रमजान का 14 वां रोजा पूरा हो गया और लगभग सभी मस्जिदों में 15 वां दिन तरावीह की नमाज पढ़ी जा रही है, जो ईद के चांद दिखने तक जारी रहेगी। बहुत सी ऐसी जगहों पर 10 दिन की तरावीह की नमाज भी खत्म हो चुकी है। दस दिनों तक तरावीह की नमाज अदा करने वाले ऐसे शख्सियतों से अपील है कि वे 10 दिन के तरावीह की नमाज पढ़ चुके हैं और कारोबार के सिलसिले में एक जगह से दूसरे जगह पर आना जाना उनका नहीं हो रहा है,तो ऐसे भाईयों को चाहिए कि वे बाकी दिनों के लिए पढ़ी जा रही तरावीह की नमाज जरूर पढ़ें । क्योंकि कुरान पूरे महीने सुनना जरूरी है । पूरे महीने रमजान में तरावीह की नमाज पढ़ने से बहुत ज्यादा सवाब मिलता है। उक्त बातें झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रथम संयुक्त सचिव महताब आलम ने कही। महताब ने कहा कि ऐसे देखने को मिलता है कि कुछ लोग 10 दिनों की तरावीह की नमाज पढ़ लेते हैं और फिर बाकी समय कहीं बैठकर गप्पे लड़ाते समय गुजारते हैं। ऐसे लोगों को चाहिए कि समय इधर-उधर जाया न करते हुए मस्जिदों में जाकर तरावीह की नमाज पढ़े। इससे अल्लाह ताला आपकी गुनाहों को माफ करते हैं, कारोबार में बरकत फरमाता है और हर मुसीबत से उन्हें निजात दिलाता है।



## झारखंड हाई कोर्ट में टीपीसी एरिया कमांडर की जमानत पर हुई सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में गुरुवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के लातेहार एरिया कमांडर नथुनी उर्फ नथुनी सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट अब एक सप्ताह बाद नथुनी की बेल पर सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की अधिवक्ता अनुराधा सहाय ने जमानत याचिका का विरोध किया। उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के लातेहार थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 48 दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आर्म्स एक्ट और 17 क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसी केस में नथुनी ने जमानत याचिका दाखिल की है।

## जगन्नाथ बाबू अजात शत्रु थे : रबिंद्रनाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जगन्नाथ महतो मंत्री, स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार के निधन की सूचना पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो ने कहा कि जगन्नाथ बाबू न केवल झारखण्ड राज्य गठन आन्दोलन के मेरे साथी थे, बल्कि मेरे अभिन्न मित्र भी थे। उनका इस प्रकार चले जाना हम सभी राज्य वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। जगन्नाथ बाबू राज्य के महानतम नेताओं में से एक थे और राज्य गठन आन्दोलन और राज्य गठन के बाद राज्य निर्माण में उनकी योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। कोरोना बीमारी से ग्रसित होने के बाद उनके फेफड़े का प्रत्यारोपण हुआ था और बीमार होने के बावजूद जनसेवा का जो जुनून उनमें था वह



बिरले ही देखने को मिलता है। अपनी स्वास्थ्य की परवाह किये बिना उन्होंने जनसेवा को अपनी प्राथमिकता में हमेशा सबसे ऊपर रखा। डुमरी विधान सभा क्षेत्र से जगन्नाथ बाबू अपराजेय राजनीतिक योद्धा के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे। वर्ष 2005 से लगातार चार बार उन्होंने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनका जाना डुमरी क्षेत्र के लोगों के लिए एक बहुत बड़ा आघात है। उनकी रिक्ति को भरा जाना लम्बे समय तक सम्भव नहीं हो पायेगा। जगन्नाथ बाबू अजात शत्रु थे। उनके चेहरे की शास्वत मुस्कान से शत्रु भी मित्र बन जाते थे। आज वे हमारे बीच नहीं है पर राज्य निर्माण के क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा हमारी स्मृतियों में बना रहेगा। इस मौके पर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## एक दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएससीए स्टेडियम में सीनियर इंटर डिस्टिक एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बोकारो और लोहरदगा के बीच मैच खेला गया। वही मौके पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार, स्व. जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आजोजन किया गया। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राँची, दीपक कुमार दुबे, अपर समाहर्त्ता राँची, राजेश कुमार बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी राँची, राजेश्वर नाथ आलोक सहित जिला के सभी



पदाधिकारियों/कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी। पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## भाजपा का 43 वर्ष संघर्ष, सफलता व राष्ट्र सेवा से परिपूर्ण : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सभी सांगठनिक जिलों,के जिला,मंडल एवम बूथों के अध्यक्ष ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के मिलकर पार्टी का ध्वज लगाया। प्रदेश के 29हजार बूथों में निवास करने वाले कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर ध्वज लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संबोधन को सुना।भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश एवम प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराया एवम महापुरुषों के चित्र पर




माल्यार्पण किए। पार्टी का ध्वज फहराने के बाद 9.45बजे पूर्वाह्न से राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली से प्रधानमंत्री एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया जिसे बूथ स्तर तक के हजारों कार्यकर्ताओं ने सुना।प्रदेश कार्यालय के सभागार में इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,राष्ट्रीय मंत्री एवम रांची की महापौर आशा लकड़ा, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु, काजल प्रधान, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सह मंत्री सूरज चौरसिया ,महेश पोद्दार, सुमन कुमार, पंकज सिन्हा, राजश्री जयंती, यदुनाथ पांडेय, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, रवि भट्ट, आरती कुजूर, संजीव विजय वर्गीय, सीमा शर्मा, सत्यनारायण सिंह, राकेश भास्कर, उमाशंकर केडिया, रविनाथ किशोर, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाइक, उषा पांडेय, सोना खान, तारिक इमरान, रमेश सिंह, जयश्री इंदवार, मुनचुन राय, अरुण झा, पुनीता राय, लक्ष्मी कुमारी, गोपाल सोनी, इंद्रजीत यादव ,अरविंद तिवारी, संजय सहाय, सुबोध कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। संबोधन के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि 6अप्रैल 1980को स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने संघर्ष और सेवा के माध्यम से सफलता के 43वर्ष पूर्ण किए। प्रकाश ने इस अवसर पर पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं,एवम लाखों समर्थकों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। कहा पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने में सफलता पाई है।

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मना पार्टी का 44वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। हरमू स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद उन्होंने प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।सभी जिलों और मंडल कार्यालयों में भी पार्टी का झंडा फहराया गया और कार्यकर्ताओं ने पीएम का संबोधन सुना। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर भी पार्टी का झंडा लगाया। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का लक्ष्य लिए मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प ही हमारा मूल मंत्र रहा है। एक छोटे से पौधे को सींचकर भाजपा के विशाल वट वृक्ष का रूप देने में असंख्य निष्ठावान कार्यकर्ताओं का त्याग, समर्पण और अथक परिश्रम रहा है।

## कुड़मी समाज के आंदोलन के कारण 84 ट्रेनें रद्द और डायवर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदिवासी कुड़मी समाज के आंदोलन के कारण आज भी कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया गया है। बुधवार को भी अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम के बाद रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द किया था। टाटानगर और खड़गपुर स्टेशन के बीच खेमाशोली स्टेशन के पास और टाटानगर आद्रा स्टेशन के बीच कुस्तौर स्टेशन के पास कुड़मी समाज के प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया है। जिसके कारण रेलवे ने गुरुवार को भी कई ट्रेनों को रद्द और कई के रूट में बदलाव करने का फैसला लिया है। इसको लेकर रेलवे ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**इन ट्रेनों को किया गया रद्द:** ट्रेन नंबर 08641 आद्रा-बरकाखाना मेमो पैसेंजर स्पेशल, ट्रेन नंबर 12828 पोरबंदर-हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 08649 आद्रा-पुरुलिया मेमो स्पेशल, ट्रेन नंबर 03595 बरकाखाना-आसनसोल मेमो पैसेंजर, ट्रेन नंबर 03598 आसनसोल-रांची मेमो पैसेंजर, ट्रेन नंबर13301 धनबाद-टाटानगर स्वर्णरिखा एक्सप्रेस, 18183 टाटानगर-दानापुर सुपर एक्सप्रेस, 08650 पुरुलिया-आद्रा मेमो पैसेंजर, 18085 खड़गपुर-रांची मेमो एक्सप्रेस, चक्रधरपुर-गोमो मेमो एक्सप्रेस, 08054 टाटा-खड़गपुर मेमो स्पेशल, खड़गपुर-टाटा मेमो स्पेशल, 08015 खड़गपुर-झारग्रम मेमो स्पेशल, 08060 टाटा-खड़गपुर मेमो स्पेशल, 03592 आसनसोल-बड़काखाना मेमो पैसेंजर, 18184 दानापुर-टाटा सुपर एक्सप्रेस, 08173 आसनसोल-टाटा मेमो स्पेशल, 08174 टाटा-आसनसोल मेमू स्पेशल, 03594 आसनसोल-पुरुलिया मेमो स्पेशल, 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस, 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस, 03593 पुरुलिया-आसनसोल मेमो पैसेंजर, 08647 आद्रा-बड़ाभूम मेमो स्पेशल, 08049 खड़गपुर-झारग्राम मेमो पैसेंजर, 12814 टाटा-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, 08069 संतरागाछी-झारग्राम मेमो पैसेंजर,12021 हावड़ा-बड़बील जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12871 हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस, 08070 झारग्राम-संतरागाछी मेमो पैसेंजर, 08160 टाटा-खड़गपुर मेमू स्पेशल, 08071 खड़गपुर-टाटा मेमू स्पेशल, 22892 रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस, 18033 हावड़ा-घाटशिला मेमो एक्सप्रेस, 08050 झारग्राम-खड़गपुर मेमो पैसेंजर, 22891 हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल है।

## सचमुच के टाइगर थे जगन्नाथ महतो : जितेंद्र गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पद पर मंत्री रहे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के डुमरी विधायक जगरनाथ महतो का चेन्नई में निधन हो जाने के बाद कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है । झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जगन्नाथ दा झारखंड के रियल टाइगर थे । क्योंकि वह अपने क्षेत्र में अपनी जनता के लिए हमेशा आवाज उठाते थे । अलग झारखंड के आंदोलन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है । वह लगातार बीमार चल रहे थे, लगातार इलाजरत भी रह रहे थे , बावजूद इसके विधानसभा सत्र में वे अपनी जनता अपने क्षेत्र की समस्या के लिए पहुंचते थे और आवाज बुलंद करते थे । स्थानीय नीति और 1932 के पक्षधर थे, ऐसे शख्सियत का चले जाना झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## भाकपा ने शिक्षा मंत्री के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उनकी मृत्यु से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है।वे एक कर्मठ , सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजनेता थे। और कुशल प्रशासक थे । सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता , राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर उनके शोक संतप्त परिवार और उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपनी गहरी संवेदना प्रेषित किया है । जगन्नाथ महतो की कमी झारखंड को हमेशा खलेगी जगन्नाथ महतो झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया था उन्हें जो भी दायित्व दिया गया ।

### झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा

## दो माह में तैयार हो जाएगा मॉडल जेल मैनुअल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के जेल सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुई। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में मॉडल जेल मैनुअल दो माह में फाइनल हो जाएगा। इसके बाद महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को अंडरटेकिंग देते हुए बताया कि दो माह में मॉडल जेल मैनुअल तैयार हो जाएगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने गृह सचिव से जानकारी मांगी थी कि राज्य में कब तक मॉडल जेल मैनुअल बन जाएगा। एमिकस क्यूरी मनोज टंडन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में मॉडल जेल मैनुअल बनाया है। इसे राज्य सरकार को भेजा गया था और उन्हें इसी के आधार पर मॉडल जेल मैनुअल बनाने को कहा गया था। दूसरे राज्यों में मॉडल जेल मैनुअल बन चुका है लेकिन झारखंड में अब तक नहीं बना है। जब भी हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होती है तो सरकार की ओर से कहा जाता है कि मॉडल जेल मैन्युअल बनने का काम प्रक्रिया में है। वर्ष 2019 में भी शपथ पत्र दाखिल कर राज्य सरकार ने कहा था कि मॉडल जेल मैनुअल बनने का काम प्रोसेस में है, आज भी सरकार यही बात कह रही है।

## सुगम यातायात व्यवस्था के लिए हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** यातायात पुलिस अधीक्षक राँची,हरीश बिन जमा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश की अध्यक्षता में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्कूल के प्रिंसिपल एवं ट्रांसपोर्ट इंचार्ज के साथ बैठक की गई?। पूर्व से निर्धारित बैठक को माननीय शिक्षा मंत्री के निधन के शोक संदेश के साथ संक्षिप्त रूप से किया गया। सभी विद्यालय प्रबंधन से यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए मुख्य मार्गो पर जैसे हरमू अरगोड़ा सड़क, महात्मा गांधी मार्ग सीरम टोली से कांटा टोली सड़कों पर बस पड़ाव की संख्या को नियमित एवम व्यवस्थित करने हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा स्कूल बस पड़ाव पर चर्चा की गई




जिले के सभी स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को निर्देश दिया गया है कि अपने सारे डाक्यूमेंट्स ठीक कर ले।यातायात पुलिस उपाधीक्षक जीत पहन उरांव राँची ,डीआर एस एम सड़क सुरक्षा, जमाल ए. खान एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू पार्टी रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो की माता का निधन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधान सभा की ओर से आजसू पार्टी रांची जिला अध्यक्ष संजय माहतो की माता जी की आस्मीक निधन पर शोक प्रकट रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, रामधन बेदिया,



जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा, राजेंद्र शाही मुंडा,पारशनाथ उरांव, महिला जिला अध्यक्ष वीणा देवी, फूलकुमारी देवी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी,रीना केरकेट्टा, काशीनाथ माहतो, जितेंद्र सिंह, छोटू सिंह,प्रदीप जसवाल, मुकेश नायक, राजू नायक, प्रखंड अध्यक्ष पिंटू नायक महावीर माहतो, जगरनाथ महतो, दिगंबर माहतो,अतिश माहतो ने शोक प्रकट किए।

### मुखिया ने सुखा राशन दिया

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसा पंचायत के गुन्दली टोली मे पिछले दिनों गंभीर बिमारी से गोरीशंकर बेदिया पिता लक्ष्मण बेदिया का देहान्त हो गया था। दसकर्म के लिए माननिय मुखिया मंजोती देवी उप मुखिया संजय भोगता के द्वारा सुखा



राशन देकर सहयोग किया गया । ,इस मोके पर रोहित बेदिया बलु बेदिया शिवचरण बेदिया गणेश बेदिया बाल किशोर बेदिया सुनिल बेदिया सुखराम बेदिया गोरी देवी आदि उपस्थित थे ।

### दिलीप बेदिया आजसू पार्टी रांची जिला सचिव मनोनीत

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू के जिलाध्यक्ष संजय कुमार महतो नें बूढ़ाकोचा जोन्हा निवासी दिलीप बेदिया को आजसू पार्टी का रांची जिला सचिव मनोनीत किया है। मनोनयन संबंधी पत्र निर्गत करते हुए उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्हें जिला सचिव मनोनीत किए जाने पर आजसू नेता वीरेन्द्र सिंह भोगता, पूर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा



राजेन्द्र शाही मुंडा, प्रकाश लकड़ा, जलनाथ चौधरी, रोशनलाल मुंडा, जगरनाथ महतो, धर्मेन्द्र सिंह, पारसनाथ उरांव, पारसनाथ महतो, आशाराम महतो, महावीर महतो, राजू नायक आदि नेताओं ने बधाई दी है।

### दहकते अंगारों पर चले श्रद्धालु

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गढ़गांव मंडा पूजा का 147 वां आस्था का दो दिवसीय महोत्सव नंगे पांव दहकते हुए अंगारों पर चलकर फुलखुन्दी से शुरू किया गया। इससे पूर्व भोक्तागण द्वारा लोटन सेवा, धुवांसी, का अनुष्ठान किया गया। महिलाएं सोकताइन के द्वारा माथे में कलश लेकर नया तालाब से जलग्रहण के शिवमंदिर में जलाभिषेक कर फुलखुन्दी की। मंडा पूजा अनुष्ठान पंडित विमल दास के द्वारा संपन्न कराया गया. मंडा पूजा संचालन समिति के संरक्षक प्रताप सिंह, संजय सिंह, भवानी शरण सिंह, किशोर साहू, नारायण सिंह, अध्यक्ष दीपक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश साहू, घुमा सिंह, जितेंद्र सिंह, सुबोध साहू, राधे ठाकुर, ललन ठाकुर, महेंद्र गोप, रमेश साहू, संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, सुखदेव गोप, रंजीत सिंह, विनोद नायक, बृजेश साहू, रुपेश गोप, बैजू साहू सहित कार्यकर्ता व ग्रामीणों का योगदान सराहनीय रहा.

### झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को किया गया सम्मानित

**डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शिव मंदिर बेहराडीह प्रांगण में रामनवमी झांकी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बेहराडीह के कलाकारों को स्थानीय समिति के द्वारा सभी कलाकारों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य रूप से महावीर पिंडा समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार,समाजसेवी देवेन्द्र मेहता, भरत नारायण मेहता,प्रभाकर लाल रावत मौजूद थे।सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया।वहीं रामनवमी झांकी प्रतियोगिता में बेहराडीह की झांकी को प्रथम स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर पूर्व मुखिया राजेंद्र मेहता ने कहा कि रामनवमी झांकी में बेहराडीह को प्रथम स्थान मिला,जिसका पूरा श्रेय सभी कलाकारों को जाता है।बहुत की कम दिनों में अभ्यास करके अपने पंचायत को प्रथम स्थान दिलाया,जो सराहनीय है।सभी कलाकारों को सम्मानित करने से उनका हौसला बढ़ेगा।वहीं आगे चलकर ओर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। सम्मानित होने वाले कलाकारों में साधना कुमारी,सोनू कुमार,विनय कुमार,सागर कुमार,शिवम् कुमार,प्रतिभा कुमारी आदि शामिल है।बता दे कि रामनवमी झांकी प्रतियोगिता में बेहराडीह की झांकी प्रथम स्थान प्राप्त किया था।रामनवमी में बेहराडीह के द्वारा निकाली गई झांकी में पहला वाहन में शिव तांडव का दृश्य दिखाया गया था,वहीं दूसरे वाहन में रावण के द्वारा सीता हरण करने के बाद सीता को बचाने के लिए रावण से किस तरह ताज जटायु ने युद्ध किया था। मौके पर समिति अध्यक्ष विनोद मेहता,सचिव राजेंद्र मेहता,आदर्श पासवान,पंकज मेहता,सुनील भारती,आशीष कुमार,अंकुश कुमार,नरेंद्र कुमार,मन्नू साव,नुनमन मेहता,सुधा भारती,अवध मेहता,किशोर मोदी,हरी मेहता,पिंटू मेहता,कमलेश कुमार,सौरभ कुमार,लोकनाथ मेहता,मन्नू पासवान,उमेश मेहता, सुनीता देवी,अनीता देवी,मालती देवी,गीता देवी आदि मौजूद थे।

### गाली-गलौज, मारपीट व छिनतई का आरोप लगा, थाना में आवेदन

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनानगर अंतर्गत मंझलानगर निवासी सदीक खान ने सात लोगों पर गाली गलौज मारपीट व छिनतई का आरोप लगाते हुए थाना मे आवेदन दिया है। जिसमे उन्होंने गांव के ही वकील खां, मुख्तार खां,आशिफ खां, इरफान खां, फुरकान खां, मंजूर खां एवम नसीम खां को आरोपी बनाया है।दिए आवेदन मे उसने बताया है की 31 मार्च की सुबह 9 बजे मैं और क्यूम खान कोडरमा कोर्ट अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वकील खां के घर के पास पहुंच तो उपरोक्त सभी लोग मुझे गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे। मारपीट होने की खबर सुनकर मेरा पोता मोसरफ खान आया ओर मुझे बचाने की कोशिश करने लगा तभी मुख्तार खां मेरे पोता के ऊपर लाठी से दाहिना हाथ व माथा में मारा जिससे उसका माथा फट हो गया। माथा फटा देख मेरा पोता वहां से फागने लगा तो मुख्तार खां उसे ईटा के टुकड़े से फेक कर मारने लगा जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वही मारपीट के दौरान मेरे पॉकेट से 2700 रुपए वकील खां और उसका बेटा इरफान खां ने निकाल लिया। वही आवेदक थाना प्रभारी से जांच पड़ताल कर आरोपियों को सजा की मांग किया है।

# खूंटी जिले में हो रहे लेमनग्रास की खेती की धमक दिल्ली तक पहुंची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार की एक टीम लेमनग्रास की खेती की स्थिति का जायजा लेने दो सदस्यीय टीम खूंटी पहुंची। टीम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान की असिस्टेंड प्रोफेसर रूचिका भट्टाचार्य एवं रिसर्च एसोसिएट सुधीर कुमार सिंह शामिल थे। टीम के सदस्यों ने पहले स्थानीय परिसदन सभागार में जेएसएलपीएस के अधिकारियों और सेवा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष के साथ बैठक की। जिसमें जिले में हो रही लेमनग्रास की खेती, आसवन और व्यापार की विस्तार पूर्वक जानकारी टीम ने ली। जिसके बाद सारे लोग लेमनग्रास की खेती, आसवन ईकाई देखने के लिए फिल्ड रवाना हुए। इस क्रम में कोजड़ोंग, सुरूंदा, अनिगड़ा, बिरहू गांवों का दौरा की लेमनग्रास कृषकों से बातचीत की। सुरूंदा में एक महिला किसान ने बताया कि उनके द्वारा 50 डिस्मील में लेमनग्रास की खेती की गई है। पहली कटाई में उन्होंने आठ किलो तेल बेचा है। टीम ने अनिगड़ा में संचालित आरएससी की दीदीयों के साथ बैठक कर लेमनग्रास की स्थिति को जाना। डीपीएम ने टीम को बताया कि खूंटी जिले के सभी छह प्रखंडों में 400 एकड़ से भी ज्यादा बेकार पड़ी भूमि पर लेमनग्रास की खेती की गई है। जिला प्रशासन ने एक टन क्षमता वाले तीन अत्याधुनिक आसवन ईकाई मुरहू के सुरूंदा, खूंटी सदर प्रखंड के मारंगहादा और अड़की प्रखंड के चलकद में आसवन ईकाई का अधिष्ठापन किया गया है। सेवा वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष ने बताया कि अब लेमनग्रास तेल के बाजार की समस्या को समाप्त कर लिया गया है। अब आसानी तेल की बिक्री हो जाती है। टीम के सदस्यों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इससे पूर्व उनके द्वारा जहां भी लेमनग्रास की खेती देखी गई, उसमें सबसे बेहतर लेमनग्रास की खेती, आसवन और व्यापार खूंटी में हो रहा है। टीम ने खूंटी में लगे आसवन ईकाई की भी प्रसंसा की। टीम का सहयोग जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, बीपीएम प्रमोद झा, सबीता संगा, बीपीओ लक्ष्मी नारायण पिंगुवा, संजय झा, एफटीसी आनंद ज्योति मिंज, अशोक लाल गंझू व सेवा वेलफेयर सोसाईटी के प्रतिनिधि शामिल थे।



# भारतीय जनता पार्टी खलारी ने पार्टी का स्थापना दिवस सह वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस सह वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह बीएमएस कार्यालय डकरा में आयोजन किया गया. पार्टी स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह मंडल किसान मोर्चा गणेश यादव की अध्यक्षता में किया गया. वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में जो भाजपा पार्टी को जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुवंश नारायण सिंह, सेतुबाँध सिंह, सुशील सिंह, बनवारी महतो, अर्जुन केसरी, दीपू महतो, भुनेश्वर महतो, शाहदेव महतो, मिस्त्री महतो, डूसे महतो सहित अन्य लोगो को अभिनंदन करते हुए उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. बैठक में किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गणेश यादव द्वारा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा की चर्चा किया गया. किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह कार्यक्रम के प्रभारी विकास दुबे द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को पार्टी का झंडा वितरित किया गया. तथा उसे अपने अपने घरों पर लगाने का आग्रह किया गया. कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय ने किया. स्थापना दिवस कार्यक्रम को रघुवंश नारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, विकास दुबे, अर्जुन केसरी, डेसु महतो इत्यादि ने भी संबोधित किया. वक्ताओं ने जनसंघ के स्थापना काल से लेकर विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल बनने तक के सफर में आई विभिन्न चुनौतियों का वर्णन विस्तार पूर्वक किया. धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला ग्रामीण के मीडिया सह प्रभारी आनंद सिंह ने किया. मौके पर कार्यकर्त्ताओं में शशिकांत सिंह, रामप्रवेश नायक, राजू गुप्ता, संजीत तुरी, संदीप सिंह, गुड्डु गिरी, पप्पू दुबे सहित अन्य उपस्थित थे.



# निवर्तमान वार्ड पार्षद सह भाजपा नेत्री नें मनाया 44 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज अपने मोहल्ले में लोगों के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस खुशी पूर्वक मनाया और मिठाइयां बांटी , निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि आज ही के दिन 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा भारतीय जनसंघ के रूप में इस पार्टी का जन्म हुआ था भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद और राष्ट्रहित सर्वोपरि के आधार पर हुई थी, भारत के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत को विश्व के पटल पर सर्वोच्च स्थान दिला रहे हैं और वर्तमान भारत के भाग्य विधाता के रूप में काम कर रहे हैं भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विश्वास पर काम करते हुए पूरे राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है भारतीय जनता पार्टी पूर्ण रूप से अनुशासित रहते हुए देश व समाज की सेवा करने पर विश्वास रखती है मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं और तन मन से पार्टी के सिद्धांत के आधार पर प्रेरणा लेकर काम करती हूं ।

# 35 मच्छरदानी का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड अर्पिता महिला मंडल के मार्गदर्शन में मयुरी महिला समिति,एन के एरिया द्वारा डकरा भीआईपी में समारोह आयोजन किया गया. समिति के द्वारा क्षेत्र में गरीब असहाय लोगो को बढ़ चढ़कर मदद यथा सम्भव करते रहती है. इसी कार्यक्रम के तहत मच्छरों से बचने व बीमारी नही फैलने के लिये डकरा क्षेत्र के आसपास 35 गरीबों असहाय लोगो बीच मच्छरदानी वितरण किया गया. कार्यक्रम में मयूरी महिल समिति की अध्यक्षा श्रीमती इंदु कुमारी , श्रीमती माया माजी, श्रीमती ललिता प्रसाद,श्रीमती खगेस्वरी साहू,दिवबाकर साहू सहित अन्य उपस्थित थे.



# एकदिवसीय परिशिक्षण दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** वन पर्यवरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड सरकार के तहत रंगीनी लाह उत्पाद हेतु हितकारी परिवारों का एकदिवसीय परिशिक्षण वन प्रमंडल रांची के द्वारा पुरनी राय स्कूल में दिया गया. इस कार्यक्रम राय पंचायत के महिला पुरूष ग्रमीण उपस्थित थे. एकदिवसीय परिशिक्षण कार्यक्रम में ग्रमीणों को रंगीनी लाह उत्पाद करके लाखो रुपये कमा कर अपनी जीविकोपार्जन कर सकते है, सहित ग्रामीणों को जंगलो की रक्षा, जंगलों में हो रही अंधाधुंध कटाई,गर्मी के दिनों में जंगल मे भयावह आग लगा देना व जंगलो को अपनी माँ मान कर कैसे सुरखित रखे इस बारे में जानकरी दिया गया. अथवा ग्रामीणों को ये भी बताया गया कि जंगल को नष्ट करने से मनुष्य जीवन के लिए होने वाले अथवा आने वाले खतरों की घण्टी को गंभीरता से बताया गया. कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया शिला देवी, वनपाल अश्फाक अंसारी,वन रक्षी मुकेश मुंडा,दशरथ ठाकुर, विजय मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.



# झारखंड के लोग अपने अधिकार के लिए जाग चुके है, लड़ेंगे पर हक लेकर रहेंगे : टाइगर जय राम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से सिल्ली के लोटा गढ़ तेतर में जनसभा का आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए टाइगर जयराम महतो ने कहा कि आज शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर उनके सहादत स्थल लोटा के गढ़ तेतर से राज्य की प्रत्येक जनता को जगाने आये हैं।उन्होंने कहा कि झारखंड 22 वर्षो से अपने पहचान के लिए आंदोलनरत है। झारखंड की वर्तमान सरकार जिस नारे के साथ चुनाव जीत कर आई थी उसे भुला बैठी है। हर राज्य की स्थानीय नीति खतियान आधारित होती है और झारखंड के भी जितने पड़ोसी राज्य हैं वे खतियान आधारित हैं। लेकिन झारखंड का दुर्भाग्य है कि यहां खतियान आधारित स्थानीय नीति नहीं है जिस कारण यहां के मूलवासी आज भी नारकीय जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी और उनकी टीम की मांग है की 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू की जाए तभी जाकर यहां के मूलवासियों को उनका अधिकार मिलेगा। विधानसभा चुनाव में झारखंड में सत्ता की परिवर्तन करें। इस मौके पर शीतल ओहदार, देवेन्द्र महतो, प्रह्लाद चंद्र महतो राजू महतो, हरे कृष्ण महतो, मनोज, मंटू, घनश्याम, विरेंदर, अजीत, खुदीराम, केशव महतो,समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





# आदिवासी संगठन ने सरना झंडा उखाड़ कर फेके जाने का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बीते दिनों रांची के लोअर करम टोली में 25 मार्च को असमाजिक तत्वों, भू माफियाओ के द्वारा सरना झंडा को उखाड़ कर फेके जाने, जला देने, थूकना वो हमारे आदिवासी महिलाएं, पहानो को जाति सूचक गाली दिया गया। इस तरह की घटना से आदिवासी समाज में काफी आक्रोश है। इस घटना की आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकरिणी समिति सदमा ओरमांझी -कांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने कहा की इस घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। असामाजिक व्यक्तियों ने इस घटना को अंजाम दिया है, वो हमारे आदिवासी सरना धर्मावलंबियों को धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई है। लालपुर थाना में घटना को लेकर प्राथमिक दर्ज किया गया है, जो अभी तक कोई कार्रवाई नहीं गया है। लगता है कि हमारे आदिवासी धर्मावलंबियों वो धार्मिक आस्था के साथ भेदभाव कर रहे हैं, जो अभी तक अपराधी को पकड़ नहीं पाएं हैं।रांची जिले के तमाम पहानों से नम्र निवेदन वो आग्रह करतें हैं कि सात अप्रैल को अपने अपने क्षेत्र से सभी पाहन को शाम पांच बजे मशाल जुलूस में शामिल हो वो आठ अप्रैल को रांची बंदी को आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकरिणी समिति सदमा ओरमांझी -कांके क्षेत्र ने समर्थन करतें हैं।

# अभिवावक अपने बच्चों को खसरा रूबेला वैक्सीन जरूर लगवाए : डॉ. दीपक कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डोमचांच :** नगर पंचायत स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल में गुरुवार को चिकित्सक-अभिवावक बैठक का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह के अध्यक्षता में किया गया,कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी अभिवावकों को संबोधित करते हुए रूबेला वैक्सीन के विशेषताओं को बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.दीपक कुमार,एस.एम.ओ वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन, डॉक्टर आशीष राज जिला नोडल पदाधिकारी, कोडरमा साथ ही उनके सहयोगी अनिल कुमार व सुनील कुमार शामिल हुए। डॉ. दीपक (ड्ढ्ढाह्व)ने इस आयोजन में मुख्य रूप से बच्चों में होने वाले बीमारी मिजेल्स व रूबेला जिसे आम तौर पर लोग खसरा के नाम से जानते हैं यह बीमारी एक बच्चे से दूसरे बच्चे में आसानी से फैलती भी है। इस बीमारी में सांस की नली, नाक और फेफड़े संक्रमित हो जाते हैं। मीजल्स रूबेला के चलते शरीर पर लाल रंग के चकत्ते पड़ जाते हैं और आंखों से पानी आने लगता है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बच्चों को रूबेला टीका देना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए इस बीमारी को लेकर अभिवावकों द्वारा अलग-अलग महत्वपूर्ण प्रश्नों के भी उत्तर दिए। डॉ. आशीष राज ने भी जानकारी देते हुए कहा रूबेला का कारण बनने वाला वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह वायरस तब फैलता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति होता है खांसी व छींक। नाक और गले से दूषित श्लेष्मा के सीधे संपर्क में आने से भी यह फैल सकता है। यह गर्भवती महिलाओं से उनके अजन्मे बच्चों को रक्तप्रवाह के माध्यम से भी प्रेषित किया जा सकता है। विद्यालय के उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी इस वैक्सीन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां अभिवावकों को दी साथ ही इसे लेकर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में अभिवावकगण विद्यालय के शिक्षक राजीव रंजन मिश्रा, निरंजन कुमार दास, राघव सिन्हा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए और इस बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण कराना आवश्यक है इसके बारे जानकारी प्राप्त किए।

# ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को बन्द कराया, जांच में पहुंची विधायक शिल्पी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** कुछ दिन पूर्व माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रघुनाथपुर पंचायत स्थित नवरंगा डैम मे जल संसाधन विभाग द्वारा डैम के माध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया था। जिसके पश्चात निर्माण कार्य शुरु किया गया। लेकिन निर्माण कार्य मे कुछ कमी एवं कुछ गलतियां नजर आने पर ग्रामीण नाराज हो गये और विरोध करने लगे। इसकी जानकारी लोगो द्वारा विधायक को मिलने पर आज विधायक विभागीय इंजीनियर एवं ठीकेदार के साथ निर्माण कार्य स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण किया और जो गलतियां मिली उस पर सुधार करने को कहा। मौक़े पर रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया महादेव भगत, चटवल पंचायत के मुखिया शिव उरांव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईशितयाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, इरशाद खान, प्रमोद लाल, कार्यकर्ता जावनी उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संघ महामंत्री आनंद महतो अधिवेशन में हिस्सा लेने पटना रवाना



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूरेनियम मजदूर संघ महामंत्री आनंद महतो भारतीय मजदूर संघ की पटना में तीन दिवसीय अधिवेशन में हिस्सा लेने आज पटना रवाना ही गए। 7-9 अप्रैल तक राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मजदूर संघ का पटना में तीन दिवसीय आयोजित अधिवेशन आयोजित की गई है। इस अधिवेशन में यूनियन महामंत्री आनंद महतो, चंद्रशेखर पंडित वहीं यूसील की आंध्र प्रदेश स्थित भारतीय मजदूर संघ के नेता एल अंकी रेड्डी समेत पूरे देश के ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि समेत राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि हिस्सा रहे है,जहा सगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हालत पर चर्चा होगी।

## करीम सिटी कॉलेज एनएसएस इकाई ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आज जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 13 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में भाग लेने वाले डॉक्टरों ने कहा स्वस्थ लोगों को तीन महीने में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज की ओर से प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। इस शिविर में एनएसएस संयोजक सैयद साजिद परवेज, करीम सिटी के रोटरैक्ट क्लब के मॉडरेटर डॉ उधम सिंह , कोल्हान यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक अब्दुल कादिर, आदित्य,रोहित ,आयुष अग्रवाल, आयुष साहू,रौनक, मानव सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## भाजपा गम्हरिया ने पार्टी स्थापना दिवस पर बांटा लड्डू



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी गम्हरिया प्रखंड पूर्वी की ओर से जयकान पंचायत अंतर्गत जामजोड़ा चौक पर पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का झंडोत्तोलन कर किया गया। इस मौके पर भाजपा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा, चौधरी महतो, कृष्णा प्रधान, अजीत सिंह, मनोहर गोप, सत्य प्रकाश महतो, सपन महतो, पुष्टि गोप, नीलकमल महतो, सूरज गोराई, प्रशांत महतो, संतोष साहू, गोपीनाथ हांसदा समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थि थे।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीडीओ, सीओ समेत सभी प्रखंड व अंचल कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। उसके बाद कार्यालय में अवकाश की घोषणा की गई। इस मौके पर बीडीओ मारुति मिंज, सीओ मनोज कुमार, जेएसएस दयानंद प्रसाद समेत सीडीपीओ, बीईओ व प्रखंड तथा अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंत्री जगरनाथ महतो का निधन झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए अपूरणीय क्षति



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड अंतर्गत सिरुम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय गुजरुटांड में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, बिस सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो, नावकिशोर हांसदा, शिक्षक निरंजन महतो, शमशेर अली ,सहित सैकड़ों झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो ने कहा कि मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर पूरे क्षेत्र में शोक का लहर है। यह एक अपूरणीय क्षति है। झारखंड सरकार में मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा। झारखंड के पारा शिक्षकों को दिया गया वादा पूरा किया। उनका निधन झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए अपूरणीय क्षति है जो कभी पूरा नही हो सकता।भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

## पॉलिसीबाजार स्टोर इंश्योरेंस के प्रति लोगों को कर रहा जागरूक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पॉलिसीबाजार स्टोर लोगों के इंश्योरेंस खरीदने के तरीके को बदल रहे हैं।

policybazaar.com
HAR FAMILY HOGI INSURED

अब ग्राहक 50 प्लस कंपनियों से ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी की तुलना करने के लिए पास के पॉलिसीबाजार स्टोर में जा सकते हैं। इतना ही नहीं पॉलिसीबाजार स्टोर ग्राहकों को क्लेम, सर्विस और रिन्यूल्स से संबंधी प्रश्नों में भी सहायता प्रदान करते है। पॉलिसीबाजार स्टोर 50+ शहरों में मौजूद हैं। जिसमें से ज्यादातर स्टोर टियर 2 और 3 शहरों में हैं। पॉलिसीबाजार के सीईओ, सरबवीर सिंह ने कहा कि 50+ शहरों में पॉलिसीबाजार के ऑफलाइन स्टोर हैं और हम 100+ स्थानों तक विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इन स्टोर्स का विस्तार का करने का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को इंश्योरेंस संबंधी समस्याओं का समाधान करना है, साथ ही ग्राहकों मे अधिक विश्वास पैदा कर प्रत्येक घर तक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।

# कोर्ट ने कदमा में दो बेटी, पत्नी व ट्यूशन टीचर के हत्यारे दीपक को सुनाई फांसी की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को कदमा थाना अंतर्गत तिस्ता रोड स्थित क्वार्टर नंबर 97/99 निवासी बीना कुमारी, दीया कुमारी, सांधी कुमारी और रिंकी घोष की हत्या करने के मामले में अदालत ने दोषी दीपक कुमार को फांसी की सजा सुनाई है। आज मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे-4 राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने दीपक को फांसी की सजा सुनाई है। इसके पूर्व



शनिवार को अदालत ने उसे आईपीसी की धारा 302, 307, 379, 201 और 376(1) के तहत दोषी पाया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता जॉली दास, कार्तिक डे, हरविलास दास, दिलीप गोराई और जयंत कुमार ने बहस की थी। मामले में 25 लोगों की गवाही हुई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने पैरवी की। ज्ञात हो कि 12 अप्रैल 2021 को कदमा थाना अंतर्गत तीस्ता रोड स्थित क्वार्टर नंबर 97-99 में दीपक ने अपनी पत्नी, दो बच्ची और ट्यूशन टीचर की हत्या कर दी थी। ट्यूशन टीचर की हत्या करने के बाद उसने दुष्कर्म भी किया था। घटना को अंजाम देने के बाद उसे अपने साथी प्रभु के साला अंकित पर भी हमला किया था। घटना को अंजाम देने के बाद वह अपनी बुलेट से राउरकेला गया था, और वहां से कैब बुक कर वह धनबाद गया। उसकी गिरफ्तारी पुलिस ने धनबाद से की थी।

## समाहरणालय सभागार में शोक सभा कर मंत्री जगरनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड के मंत्री जगरनाथ महतो का आकस्मिक निधन पर आज जमशेदपुर समाहरणालय सभागार में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस सभा में जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मंत्री जगरनाथ महतो काफी दिनों से बीमार चल रहें थे। चेन्नई में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद का दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 8-9 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन 8 और 9 अप्रैल 2023 को बौद्ध मंदिर मैदान (निकट राजेन्द्र विद्यालय ), साकची के प्रांगण में किया जा रहा है ।आयोजन के हक़ार ( आमंत्रण ) को घर घर तक पहुँचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया गया। रथयात्रा समारोह के अतिथि में के एन मिश्र (पूर्व डीएसपी ) बिजय खाँ (पूर्व कांग्रेस , ज़िलाध्यक्ष ) सहित समाजसेवी एम सी मधुकर शामिल हुए। आयोजन संध्या 5 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस सांस्कृतिक महाकुंभ के दिल्ली से मैथिली के प्रसिद्ध गायक



विकास झा और सुश्री अनामिका झा , दरभंगा से अरविंद सिंह, सुश्री कंचन पांडेय, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे । साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए कृष्णा मिश्रा अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे । समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष शिशिर झा , महासचिव सुजीत कुमार झा, कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा , उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर , पंकज रॉय , अशोक मिश्र , रंजीत झा बागबेड़ा , राजेश झा सिधगोरा , बबलू झा , शिव चंद्र झा , अनिल झा आदित्यपुर , राजेश झा जेम्को ,पंडित बिपिन झा , सोमनाथ मिश्रा , धर्मेश झा , दिलीप कुमार झा सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग और सम्पूर्ण कार्यसमिति लगे हुए हैं ।

# कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। जमशेदपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर एवं विभिन्न कार्यक्रम के जरिये पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेतागण एवं सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन को बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुना। संबोधन की



समाप्ति पर कार्यकर्ताओं ने दीवार लेखन कार्यक्रम में साकची जिला भाजपा कार्यालय परिसर के दीवार पर पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल पुष्प पेंट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, संजीव कुमार, बारी मुर्मू, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, पंकज सिन्हा, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, भरत सिंह, योगेश मल्होत्रा, मनोज कुमार सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, कुसुम पूर्ति, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, नारायण पोद्दार, अमित अग्रवाल, आदि थे।

## कुड़मी समाज का रेल चक्का जाम के दूसरे दिन फिर रद्द की गई कई ट्रेनें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एसटी में शामिल करने को लेकर कुड़मी समाज का आन्दोलन आज भी जारी है। इनके द्वारा अनिश्चितकालिन रेल लाईन जाम किए जाने के 31 घंटे बाद रेल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कुड़मी समाज की ओर से पश्चिम बंगाल स्थित कुस्तौर व खेमासुली स्टेशन की लाइन 31 घंटे से जाम है। इस आंदोलन को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने गुरुवार को भी टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला व खड़गपुर, भुवनेश्वर मार्ग की सात ट्रेनों को रद्द कर दिया। रद्द होने वाले ट्रेनों में दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी, मुंबई हावड़ा दूरंतो, मुंबई हावड़ा गीतांजलि, दिल्ली पुरी पुरुषोत्तम, तांब्रम न्यू तिनसुकिया, आनंद विहार भुवनेश्वर संपर्क क्रांति और पुणे हावड़ा आजाद हिंद शामिल है। दक्षिण पूर्व जोन अभी तक लाइन जाम के कारण बिहार, यूपी, झारखंड, हावड़ा, मुंबई, दिल्ली व ओडिशा की 58 ट्रेनों को रद्द कर चुकी है, जबकि 11 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। इनमें दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, आनंद विहार भुवनेश्वर संपर्क क्रांति, आनंद विहार से हल्दिया, आनंद विहार संतरागाछी, आनंद विहार पुरी नीलांचल, मुंबई हावड़ा मेल, साउथ बिहार, मुंबई कामख्या, कुर्ला शालीमार, मुंबई गीतांजलि व अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस को गोमो से बोकारो मिदनापुर व संबलपुर होकर चलाया जा रहा है ।

# कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम टाऊन हॉल सिदगोड़ा में कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित की गई। प्रेस वार्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय का आगमन जमशेदपुर में 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे से ÷जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन टाऊन हॉल सिदगोड़ा में आयोजित होगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव, मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारीअध्यक्ष जलेश्वर महतो, कार्यकारीअध्यक्ष बन्धु तिर्की पूर्व



मंत्री, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, राकेश्वर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष इंटक, प्रदेश चेयरमैन आदिवासी कांग्रेस जसाई मार्डी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें पूर्वी सिंहभूम के 18 प्रखण्ड, 46 मण्डल, 231 पंचायत, बुथ और ग्राम स्तर तक के कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल होंगे। जिला कमिटी के द्वारा जिला में निवास करने वाले सभी प्रदेश पदाधिकारी, सभी अग्रणी संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग एवं मंच-मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यों को आमंत्रित की गई है। अतिथियों के स्वागत में शहर में तोरण द्वार, बैनर, पोस्टर एवं चौक चौराहे को सजाया जा रहा है। स्वागत में नेतागण चौक चौराहों पर तैनात रहेंगे। प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष के आगमन और संबोधन से आगे की रणनीति तय होगी। प्रेसवार्ता में एआईसीसी सदस्य रामाश्रय प्रसाद, सुबोध सिंह सरदार, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, के के शुक्ल, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, दिबेश राज, अतुल गुप्ता, अजय मिश्र, सीताराम चौधरी, ज्योति मिश्र, सुदर्शन तिवारी, सन्नी सिंह शामिल रहे।

## बोड़ाम ब्लॉक के कनीय अभियंता को रंगेहाथ 15 हजार घूस लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता सुजीत कुमार राणा को 15 हजार रुपये घूस लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे प्रखंड कार्यालय स्थित उनके चैंबर से पकड़ लिया। बताते हैं कि बोड़ाम प्रखंड की माधवपुर पंचायत के तेलीडीह गांव में तालाब के स्नानघाट निर्माण योजना में बिल भुगतान के एवज में गड़बन महिला समूह से घूस लेते पकड़ा गया है। एसीबी के डीएसपी ने बताया कि एक कनीय अभियंता सुजीत कुमार राणा की गिरफ्तारी 15 हजार रुपये घूस लेने के आरोप में पकड़ा गया है। वह महिला समूह की सदस्य से घूस ले रहा था।



# सविंदर कौर गुरु अमरदास स्मृति सम्मान प्रतीक से सम्मानित होंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पिछले कई सालों से गुरुद्वारा साहिब और संगत की सेवा कर रही बुजुर्ग सविंदर कौर को बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बैसाखी खालसा सृजना दिवस के मौके पर श्री गुरु अमरदास जी स्मृति प्रतीक चिन्ह से सम्मानित करेगी। उक्त जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सुखविंदर सिंह ने दी है। उनके अनुसार प्रधान कुलविंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय हुआ कि 12 अप्रैल बुधवार को श्री अखंड पाठ शुरू



होगा जिस का समापन 14 अप्रैल बैसाखी के दिन होगा। इस बैठक में डिप्टी प्रधान संदीप सिंह सोनू, कुलदीप सिंह ज्ञानी, महासचिव जसवंत सिंह, अवतार सिंह सोखी, चेयरमैन करतार सिंह, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, बलविंदर सिंह, सविंदर सिंह, साधु सिंह, बलदेव सिंह हजूरी ग्रंथी निरंजन सिंह, अवतार सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान दलविंदर कौर सचिव बलविंदर कौर मनजीत कौर मनप्रीत कौर मनजीत कौर निर्मल कौर आदि ने अपने विचार रखे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर सोनारी मंडल अध्यक्ष ने फहराया भाजपा ध्वज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को भाजपा सोनारी मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस सोनारी राममंदिर अटल चौक में मनाया गया, सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करने के बाद झंडोत्तोलन किया गया। आमजनता के बीच लड्डू वितरण कर खुशी मनाया। इस अवसर पर दीवार पर कमल फुल बनाया और जय भाजपा स ज्वाइन बीजेपी लिखा। वहीं सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन को सुना गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा,वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, महामंत्री नारायण प्रसाद, किशोर साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष



सतेंद्र सिंह यादव, भरत भुषण,कृष्णा यादव,एस टी मोर्चा के अध्यक्ष शुशील हेसा,मंत्री शंकर सिंह,मंत्री नरेश प्रसाद, सुजीत आदित्य, मिडिया प्रभारी निरज प्रसाद, आई टी सेल प्रभारी रमेश प्रसाद साहू, युवा मोर्चा के महामंत्री दिपक नाग, महिला मोर्चा महामंत्री सरीता लाल,वरिष्ठ नेता कृष्णा सिंह, विजय सिंह, विजय कुमार राव आदि की उपस्थिति थी।

# शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर करीम सिटी कॉलेज में शोकसभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर करीम सिटी कॉलेज के सभागार में शोकसभा की गई, जिसमें सभी संकायों के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभा में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए



ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि आज हमने अपने प्रदेश के शिक्षा मंत्री तथा एक लोकप्रिय नेता को खो दिया है. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बेहतर इलाज के लिए उन्हें चेन्नई ले जाया गया था। वहीं इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। श्री महतो ने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में एक नई जान डाली तथा शिक्षा के प्रति अपनी श्रद्धा समर्पित की। श्री महतो लंबे समय तक याद किए जाते रहेंगे।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर कुचाई प्रखंड मुख्यालय में शोक सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की आकस्मिक निधन पर गुरुवार को कुचाई प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अंचल एवं मनरेगा के कर्मियों ने एक शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीमती देवी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड ने एक आंदोलनकारी और राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया। शोक सभा में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी अंचल निरीक्षक फुल कुमारी सोय प्रखंड लिपि सुबोध टुडू भीम प्रसाद उपाध्याय बीपीओ कुंदन बाजपाई पंचायती राज्य पदाधिकारी अशोक कुमार महतो कनिय अभियंता मनोज सोय पायकेराई मुंडरी प्रखंड समन्वयक श्यामसुंदर महतो आदि थे।

संपादकीय

# भ्रष्टाचार के 300 दिन शेष!

**प्रधानमंत्री** मोदी ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हरी झंडी दे दी है कि भ्रष्ट लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए। भ्रष्टाचार का इकोसिस्टम 300 दिन में खत्म करना है। जिनके खिलाफ सीबीआई के केस चल रहे हैं, वे बहुत ताकतवर लोग हैं और संस्थाओं की छवि भी बिगाड़ने का काम करेंगे, लेकिन हमें भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। आपका फोकस भी आपके काम पर होना चाहिए। भ्रष्टाचार गरीब के हक छीनता है। प्रतिभाएं बलि चढ़ जाती हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को पैदा करता है। भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा है। भ्रष्टाचार की कार्रवाई किसी भी बड़े व्यक्ति के खिलाफ हो, आपको उसे अंजाम देना है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह देश की इच्छा है और कानून तथा संविधान आपके साथ हैं। आपको डरना और हिचकिचाना नहीं है। ताकतवर लोग सालों-साल सत्ता में रहे हैं और सिस्टम का हिस्सा भी रहे हैं, आज भी कुछ राज्यों में वे सत्ता में हो सकते हैं, लिहाजा वे इस भ्रष्ट इकोसिस्टम के हिस्सा रहे हैं। अब यह सीबीआई की जिम्मेदारी है, क्योंकि उसमें जनता का विश्वास बढ़ा है। जांच एजेंसियों के नाम कई उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री के इस संबोधन और आह्वान से स्पष्ट है कि अभी सीबीआई, ईडी आदि के छापे बढ़ेंगे, संपत्तियां जब्त की जाएंगी और संभव है कि प्रधानमंत्री ने 2024 का आम चुनाव भ्रष्टाचार के प्रमुख मुद्दे पर लड़ना तय कर लिया है! सीबीआई की 60वीं सालगिरह के अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया है, लेकिन भ्रष्टाचार का समग्रता में नाश करना है, यह उनका मन्तव्य रहा है। प्रतिक्रिया में विपक्ष का चिलचिलाना स्वाभाविक है, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं या आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किए जा चुके हैं अथवा न्यायाधीशों ने आरोप भी तय कर दिए हैं या जो राजनेता जेल की सलाखों के पीछे हैं, वे कमोबेश 2024 के चुनाव तक 'मुक्त' नहीं हो सकेंगे, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ आक्रामक होकर चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। कुछ केस ऐसे भी संभव हैं कि उन्हें 2 साल या अधिक की सजा हो और वे चुनाव के अयोग्य ही करार दे दिए जाएं। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार को सामान्य अपराध नहीं मानते और सीबीआई को सत्य और न्याय का 'ब्रांड' मानते हैं, लिहाजा जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी ज्यादा मान रहे हैं। कांग्रेस, एनसीपी, तृणमूल, बीआरएस, द्रमुक, शिवसेना (उद्धव गुट) और 'आप' आदि विपक्षी दलों के नेता जेल में हैं या भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड के दौरान 124 नेता सीबीआई के शिकंजे में फंस चुके हैं। ईडी के भी हजारों मामले विचाराधीन हैं। जांच एजेंसियों ने 2014-22 के दौरान 1.10 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं, जबकि 2004-14 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में यह आंकड़ा 5346 करोड़ रुपए था। कई गुना का फासला है। स्पष्ट है कि जांच एजेंसियों ने ज्यादा छापे मारे हैं और ज्यादा संपत्तियां जब्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को खुलासा किया है कि करीब 2.25 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए गए हैं और लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसमें जन-धन खातों, आधार और मोबाइल का बहुत बड़ा योगदान है। सरकार ने 8 करोड़ से ज्यादा फर्जी लाभार्थियों के नाम सिस्टम से मिटा दिए हैं। यह भी भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई है। बेशक सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग को लेकर विपक्ष ने, मोदी सरकार के खिलाफ, एक सुनियोजित अभियान जारी रखा है, उसके बावजूद प्रधानमंत्री ने जांच एजेंसियों को 'हरी झंडी' दी है कि जांच और कार्रवाई ठंडी नहीं पडऩी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह आंकड़ा भी देश के सामने रखा कि कुछ भगोड़े अपराधियों की 20,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां कानूनन जब्त की जा चुकी हैं। अब अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री के इतने बड़े कदम से भ्रष्टाचार बहुत कुछ समाप्त होगा अथवा चुनावी तुरुप बनकर रह जाएगा? अगले चुनाव रोचक होने वाले हैं।

> भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा है। भ्रष्टाचार की कार्रवाई किसी भी बड़े व्यक्ति के खिलाफ हो, आपको उसे अंजाम देना है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह देश की इच्छा है और कानून तथा संविधान आपके साथ हैं। आपको डरना और हिचकिचाना नहीं है। ताकतवर लोग सालों-साल सत्ता में रहे हैं और सिस्टम का हिस्सा भी रहे हैं, आज भी कुछ राज्यों में वे सत्ता में हो सकते हैं, लिहाजा वे इस भ्रष्ट इकोसिस्टम के हिस्सा रहे हैं। अब यह सीबीआई की जिम्मेदारी है, क्योंकि उसमें जनता का विश्वास बढ़ा है। जांच एजेंसियों के नाम कई उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री के इस संबोधन और आह्वान से स्पष्ट है कि अभी सीबीआई, ईडी आदि के छापे बढ़ेंगे, संपत्तियां जब्त की जाएंगी और संभव है कि प्रधानमंत्री ने 2024 का आम चुनाव भ्रष्टाचार के प्रमुख मुद्दे पर लडऩा तय कर लिया है!

कुछ **अलग**

# कैग रिपोर्ट में शहरीकरण

हिमाचली शहरों के प्रबंधन पर आई कैग रिपोर्ट ने शहरी निकायों की वित्तीय कमजोरियों और प्रशासनिक दिक्कतों की ओर सचेत करते हुए सरकार से तुरंत सुधार की अपेक्षा की है। रिपोर्ट के हवाले से जो विश्लेषण सामने आया, उसके अनुसार न तो माकूल पद भरे गए और न ही आवश्यक बैठकों के जरिए नागरिकों का पक्ष ठीक से सामने आया है। लगभग सभी नगर निकाय सरकार से ही वित्त पोषण पर निर्भर हैं, फिर भी ऑडिट में लिए गए 14 निकायों का 32 करोड़ अभी बकाया है। विडंबना यह है कि अधिकांश निकाय वित्तीय अनुशासनहीनता में बुरी तरह डूबे हैं और इसका सबसे बड़ा प्रमाण शहरी संपत्तियों से होने वाली आय के प्रति दिखाई गई अगंभीरता है। वर्षों से ऐसी संपत्तियों पर बैठे प्रभावशाली लोग आज भी आय की संभावनाओं को कुंद कर रहे हैं। आश्चर्य यह कि नगर निकायों की संपत्तियों के आबंटन में हुई मिलीभगत में कई पार्षद भी शरीक रहे हैं। हिमाचल में शहरीकरण को या तो नजरअंदाज किया गया या इसे समझने के बजाय, राजनीतिक नफे नुकसान में देखा गया। ऐसे में शहरों की सीमा के बाहर शहर तो बढ़ गए, लेकिन इस दबाव को संबोधित करने की शक्तियां निकायों को नहीं मिलीं। आधी सदी गुजरने के बाद भी ग्राम एवं शहरी योजना कानून को केवल सजावटी बनाकर औपचारिकता ही पूरी की जा रही है, जबकि इसके तहत ही अगर शहरी क्षेत्रों की सुध ली गई होती तो आज स्थितियां इतनी विकराल न होतीं। टीसीपी कानून के तहत शहरी विकास योजनाएं केवल कागजों में ही बनीं, जबकि विकास के दायरे में हर शहर की सीमाएं बढ़ी हैं और चुनौतियां भी नागरिक सुविधाओं की शून्यता की ओर इशारा कर रही हैं। हिमाचल में नागरिक क्षमता व विकास की उत्कंठा ने पूरे प्रदेश को शहरी मानसिकता से भर दिया है, लेकिन सुविधा के बदले ऐसी कर प्रणाली नहीं बनी जो शहरीकरण के मायनों में वित्तीय प्रबंधन को बल देती। आश्चर्य यह भी कि शिमला के बाद चार अन्य नगर निगमों का गठन तो कर दिया, लेकिन इनके प्रारूप में न शहरी व्याख्या हुई और न ही शहरीकरण के समाधान दिखाई दिए। कमोबेश एक ही जैसी व्यवस्था में कहीं नगर पंचायत, कहीं नगर परिषद तो कहीं नगर निगमों का अस्तित्व घिसट रहा है। होना तो यह चाहिए था कि शहरों का वर्गीकरण करते हुए इन्हें आर्थिक विकास के एसईजेड की तरह पेश किया जाता। यहां जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ नागरिक समाज भी कम दोषी नहीं, क्योंकि हर कहीं बहस यह होती है कि शहरीकरण के दायरे में गांवों को अलग रखा जाए। जो नागरिक समाज चूल्हा कर देने को न नुकर कर रहा हो, उसे गांव से शहर की नियमावली में कैसे जवाबदेह बनाएंगे। हिमाचल के शहरों में सुविधाओं की चहलकदमी में वही विभाग देखे जा रहे हैं, तो योजनाओं के खाते में ताजगी कैसे आएगी। यदि पूरे प्रदेश को नगर नियोजन के दायरे में लाते हुए विकास के मॉडल को विभिन्न विकास प्राधिकरणों में बांट दिया जाए, तो गांव और शहरों की पहचान में नागरिक सुविधाओं का उत्थान व निर्माण की भविष्यगामी योजनाएं बन पाएंगी। हिमाचल में शहरी व ग्रामीण योजनाओं में साझापन तभी पैदा होगा यदि कम से कम आधा दर्जन विकास प्राधिकरण बनाए जाएं। इसके अलावा निर्माण की आचार संहिता तय करते हुए राज्य स्तरीय प्रारूप बनाना होगा ताकि सडक़ों के किनारे दृश्यावलियां, खेत व घाटियां बची रहें। शहरों के आसपास के गांवों में निर्माण की शर्तें अगर अमल में आएंगी, तो शहरी आर्थिकी के इर्द-गिर्द ही शहरों के प्रबंधन की मर्यादा व वित्तीय संसाधन विकसित होंगे। शहरीकरण के हिमाचली मायनों की अफरातफरी को सुधारते हुए निकायों को साहसिक फैसले लेने पड़ेंगे।

## भारत में युवाओं के बीच, नशा समाजशास्त्रीय संदर्भ मेंआदत बनाने वाला पदार्थ है जो शरीर पर प्रभाव डालता है

# नशे का बढ़ता प्रयोग चिंता का विषय

**प्रो. मनोज डोगरा**

> आज देखने और सुनने को मिलता है कि स्कूल और कॉलेजों में पढऩे वाले छात्र भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। यही नहीं कहीं-कहीं बड़े संस्थानों में तो लड़कियां भी इसकी चपेट से अछूती नहीं हैं जो समाज के लिए बहुत बड़ा कलंक है। स्कूल और कॉलेजों के बाहर मादक पदार्थों को बेचने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन फिर भी देखने को मिलता है कि इसके सौदागर चोरी छुपे स्कूल या कॉलेजों के बच्चों को इस्तेमाल करके इस नशे की खेप को संस्थान और हॉस्टल तक पहुंचा रहे हैं जो एक गंभीर समस्या उभर रही है। आज अगर हम आंकड़े देखते हैं, तो 17-20 वर्ष आयु वर्ग की शुरुआत में अधिकांश किशोरों को अनैतिक पदार्थ के दुरुपयोग या नशे की लत के लिए गंभीरता से आदी पाया गया है और ये ज्यादातर कॉलेज हैं।

**भारत** में नशे की लत युवाओं के बीच में इतनी बढ़ चुकी है जिसका अंदाजा आए दिन समाचार पत्रों में पढऩे को मिलता है कि युवाओं से नशीले पदार्थ पकड़े गए और कुछ नशे की लत के लिए पैसे न मिलने पर मां-बाप के ऊपर हमला कर दे रहे हैं जिसके कारण मां-बाप मृत्यु की आगोश में समाए जा रहे हैं और वे नशे से चूर होते जा रहे हैं। यह नशा समाज के प्रत्येक वर्ग को खोखला कर रहा है, लेकिन अकेली सरकारें कुछ नहीं कर सकती हैं। जब तक जन सहयोग समाज में नहीं मिलता है, तब तक समाज नशामुक्त नहीं हो सकता है। नशे के सौदागरों को समाज और पुलिस मिलकर समाप्त कर सकती है। जब तक समाज के बुद्धिजीवी लोग पुलिस और प्रशासन का सहयोग नहीं देंगे तब तक यह नशा बढ़ता ही रहेगा। आज देखने और सुनने को मिलता है कि स्कूल और कॉलेजों में पढऩे वाले छात्र भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। यही नहीं कहीं-कहीं बड़े संस्थानों में तो लड़कियां भी इसकी चपेट से अछूती नहीं हैं जो समाज के लिए बहुत बड़ा कलंक है। स्कूल और कॉलेजों के बाहर मादक पदार्थों को बेचने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन फिर भी देखने को मिलता है कि इसके सौदागर चोरी छुपे स्कूल या कॉलेजों के बच्चों को इस्तेमाल करके इस नशे की खेप को संस्थान और हॉस्टल तक पहुंचा रहे हैं जो एक गंभीर समस्या उभर रही है। नशे की लत एक ऐसी गंभीर और विनाशकारी समस्या है जिसने हमारे देश की युवा पीढ़ी को कठोर रूप से फंसा लिया है। आज अगर हम आंकड़े देखते हैं, तो 17-20 वर्ष आयु वर्ग की शुरुआत में अधिकांश किशोरों को अनैतिक पदार्थ के दुरुपयोग या नशे की लत के लिए गंभीरता से आदी पाया गया है और ये ज्यादातर कॉलेज हैं। यहां तक कि स्कूल जा रहे बच्चे भी इसमें शामिल हैं। यहां तक कि गरीब बच्चे भी नशीली दवाओं के दुरुपयोग या व्यसन में शामिल हुए हैं। इसे भारत सरकार के सामने एक खतरनाक मुद्दे के रूप में सामने रखा गया है क्योंकि युवा पीढ़ी देश के भविष्य के लिए संभावित शक्ति है और यदि उनके वर्तमान जीवन इस तरह के व्यसनों के तहत डूब गए हैं तो देश का भविष्य निश्चित रूप से अंधेरे में बदल जाएगा। यह वास्तव में भारतीय समाज के लिए भी एक गंभीर मामला है और इस मामले को समाज के लोगों के सामूहिक प्रयासों के साथ हल किया जाना चाहिए। समाज का वर्तमान परिदृश्य पहले के



मुकाबले पूरी तरह से बदल गया है। अब शहरी क्षेत्रों में परिवार एकल हो रहे हैं। माता-पिता दोनों कामकाजी हैं। इसलिए वे अपने बच्चों को गुणात्मक समय नहीं दे पा रहे हैं। नैतिक मूल्यों का महत्व और विश्वास परिवारों में भी कम हो गया है। बड़ों की उपेक्षा हो रही है। बच्चे ज्यादातर समय अपने घरों से बाहर किसी को साझा करने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए देखते हैं और यह भी कभी-कभी उन्हें गलत साथियों के समूह में शामिल करने के लिए प्रेरित करता है। परिवार के सदस्यों के बीच संचार, बातचीत, समझ धीरे-धीरे कम हो रही है और आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने भी छात्रों पर बहुत दबाव डाला है। गरीब परिवारों में अत्यधिक गरीबी के कारण माता-पिता और बच्चे सभी आजीविका के लिए कमाने में लगे हुए हैं। शिक्षा प्राप्त करने के लिए पैसा और समय नहीं है और इस प्रकार अशिक्षा अनैतिक कार्यों और दोस्तों की बुरी संगत में शामिल होती है। ऐसी परिस्थितियों में युवा वास्तव में अलग-थलग महसूस करते हैं। वे अपनी बुद्धि खो देते हैं और अपनी चिंताओं, तनावों और अवसाद से छुटकारा पाना चाहते हैं जो अंततः उन्हें ड्रग्स या मादक द्रव्यों के सेवन का रास्ता दिखाता है। उनका मानना है कि ड्रग्स लेने से वे सभी तनावों और दबावों को भूल जाते हैं और उन्हें स्वतंत्र और किसी भी उथल-पुथल से रहित महसूस कराते हैं। वे अपने व्यावहारिक जीवन के कारण किसी भी तनाव को सहन करने के बजाय ड्रग्स के कारण होने वाली सुन्नता में बेहतर महसूस करते हैं। प्रारंभिक अवस्था में किसी को यह एहसास नहीं हो सकता है कि नशीली दवाओं का उपयोग कब एक लत में बदल सकता है और जिस क्षण यह एक लत बन जाती है, बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए माता-पिता, बड़ों और दोस्तों को हमेशा सावधान और सतर्क रहना चाहिए। शायद सबसे गंभीर चिंता 14-15 वर्ष की आयु के युवाओं की भागीदारी है। रिपोर्ट कहती है कि मादक द्रव्यों के सेवन रोकने तथा विकारों के इलाज के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की क्षमता पूरी तरह से अपर्याप्त है। रिपोर्ट स्थापित करती है कि शराब सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला साइकोएक्टिव पदार्थ है। इसके बाद भांग और ओपिओइड हैं। भांग के सर्वाधिक प्रचलन वाले राज्य उत्तर प्रदेश, पंजाब, सिक्किम, छत्तीसगढ़ हैं। दस अन्य चिकित्सा संस्थानों और 15 एनजीओ के नेटवर्क के सहयोग से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया गया था। भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल 13 प्रतिशत से अधिक लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं, जो किशोरों को लक्षित करने वाले सामुदायिक हस्तक्षेप और निवारक तंत्र को आगे बढ़ाने की आवश्यकता का सुझाव देते हैं। नशीली दवाओं और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने कहा है कि कई बच्चों को अपने खराब मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के कारण नशीली दवाओं और शराब के दुरुपयोग का खतरा बढ़ जाता है, जो स्वयं हिंसा, शोषण और यौन शोषण का परिणाम है। भारतीय निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि सख्त दवा नियंत्रण कानूनों के अस्तित्व और दवा आपूर्ति नियंत्रण की दिशा में काम करने वाली एजेंसियों की एक बड़ी संख्या के बावजूद अवैध दवाओं की एक विस्तृत विविधता प्रचलन में है। नशीले पदार्थों की लत वाले 10 में से नौ लोग 18 साल की उम्र से पहले पदार्थों का उपयोग करना शुरू कर देते हैं। अपनी 2021-25 की रणनीति में, एक संस्थान ने अपनी तीन क्रॉस-कटिंग प्रतिबद्धताओं में से एक के रूप में युवाओं और बच्चों की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग करने को परिभाषित किया है। अवैध ड्रग एब्यूजर्स के जोखिम कारकों में ड्रग एब्यूज व्यक्तित्व लक्षणों के लिए जैविक पूर्व-प्रवृत्ति हो सकती है जो सामाजिक बंधन की कमी, परिवार की निम्न स्थिति, पारिवारिक संबंध, माता-पिता की देखभाल, उपेक्षित दोषपूर्ण भावनात्मक और मानसिक समस्याओं, तनाव और अन्य समस्याओं को दर्शाती है। दुनिया में और विशेष रूप से भारत जैसे देश में युवाओं के बीच, समाजशास्त्रीय संदर्भ में नशा आदत बनाने वाला पदार्थ है जो सीधे मानव शरीर पर प्रभाव डालता है।

# खनिज की खातिर खत्म होती खेती

> पिछले दिनों जब ईसीएल खनन का अपना क्षेत्र बढ़ा रही थी और तलझारी गाँव की सीमा के पास पहुँच गई थी, उसी समय संथाल समुदाय के हजारों आदिवासी अपने परंपरागत हथियारों के साथ वहां पहुँच गए और अपनी जमीनों पर जबरदस्ती खनन का विरोध किया। गाँव वालों का कहना था कि हम 'जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे।' आदिवासी समाज के लोगों का कहना था कि 'हमें मत उजाड़ो, हमारी जमीनें चली जायेंगी तो हम जीते जी मर जायेंगे। यहां खदान से कोई फायदा नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण और प्रकृति का नुकसान कर रही है इसके साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और आजीविका भी संकट में है।' इसके बावजूद प्रशासन ईसीएल के लिए जबरदस्ती जमीन अधिग्रहीत करने की जोर-आजमाइश करता हुआ कंपनी के एजेंट के रूप में खिदा। जब आदिवासी पुरुष थक गए तो आदिवासी महिलाओं ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव ने हिंसक रूप ले लिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन और टीयर गैस का इस्तेमाल किया गया। इस संघर्ष में महगामा के एसडीओपी सहित सुरक्षा बलों के पांच जवान और लगभग एक दर्जन ग्रामीण घायल हुए तथा एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया।

**खनन** के लिए यदि पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में जमीनें ली जायेंगी, तो सबसे पहले ग्रामसभा की मंजूरी जरूरी है, अन्यथा यह गैर-कानूनी हो जायेगा। संविधान की पांचवीं अनुसूची और छठवीं अनुसूची ने आदिवासियों को उन इलाकों की सारी भूमि का मालिक बनाया है। संथाल परगना टेनेंसी एक्ट के अनुसार इस इलाके की जमीन को न तो बेचा जा सकता है और न ही इसका हस्तांतरण किया जा सकता है, चाहे वह आदिवासियों की जमीन हो या गैर-आदिवासियों की, लेकिन विकास का मॉडल दूसरे की जमीन छीनकर ही बनता है। झारखंड में ढेर सारी कोयला खदानें हैं, लेकिन वे आदिवासियों के लिए अभिशाप हैं। गोड्डा जिला में कोयला निकालने के लिए राजमहल परियोजना के अंतर्गत ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) लगातार कई गांवों को विस्थापित कर रही है। गोड्डा जिला के लालमटिया प्रखंड के कई गांव देखते ही देखते नक्शे से गायब होकर विकास की भेंट चढ़ गए हैं। पहले कुछ गाँवों को लालच देकर और बाद में कई गाँवों को जबरदस्ती, दमन करके विस्थापित किया गया और खदान बनाकर कोयला निकाला गया। बसडीहा, लोहन्डिया, डकैटा सहित कई गाँव आज हैं ही नहीं या फिर थोड़ा बहुत बचे हैं जो कुछ दिनों में खत्म हो जायेंगे। इसी क्रम में तालझारी गाँव भी है जहाँ आदिवासी समुदाय के संथाल जनजाति के लोग बहुसंख्यक हैं। बेहद शांत और पहाड़ी के किनारे बसे इस गाँव में बहुफसली खेती होती है, लेकिन आज यह गाँव अपने अस्तित्व के लिए सरकारी तंत्र से लड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि झारखंड के खतियानी लोगों का यह गाँव गैर-कानूनी तरीके से बसा है। सभी के पास जमीनों के दस्तावेज हैं जो कानूनन वैध भी हैं, लेकिन फिर भी इसे जबरदस्ती खनन के नाम पर विस्थापित करने के लिए गोड्डा का जिला प्रशासन हर हथकंडा अख्तियार कर रहा है। पिछले दिनों जब ईसीएल खनन का अपना क्षेत्र बढ़ा रही थी और तलझारी गाँव की सीमा के पास पहुँच गई थी, उसी समय संथाल समुदाय के हजारों आदिवासी अपने परंपरागत हथियारों के साथ वहां पहुँच गए और अपनी जमीनों पर जबरदस्ती खनन का विरोध किया। गाँव वालों का कहना था कि हम 'जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे।' आदिवासी समाज के लोगों का कहना था कि 'हमें मत उजाड़ो, हमारी जमीनें चली जायेंगी तो हम जीते जी मर जायेंगे। यहां खदान से कोई फायदा नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण और प्रकृति का नुकसान कर रही है। इसके साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और आजीविका भी संकट में है।' इसके बावजूद प्रशासन ईसीएल के लिए जबरदस्ती जमीन अधिग्रहीत करने की जोर-आजमाइश करता हुआ कंपनी के एजेंट के रूप में दिखा। जब आदिवासी पुरुष थक गए तो आदिवासी महिलाओं ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव ने हिंसक रूप ले लिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन और टीयर गैस का इस्तेमाल किया गया। इस संघर्ष में महगामा के एसडीओपी सहित सुरक्षा बलों के पांच जवान और लगभग एक दर्जन ग्रामीण घायल हुए तथा एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया। संघर्ष, तनाव और ग्रामीणों की नारेबाजी के बीच ईसीएल के अफसरों ने तालझारी गांव में अधिग्रहित जमीन पर बुलडोजर और जेसीबी की मदद से सीमांकन और समतलीकरण शुरू करा दिया। इस क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ईसीएल ने अपनी राजमहल कोल परियोजना के विस्तार के लिए बीते पांच सालों में बोआरीजार प्रखंड के तालझारी गांव की 125 एकड़ जमीन अधिग्रहित की है। वर्ष 2018 से ही वहां ईसीएल की ओर से खदान विस्तार की प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन तालझारी के रैयतों सहित आसपास के गांवों ने कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में पांचवीं अनुसूची के अनुसार कोई भी कार्य बिना ग्रामसभा की सहमति के शुरू नहीं किया जा सकता। वर्ष 2018 में तालझारी गाँव के ग्रामीणों ने ग्रामसभा के माध्यम से निश्चय किया था कि गाँव और गाँव की बाकी जमीनों को किसी भी हाल में कोयला खनन के लिए ईसीएल को नहीं दिया जायेगा। फिर भी जबरदस्ती कई प्रयास किये गए कि जमीन हथिया ली जाए, लेकिन यह नहीं हो सका। ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ईसीएल प्रबंधन ने पूर्व में लोगों को ठगने का काम किया है जिसका नतीजा है कि पूर्व में हुए विस्थापित लोगों में कइयों को आज तक मुआवजा, नौकरी और पुनर्वास नहीं मिला है। वहीं रैयतों की जो जमीन ली गयी है, वह ग्रामसभा की सहमति की बजाय कुछ लोगों को प्रबंधन द्वारा अपने पक्ष में करके ली गई है। ऐसे में, बगैर ग्रामसभा के भूमि-अधिग्रहण को वे नहीं मानते। आज से करीब सात-आठ साल पहले गोड्डा में अड्डानी कंपनी का प्रवेश हुआ था। परसपानी गाँव में पॉवर प्लांट लगना था, वो भी बंजर जमीन पर, लेकिन राजनीति के कारण वहाँ जमीन अधिग्रहण नहीं हो पाया। बाद में मोतिया गाँव के लोगों ने अडानी का स्वागत किया, हालांकि कुछ लोगों द्वारा विरोध भी हुआ। इस विरोध में शामिल कुछ लोगों का जमीन से मोह था, तो कुछ राजनीति से प्रेरित थे। उस समय केंद्र में भाजपा सरकार चला रही थी, तो राज्य में भी रघुवरदास की भाजपा सरकार थी। आदिवासियों की कुछ एकड़ जमीन लेने के लिए सरकार को नाकों चने चबाना पड़े और खबर बहुत दूर तक गयी, लेकिन राजनीति का ये भी एक रंग था। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी, जो आदिवासियों की हिमायती होने का दंभ भरती है, मोतिया आकर पीड़ित परिवारों का दर्द जानने का प्रयास नहीं किया। गोड्डा जिले की राजमहल परियोजना ईसीएल के लिए जमीन अधिग्रहण फिर से किया जा रहा है, लेकिन इस बार कोई राजनीतिक दल उनके साथ नहीं है। ग्रामीण पूर्व में भी ठगे जा चुके हैं, इसीलिए इस बार जमीन देने का विरोध करने को उतारू हैं, लेकिन परियोजना को जमीन चाहिए, वरना ईसीएल का काम बाधित हो जाएगा। केंद्र सरकार और कोल इंडिया मजबूर हैं, क्योंकि इसी खदान के कोयले से दो-दो विद्युत परियोजनाओं को कोयला दिया जा रहा है। आजकल केंद्र में भाजपा है और राज्य में महागठबंधन की सरकार, लेकिन आदिवासियों की आवाज किन्हीं के कानों तक नहीं जा रही। जिस क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण करने के लिए झारखंड पुलिस ग्रामीणों पर बल प्रयोग कर रही है, वहाँ के विधायक लोबिन हेम्ब्रम हैं। सरकार पर हमेशा तल्ख टिप्पणी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते, लेकिन इस मुद्दे पर मौन हैं।



देश **दुनीया से**

# प्रकाश की गौरवगाथा है ब्रह्माण्ड

**तैत्तिरीय** उपनिषद में लिखा हैः यह ब्रह्मांड, वास्तव में, प्रारम्भ में कुछ भी नहीं था। न स्वर्ग था, न पृथ्वी, न वातावरण। यह जीव, जो पूरी तरह से गैर-अस्तित्व था, ने एक इच्छा की कल्पना कीः 'मैं हो सकता हूं।' ब्रह्मांड, वास्तव में, ल्यूमेनोस्फीयर या फोटोस्फीयर है, अर्थात प्रकाश का घर, या प्रकाशालय। करोड़ों (संभवतः अरबों) आकाशगंगाओं में प्रत्येक में अरबों सितारे हैं, सभी अनंत सीमाओं में अपने प्रकाश को उड़ेलते-उलीचते-बिखेरते। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता का रौचकताओं से भरा एक 'उत्पाद' है। प्रकाश परिमित सीमाओं में नहीं रह सकता। इसलिए, उसने अपने लिए विराटतम घर बनायाः असीमित सीमाओं वाला ब्रह्माण्ड। पृथ्वी ग्रह सौर परिवार का अब तक ज्ञात एकमात्र जीवित सदस्य है जो पूरे परिवार के संतुलन में योगदान देता है। यह प्रकाश ही है जो पूरे सौर परिवार को एकजुट और एकीकृत रखता है। सौरमंडल में अपने मूल स्रोत सूर्य से उत्सर्जित होकर प्रकाश अपनी रचनात्मक यात्रा करता है और ब्रह्मांड को विकासवादी पथ पर स्थापित करने के लिए वह सब करता है जो उसे करने की आवश्यकता होती है। इसे जो कुछ भी करना पसंद है और जो कुछ भी करना है, यह सब इसकी विकासोन्मुख रचनात्मकता का एक गुण है। प्रकाश कभी स्थिर नहीं होता, कभी सुस्त नहीं होता, कभी निष्क्रिय नहीं होता, कभी धीमा नहीं होता, कभी विश्राम में नहीं होता। यह अनवरत क्रियाशील रहता है। यह सबसे तेज गति से यात्रा करता है। प्रकाश से तेज गति से कोई यात्रा नहीं कर सकता। यह सदैव क्रियाशील रहता है। यह सदैव सृजनात्मक रहता है। प्रकाश से अधिक गतिशील कुछ भी नहीं हो सकता। प्रकाश अंतरिक्ष में तरंगों के रूप में यात्रा करता है। लेकिन जब यह किसी ग्रह से टकराता है, तो यह अपने फोटोन कणों के माध्यम से क्रिया करके अपना व्यवहार बदल देता है। फोटॉन अपनी ऊर्जा को पदार्थ में स्थानांतरित करते हैं। प्रकाश की ऊर्जा से आवेशित पदार्थ में परिवर्तन होता है। कोई भी कुछ भी प्रकाश से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। प्रकाश के संपर्क में आने पर कुछ भी शांत, निष्क्रिय और अपरिवर्तित नहीं रह सकता। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता के लिए एक घर प्रदान करता है। प्रकाश अपने घर को अपनी ऊर्जा से भर देता है और उसे एक करिश्माई क्रम में संचालित रखता है जो एक आश्चर्यजनक संतुलन प्रदान करता है। संपूर्ण ब्रह्माण्ड प्रकाश द्वारा प्रलोभित है। ब्रह्मांड में प्रकाश ही सबकुछ रचता है। ब्रह्मांड का नियम कहता है कि कुछ भी अपरिवर्तित नहीं रहना चाहिए। ब्रह्मांड के लिए जो प्रकाश से आवेशित है, गतिशील रहता है। यह विकासोन्मुखी (ऐवोलुशनरी) होता है। इस परिवर्तन में एक लय होती है, एक क्रम होता है, एक संगीतात्मकता होती है। सब कुछ स्वयं को नवीनीकृत करता है, क्योंकि नवीनीकरण ब्रह्मांड का एक विधान है। नवीकरणीयता ब्रह्मांड के नियमों में से एक है, क्योंकि ब्रह्मांड प्रकाशालय है। प्रकाश से दमकता ब्रह्मांड निरंतर अपनी रचनात्मक यात्रा करता रहता है और ब्रह्मांड में सब कुछ – इसके आकाशीय पिंडों, ग्रहों, चंद्रमाओं और उल्कापिंडों में सबकुछ – अनिवार्य रूप से रहस्यभरी रचनात्मकता की इस यात्रा में भाग लेता है। सार्वभौमिक रचनात्मकता की अपनी भव्य यात्रा में प्रकाश ने ब्रह्मांडीय पदार्थ को जीवन-प्रक्रियाओं में रूपांतरित कर जैवमंडल का निर्माण किया। जैवमंडल में प्रकाश की असाधारण भूमिका होती है। प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से यह जीवन चक्र रचता है और जीव-धाराओं में प्रवाहित होता है। यह विशाल, अथाह और अद्भुत जैव विविधता बनाता है। यह अपनी रचनात्मकता के सभी रंगों को सभी जीवित प्रजातियों में, उनकी रज में, विविध परिदृश्यों में फैले विविध पारिस्थितिक तंत्रों में, जल में, भूमि पर, मिट्टी में और वातावरण में फैलाता है।

> प्रकाश परिमित सीमाओं में नहीं रह सकता। इसलिए, उसने अपने लिए विराटतम घर बनाया : असीमित सीमाओं वाला ब्रह्माण्ड। पृथ्वी ग्रह सौर परिवार का अब तक ज्ञात एकमात्र जीवित सदस्य है जो पूरे परिवार के संतुलन में योगदान देता है। यह प्रकाश ही है जो पूरे सौर परिवार को एकजुट और एकीकृत रखता है। सौरमंडल में अपने मूल स्रोत सूर्य से उत्सर्जित होकर प्रकाश अपनी रचनात्मक यात्रा करता है और ब्रह्मांड को विकासवादी पथ पर स्थापित करने के लिए वह सब करता है जो उसे करने की आवश्यकता होती है। इसे जो कुछ भी करना पसंद है और जो कुछ भी करना है, यह सब इसकी विकासोन्मुख रचनात्मकता का एक गुण है। प्रकाश कभी स्थिर नहीं होता, कभी सुस्त नहीं होता, कभी निष्क्रिय नहीं होता, कभी धीमा नहीं होता, कभी विश्राम में नहीं होता।

नागरिक बोध

# यूपी के निकाय चुनाव में मतदाताओं को बसपा सुप्रीमो मायावती रिझाने की बनाई रणनीति

**डेढ़** दशक से राजनीति से दूर बसपा सुप्रीमो इस बार निकाय चुनाव में फूंक फूंक के कदम रख रही है। हाथी की मस्त चाल में मतदाता आगे निकल कर हाथी को पीछे छोड़ दिया। इस बार सभी दल अपने अपने मतदाताओं से मुखर हो रहे है। दलितों को मुट्ठी में समझने वाली मायावती की झोली कई वर्षों से खाली हो गई है। दलितों को बेहतरी और बराबरी का सपना दिखाने वाली मायावती मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने वाली माया का मंसूबा प्रधानमंत्री बनने का था। मायावती का सपना पूरा नही हुआ।लेकिन तब विधानसभा चुनाव में अस्तित्व बचाने की चुनौती थी। हालांकि अब निकाय चुनाव में मायावती ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। 2024 के पहले मायावती को दलित पिछड़ा और मुस्लिम वोट जोड़ने का है। कांशीराम को इस बार याद किया गया है। मायावती की हार की बौखलाहट हर समय ईवीएम की तरफ रहती है।इस बार निकाय चुनाव में कौन पार्टी किस तरह का प्रदर्शन करती है। यह समय की मांग है। लेकिन मायावती की हार के बाद अनर्गल बयानबाजी रहती ही है। मायावती को इस बार निकाय चुनाव में दलितों,पिछड़ा और मुस्लिम वोटरों को रिझाने निकली है। तीन दशक पूर्व मायावती जिन मुद्दों, नारो, रणनीति सामाजिक समीकरण और नेता के सहारे संसदीय राजनीति में उतरी थी। तीन दशक बाद भी उसी के सहारे खड़ी है। जबकि सच्चाई यह है कि तीन दशक से ज्यादा समय होने के बाद राजनीति और समाज मे ढेर सारे परिवर्तन हो चुके है। जिन दलितों और पिछड़ा वर्ग की बात की जा रही है इन दलों में भी शैक्षणिक और आर्थिक प्रगति हुई है। लेकिन मायावती ने अपनी रणनीति में कोई ठोस बदलाव नही किया है।वो उसी ढर्रे से चल रही है। जो बदलाव किए वो महज सत्ता पाने के लिए किए गए । पार्टी और संगठन के आंतरिक ढांचे में उन परिवर्तनों का कोई खास असर नही पड़ा।

# चुंआड़ी खोद कर दूषित पानी पी रहे ग्रामीण, प्रशासन बेखबर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत के चिरो पाठ गांव के लोग अभी भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। 2 किलोमीटर दूर से लाते है खेत के रास्ते पानी। सरकार लाख रुपया खर्चा कर लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने की कार्य कर रही है पर अभी भी कुछ गांव के लोग दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। सड़क की दुर्दशा, पेयजल की खोर समस्या से जूझते इन की जीवन लीला समाप्त होती जा रही है, जहां एक तरफ सरकार पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में लाखों रुपया खर्चा करती है। चीरो पाठ के ढोढां टिह एवम् बांस टिह के कुल 50 घर अभी भी चुंआडी से पानी पीते है। वहीं गांव में लगाए गए जल मीनार खराब पड़ी हुए है। इस तरफ ना किसी जन प्रतिनिधि की ध्यान है और ना पेयजल आपूर्ति विभाग ध्यान नहीं है। और इसी तरह वहां की ग्रामीण दूषित पानी पीते रहे तो एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हो सकते है। वार्ड सदस्य ज्योति नागेसिया एवम् ग्राम प्रधान गुंद्रू नागेसिया एवम् दर्जनों ग्रामीण ने बताया कि गांव के लोग को कभी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ।मुखिया का ध्यान नहीं है। अप्रैल महीना में सबसे ज्यादा पानी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी क्यों गरमी के कारण चुंआडी सूखने की कागर में हो गई है। वहां के लोग काफी चिंतित है। वहीं ग्रामीण में पेयजल आपूर्ति विभाग से जल मीनार एवम् खराब पड़े जल मीनार की मरम्मत की मांग किय है।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर राजकीय शोक सरकारी कार्यालयों में काम काज ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो के निधन से जिला भर में शोक की लहर है। झारखंड सरकार ने मंत्री के निधन पर दो दिन 6 एवं 7 अप्रैल का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान राज्य सरकार के सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा किसी प्रकार का राजकीय समारोह आदि आयोजित नहीं किया जाएगा राज्य सरकार की ओर से राजकीय शोक की घोषणा की गई। जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया। साथ ही कार्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया। एवं विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं कार्यालयों में शोक सभा का आयोजन किया गया एवं 2मिनट के मौन धर्म रखकर भगवान से आत्मा कि शांति के लिए प्रार्थना किए। तथा सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं कार्यालयों बन्द दिखे।

## स्कुटिव और साइकिल के टक्कर में तीन घायल एक रेफर

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के लिपदा राजू सिंह के होटल समीप स्कुटिव और साइकिल के टक्कर में तिन घायल हो गए। तीनों घायलों में पुंडरा गाँव निवासी पीना पांडेय, हुरनाली गाँव निवासी पुनीत तुरी, रेखा देवी दोनों पति पत्नी का नाम शामिल हैं।तीनो घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 वाहन के माध्यम से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पीना पांडेय और रेखा देवी को सर में गम्भीर चोटें होने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गया है।जानकारी के अनुशार स्कुटिव पर सवार होकर साप्ताहिक हाट से पुनीत तुरी और रेखा देवी अपने घर हुरनाली जा रहे थे। लिपदा राजू सिंह के होटल के करीब पहुंचते हीं पीना पांडेय के साइकिल में टक्कर हो गई। जिससे तीनों घायल हो गए। बता दें कि प्रत्येक गुरूवार को लगने वाला सिमरिया साप्ताहिक हाट में सड़क दुर्घटना का शिकार होना तय है। जिसका मुख्य कारण है कि हाटों में शराब का बिक्री होना। लोग शराब अत्यधिक मात्रा में सेवन करते हैं और चाहे साइकिल हो या मोटरसाकिल टक्कर होना तय है। प्रत्येक साप्ताहिक हाट के दिनों में चार छह दुर्घटना लाजमी है।

## मारपीट के मामले में भुक्तभोगी ने एसडीपीओ से आवेदन देकर लगाया न्याय का गुहार



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बन्हे गाँव निवासी एनामुल हक पिता स्व सुलेमान मियाँ ने बन्हे गाँव निवासी मो. अमीरुल्लाह पिता स्व. इस्माइल मियाँ के विरुद्ध मारपीट को लेकर एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी को कानूनी कार्रवाई एवं न्याय के लिए गुहार लगाया है। लिखित आवेदन में भुक्तभोगी एनामुल ने कहा है कि 31 मार्च को शाम सब्जी लेकर बन्हे अपने घर जा रहा था। इसी बीच वली हकीम से बगरा रोड़ में बात चित कर रहा था। इसी बीच अचानक मो. अमीरुल्लाह ने मेरे करीब पहुंच के गाली गलौज करते हुए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मेरा दाहनी हाथ पकड़ कर पीछे की ओर मोड़ दिया और जमीन पर पटक कर लात मुक्का से मारने लगा। आगे कहा कि मैं गरीब व्यक्ति हूँ रिक्शा चला अपना जीवन गुजार रहा हूँ। उक्त व्यक्ति दबंग है हमें कभी भी जान से मार सकता है। उक्त व्यक्ति पर जांचों उपरांत कानूनी कार्रवाई करते हुए मेरा जान का सुरक्षा किया जाय। जानकारी के अनुशार आपको बता दूँ की दोनों लोगों के बीच बहुत दिनों से जमीनी विवाद चलता आ रहा है। वहीं इस तरह की घटना कई बार उक्त व्यक्ति द्वारा किया जा चुका है।

## अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आजसू ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सामाहरनालय परिसर में गुरुवार को अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आजसू ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन। आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व में एक जन आक्रोश रैली निकाली गई जो बाजार टांड़ से होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची एवं वहां यह रैली धरना के रूप में तब्दील हो गई। रैली का मुख्य उद्देश्य अंचलों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता का आक्रोश था।सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि अंचलों में कोई भी कार्य बिना दलाली के नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता काफी त्रस्त हैं। साथ ही साथ बिचौलियों की मनमानी कुछ इस तरह बढ़ गई है, कि कोई भी रैयत बिचौलियों के पैसा दिए वगैर अपना काम अंचल से नहीं करवा सकता है। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पांडे ने कहा कि यह निकम्मी सरकार जल, जंगल, जमीन बचाने के नाम पर झारखंड की भोली भाली जनता को ठगकर सरकार बनाई है। इस सरकार में अंचल अधिकारियों का इतना मनोबल बढ़ गया है, कि वे सीधे तौर पर रजिस्टर टू जैसे दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा कि आने वाले चुनाव में इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा लक्ष्य होगा। साथ ही साथ अंचल में हो रहे गड़बड़ी को भी उजागर किया सभी वक्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी एवं एक ज्ञापन उपायुक्त के नाम एसडीएम शेखर कुमार को दिया गया मौके पर सद्दाम अंसारी, बिट्टू दास, राहुल दुबे, सोनू कुमार, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, नीमा देवी, अमर उरांव, राजा दुबे, रूपेश उरांव, लक्ष्मण प्रसाद, संकर उरांव, उमेश ठाकुर, ताज मोहमद, अजीत लोहारा, अमित तुरी, पंकज जयसवाल, मुन्ना उरांव, पन्ना देवी, सुशील उरांव, सुनील उरांव, प्रतिभा देवी, संगीता देवी, सबिता देवी, रीमा देवी, समेत सैकड़ों आम जनता मौजूद थे।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर नेतरहाट विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला के महुआडाड प्रखण्ड अंतर्गत नेतरहाट शिक्षक,/कर्मियों, व विद्यार्थीयों ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार, स्व. जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में प्राचार्य डाँ संतोष कुमार सिंह के निर्देश अनुसार प्रभारी प्राचार्य प्रसाद पासवान नेतृत्व मे शोक सभा का आजोजन किया गया। जिसमें नेतरहाट विद्यालय के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों व छात्रों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी। पदाधिकारियों/कर्मियों व छात्रों के द्वारा परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।वही शोक सभा में उपस्थित लोगों को शिक्षक रवि प्रकाश ने दवगंत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का नेतरहाट आवासीय विद्यालय भ्रमण के कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेतरहाट विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहें थे कि नेतरहाट विद्यालय की तरह झारखंड में सभी जिलों में खोले जाने कि आवश्यकता है प्रभारी प्राचार्य प्रसाद पासवान ने शोक संदेश में देवगंत आत्मा की शान्ति के कामना कर उनके परिवार को दुख सहने कि क्षमता मिलें शोक सभा के बाद मंत्रीजी के सम्मान में विद्यालय के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर प्रखंड कार्यालय में मनाया शोक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही दुख की इस घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। मौके पर उपस्थित प्रखंड के सभी कर्मी जेएसएलपीएस के सभी कर्मी ग्रामीण जनता एवं दर्जनों लोग शामिल थे।

## द क्रिसेंट स्कूल ने शिक्षा मंत्री के निधन पर मनाया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर स्थित रेलवे स्टेशन रोड में द क्रिसेंट स्कूल के प्रांगण में राज्य के शिक्षा मंत्री, जगरनाथ महतो के निधन के पश्चात शोक सभा का आयोजन किया गया। समस्त छात्रों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उनकी आत्मा की शांति के लिए 2मिनट का मौन रखा। मौके पर विधालय प्रबंधक सालेहा तरन्नुम समेत विधालय के शिक्षक/शिक्षिका उपेन्द्र प्र.सिन्हा, पूजा कुमारी, निर्मला फुर्ती, श्रुति कुमारी, विकास कुजूर, सुनिता देवी, सुधा लकड़ा, रिया गुप्ता, उपस्थित थे।

## एफसीआई गोदाम निर्माण कार्य में बरती जा रही वित्तीय अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड परिसर में एक हजार मैट्रिक टन की क्षमता वाले गोदाम निर्माण कार्य शुरुआती दौर से ही वित्तीय अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में संवेदक को चेतावनी देने के बावजूद उनके द्वारा लापरवाही के साथ घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जहां निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने काफी नाराज़गी जताई और कहा कि लगभग सावा करोड़ रुपए की लागत से गोदाम निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, सिमेंटेड ईंट के साथ बीच में तीन नम्बर का घटिया ईंट से दीवार की जोड़ाई की जा रही है। वहीं गोदाम भरावट मिट्टी से किया जा रहा है जबकि वह बालू से करना चाहिए था। इसके अलावा मिट्टी युक्त बालू से ईंट की जोड़ाई की जा रही है। उन्होंने इस संबंध में सांसद सुनील सिंह से शिकायत करने की बात कही है और जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से जांच की मांग की है।

## बारियातू में बीएलओ को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार नवनियुक्त बीएलओ व पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण मे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में नवनियुक्त बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को मास्टर ट्रेनर कुशध्वज कुमार व आलोक कुमार दुबे ने उक्त सभी को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण मे मतदाता सूची मे शुद्धिकरण करने के लिए फॉर्म 6 मे नाम जोड़ने, फॉर्म एक से नाम सुधार सहित फोटो नाम पता सुधारने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। उपस्थित सभी बीएलओ ने अपने अपने मोबाइल से गाड़ूरा ऐप के माध्यम से प्रेटिकल भी किया। प्रशिक्षण के दौरान झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की निधन की बात सुनकर सभी आश्चर्य चकित रह गए और शोक व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण से छुट्टी कर दी गई.मौके पर पर्यवेक्षक विमला कुमारी, मधुबाला देवी, सविता देवी, सुषमा देवी, अनीता देवी आदि सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवम् बीएलओ उपस्थित रहे।

## 31 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में घायल बच्ची का ईलाज के दौरान मौत, गांव में मातम

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत 31 मार्च के रात्रि सड़क दुर्घटना में कोई घायल लड़की कटघरा सियारी गांव निवासी सोनू कुमार दांगी की 15 वर्षीय पुत्री रिशु कुमारी की मौत बुधवार को इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी।मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया। बताते चलें कि बीते शुक्रवार की रात सलीमपुर मोड़ के समीप तेज बोलोनो अनियंत्रित हो कर महुआ पेंड में जोरदार टक्कर मार दिया था। जिसमें 7 लोग घायल हो गए थे। एक व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान कुछ ही पल बाद हो गया था। कार दुर्घटना में किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसका इलाज के दौरान बुधवार को रिम्स हॉस्पिटल रांची में मौत हो गयी।बच्ची का शव एम्बुलेंस के माध्यम से रात्रि लगभग 9:00 बजे गांव लाया गया। एवं रात्रि में ही समसान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर में महा आरती का आयोजन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को महावीर मन्दिर में हनुमान जन्म उत्सव के अवसर में हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जयसवाल के तत्वाधान में महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर को पूरे तरह से सजाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तो ने पूजा अर्चना किय। एवम् संध्या में महा आरती की गई जिसमें आंनद शर्मा एवम् श्रवेश पाठक के मंत्र के द्वारा किया गया साथ में हनुमान चालीसा किया गया। इस महा आरती में सैकड़ों महिला पुरुष एवम् बच्चे शामिल रहे है। वहीं भक्तो ने खूब जय श्री राम के नारे लगाए ।मन्दिर के आस पास पुलिस बल तैनात थे। इस महा आरती को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश जयसवाल, बिट्टू, राहुल राज, प्रभात, प्रिंस, प्रशांत, उज्ज्वल, रोहित, भूषण, राजा उर्फ शुभम एवम् दर्जनों लोग शामिल थे।

## बैंक में कैश की कमी से उपभोक्ता परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड स्थित एकमात्र भारतीए स्टेट बैंक एवं उसके सहयोगी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कई दिनों से कैश की कमी बनी हुई है। जिसके कारण ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताते चले की गुड फ्राईडे एवं चल रहे रमजान के महीना में भी ग्राहको को प्रखंड के एकमात्र बैंक द्वारा कैश भुगतान नहीं किए जाने से ग्राहक परेशान है। इतना तक की बिमारी के ईलाज में अन्यथा बहुत जरूरी रहने पर भी अपना पैसा रहते लोग अपनी राशि नही निकाल पा रहें हैं। ग्राहक द्वारा कैश मांगने पर बैंककर्मी के द्वारा राशि नहीं रहने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया जाता हैं। बैंककर्मियों की मानें तो बैंक में राशि की किल्लत अभी आगे भी बनी रहने की पूरी संभावना है क्योकि कैश लाने के लिए फोर्स नहीं मिलने से कैस नहीं लाया जा सका है वही प्रखंड का एकमात्र एटीएम भी हाथी दांत बन चूका है जो कभी खुलता ही नहीं है। वही इस संबंध में कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने कहा कि बैंक में राशि नहीं मिलने के कारण त्योहार की तैयारी में लोगो को परेशानी हो रही है या फिर बाजार से ब्याज में या किसी परिचित से पैसा लेना पड़ रहा है। जिसके कारण आम उपभोक्ताओं व ग्राहकों में गुस्सा भी व्याप्त होता जा रहा है। राशि को लेकर कई बार ग्राहक व बैंककर्मी में झड़प भी हो जा रही है इसके बावजूद बैंक में पर्याप्त राशि नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण ग्राहकों को राशि देने में बैंककर्मी को परेशानी हो रही है। कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने इसका निदान करने की मांग प्रशासन से की है, अन्यथा आक्रोशित होकर यंहा कि जनता चरणबद्ध आंदोलन चलाने की बात कही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस गुरुवार 6अप्रैल को प्रखंड के सभी बुथो पर पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा मनाया गया। सभी अपने अपने घर एवं विभिन्न चौक चौराहों पर पार्टी का झंडा लगाये।और पार्टी के संस्थापक नेता डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पडित दीनदयाल उपाध्याय, एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित, जनसेवा हेतु संकल्पित और भारत के लोकतंत्र की सच्ची वाहक विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के स्थापना दिवस पर हम अपने सभी संस्थापक सदस्यों नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं। जिनके परिश्रम से भाजपा को ना सिर्फ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ बल्कि यह भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद, और विकासोन्मुखी राजनीति का पर्याय बन चुकी है। मौके पर भाजपा महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष भुपेंद्र सिंह, भाजयुमो आईटी सेल सुमन सौरव, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र दांगी, जिला कार्यसमिति सदस्य लखन दांगी, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, उपाध्यक्ष संतोष दांगी, मंत्री सुरेश प्रसाद राणा, महेंद्र राम, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बब्लू कुमार साव, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बिकास कुमार, दशरथ दांगी, संजय यादव, अमिर दांगी समेत कई शामिल थे।

## छेड़छाड़ एवं मारपीट को लेकर कोर्ट में मामला दर्ज अनु संसाधन करेगी गिद्धौर पुलिस

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना राखी कुमारी उर्फ शबनम परवीन द्वारी गांव गिद्धौर थाना निवासी के द्वारा लिखित आवेदन के अनुसार अपने ही सौतन के भाई पर मारपीट एवं छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में मामला दर्ज करवाई थी। जिसमें अभियुक्त मोज़ सद्दाम अरबिया निगार मालो परविन व अन्य सभी गररी गांव केरेडारी थाना हजारीबाग जिला निवासी का नाम शामिल है। जिसका अनुसंसाधन करने को लेकर कोर्ट ने गिद्धौर थाना को सौंपा है। जो कांड संख्या 28/23के तहत जांच किया जाएगा। मामला10 दिसंबर 2022 को चतरा कोर्ट में किया गया था।

## आपसी झगड़ा को लेकर थाना में करवाया गया मामला दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना में सावित्री देवी पति बनवारी राणा गांगपुर गांव गिद्धौर थाना निवासी के द्वारा लिखित आवेदन देकर के अभियुक्त विनय राणा आरती देवी रामोतार राणा व अन्य सभी गांगपुर गांव गिद्धौर थाना निवासी के प्रति घर खाली करने को लेकर एवं मारपीट से संबंधित मामला दर्ज करवाया है जिसका कांड संख्या 29/23 है?।

## डीएसई ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार 6 अप्रैल को डीएसई अभिषेक कुमार ने ओचक निरीक्षण किया। जहां विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। और अपने अपने कार्य मे लगे हुए थे।



डीएसई ने विद्यालय में उपस्थिति रजिस्टर के साथ साथ कई पंजी को जांच किया। जो दुरुस्त पाया गया। इसके साथ साथ उन्होंने विद्यालय के भवन तथा बाउंड्री के स्थिति को भी देखा।इस क्रम में धर्मेंद्र कुमार दांगी पंकज कुमार सिन्हा पूनम कुमारी सिंह पूनम देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बारियातू मे बीएलओ का हुआ प्रशिक्षण

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार नवनियुक्त बीएलओ व पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण मे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में नवनियुक्त बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को मास्टर ट्रेनर कुशध्वज कुमार व आलोक कुमार दुबे ने उक्त सभी को प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण मे मतदाता सूची मे फॉर्म 6 मे नाम जोड़ने, शुद्धकारण के लिए फॉर्म एक, फोटो नाम पता सुधारने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। उपस्थित सभी बीएलो ने अपने अपने मोबाइल से गाडूरा ऐप के माध्यम से परेटिकल भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा मंत्री के निधन पर दो दिनों का राजकीय शोक



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के असामयिक निधन पर राज्य सरकार ने दिवंगत मंत्री के सम्मान में 06.04.2023 से 07.04.2023 तक दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। उक्त अवधि में उन सभी भवनों, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 06.04.2023 को बन्द रहेंगे। राज्य सरकार के राजकीय शोक के निर्णय के आलोक में जिला समाहरणालय के सभी अधिकारीयों व कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद करने के निर्देश दिए गए।

### शिक्षा मंत्री की आकस्मिक मृत्यु झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ. आरसी मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुबे के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की आकाशमिक मृत्यु पर हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता एवं प्रमंडलीय कांग्रेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, झारखंड आंदोलन से लेकर शिक्षा मंत्री तक का सफर तय करने वाले अभिभावक स्वरूप जगरनाथ महतो के निधन से झारखंड और झारखंड की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है ! जगन्नाथ महतो जैसा



नेता विरले ही होते है, उन्होंने अपने जीवन काल में जनता और गरीब गुरुओं के लिए सत्ता या विपक्ष में सभी के लिए हमेशा आवाज बुलंद करने का काम किया। उनकी जगह को भरपाई नहीं किया जा सकता है ईश्वर इनके परिजनों को सहन शक्ति दे एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### अंतिम सांस तक झारखंड हित के लिए सोंचते थे जगरनाथ महतो : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि झारखंड सरकार के आदरणीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के जगरनाथ महतो जी के आकस्मिक निधन की खबर से काफी आहत हूं। उनके ज़मीनी आंदोलनों और संघर्ष को नहीं भुलाया जा सकता। आज हमारे बीच टाइगर नहीं रहे,सदन के अंदर हो या बाहर खतियान पर सबसे अधिक मुखर अगर कोई था तो वो



केवल टाइगर जगरनाथ महतो जी। आज हमने उनको खोया है जो अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते थे चाहे जगह कोई भी था । रियल में आप टाइगर थे। जो अंतिम सांस तक झाड़खंड हित के लिए सोचते थे। यह झारखंड के लिए अपूर्णीय क्षति है। दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिजनों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे।

### जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश एवं मुखिया ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत नईटांड के समीप नवनिर्मित अंजली बाइक स्पेयर, पार्ट्स सर्विस सेंटर का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित स्पेयर पार्ट्स, सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर तिलक यादव ने बताया कि उनके दुकान में हर प्रकार के दो पहिया वाहन की मरम्मत कुशल मिस्त्री के द्वारा उचित रेट पर किया जाएगा। वही सभी प्रकार के बाइक स्कूटर आदि के पार्ट्स, हेलमेट आदि सभी चीजें उचित मूल्य पर मिलेगी।

## प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव धूम धाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के दुलमी पंचायत बाजार टांड मे सरना आदिवासी विकास परिषद के तात्वावधान मे प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के ईचातु,जाम सिंघ,पाँचा, पोटामदगा,बयांग, डुम डिहा,बरद् बेचवा आदि विभिन्न गाँवों से आदिवासी महिला पुरुष बाजे गाजे के साथ दुलमी बाजार टांड पहुंचे और सभा मे तब्दील हो गए। सभा की अध्यक्षता बासुदेव कुमार मुंडा ने



किया। सरहुल महोत्सव के खास मेहमान खुट् कटी मुंडा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सलेंद्र पहन, मुंडा जाती उज्वल भविष्य के केंद्रीय अध्यक्ष आशा राम मुंडा, भारत मुंडा समाज के सह कोषाध्यक्ष अशोक मुंडा, समता सैनिक दल के उपाध्यक्ष सारूबाला मुंडा रातु मुख्य मनीष मुंडा महा सचिव देवेंद्र मुंडा मुख रूप से शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत फूल व गमछा ओढ़ाकर किया गया। वहीं पाहनों को भी गमछा देकर स्वागत किया। साथ ही अतिथियों के द्वारा नृत्य अखाड़ा का उद्घाटन हुआ।मौके पर शैलेंद्र पाहन ने कहा की सरहुल आदिवासियों का पहचान है। से आदिवासी समाज के लोग प्रकृति पर्व के रूप मे मनाते हैं। खास कर इस पर्व मे जल जंगल जमीन सिंगबॉन्गा बुरु बोन्गा इकिर बोन्गा की पूजा की जाती है। पूजा व महोत्सव में आदिवासी समाज के लोग मिलते हैं, और एक दूसरे को नये साल की बधाई देते हैं।वहीं आशा राम मुंडा ने कहा की आदिवासियों के विकास के लिए लोगों को शिक्षा पर जोर देना होगा साथ ही फंड बनाना होगा।

उन्होंने लोगों को एक जुट होकर धर्म व संस्कृति को बरकरार रखने को कहा। वही सारूबाला मुंडा ने कहा की आदिवासी लोग अपने हक व अधिकार को पहचाने तभी विकास संभव है। सभा के अंत में आदि बासी परंपरा के तहत सामूहिक रूप से नाच गान किये।मौके पर नेवा राम मुंडा, संजय मुंडा, अजय बेदिया, देवेंद्र महली, मनोज मुंडा, किसटो मुंडा, चुरा मन मुंडा,महेंद्र महली,बुध्देव मुंडा, कैलाश मुंडा, सुधीर मुंडा, रूपेश मुंडा, फूल चंद मुंडा, देवदास मुंडा,जले मुंडा, महेश मुंडा, अशोक मुंडा, विजय मुंडा, गखुल मुंडा, कृष्णा करमाली, गोपाल करमाली, दीपक मुंडा, परन मुंडा, जगतु मुंडा, रोशन बेदिया, अजय मुंडा, मुकेश मुंडा, सुषमा मुंडा, पिंकी मुंडा, शांति मुंडा, रीता मुंडा, ननकी मुंडा, यशोदा मुंडा, संजू मुंडा, लीला मुंडा, गीता मुंडा, सुशीला मुंडा, रातनि मुंडा,रंजु मुंडा, अनिता देवी, गुड़िया, फुलकी, जोबा सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मनाया पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा का चौवालिसवा स्थापना दिवस जिले भर के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झण्डा लगाकर मनाया।कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाकर पंडित दीनदयाल, श्यामाप्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया।वही चुरचू प्रखंड के चरही चौक में जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने पार्टी का झण्डा लगाकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश और दुनिया के सामने खड़ी है।उन्होंने कहा कि आज हम सभी अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं।मां भारती की सेवा में समर्पित प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।वही जिले भर में सभी मंडलो में बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।

## झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय जगरनाथ महतो का निधन राज्य के लिए अपूर्णीय क्षति : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आजसू पार्टी रामगढ़ जिला प्रधान कार्यालय में शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो को पूरे आजसू पार्टी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो का निधन पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।स्वर्गीय जगरनाथ महतो एक महान आंदोलनकारी जुझारू कर्मठ नेता थे और डुमरी विधानसभा क्षेत्र से लगातार 4 बार



विधायक बनकर विधानसभा में अपना कार्यकाल पूरा किया। आज चेन्नई में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया जिसे पूरी झारखंड राज्य भुला नहीं पाएगा ।इस दुख की घड़ी में पूरा आजसू परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। श्रद्धांजलि सभा में आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य लाल बिहारी महतो जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी , अनुज तिवारी , रीना शाह गायत्री देवी कुलदीप वर्मा पंकज वर्णवाल राजेश महतो नीतीश निराला रोहित सोनी अमरदीप राम इंदरजीत राम जैकी राम संजय महतो पवन करमाली रिंकू करमाली अंकित अग्रवाल पंकज दांगी विक्कू यादव लालू शर्मा प्रभात अग्रवाल अजय महतो नीतीश दांगी आनंद कुशवाहा दिलीप कुशवाहा नीरज मंडल अमित कुमार नीतीश कुमार राहुल कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पतरातू पीवीयूएनएल एवं मुखिया एलेवेन के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** अन्तराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीवीयुएनएल परियोजना तथा निकटवर्त्ती 11 ग्राम पंचायतों के मुखिया टीम मुखिया ÷ÿ÷ के मध्य हेसला ग्राम के इमली मैदान में मैत्री क्रिकेट मैच बडे ही सैहार्दपूर्ण माहौल में खेला गया। उक्त क्रिकेट मैच में सभी 11 पंचायतो के मुखिया व पंचायन प्रतिनिधियों ने भाग लेकर खेल के क्षेत्र में विकास का संकल्प लिया।मुखिया एकादश की टीम टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षन का निर्णय लिया। पीवीयुएनएल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 90 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुखिया एकादश ने सिर्फ 8.2 ओवर 4 विकेट के नुकसान 95 रन बनाकर 6 विकेट से यह मैत्री क्रिकेट मैच जीत कर उपस्थित सभी दिलों को भी जीत लिया।मैत्री क्रिकेट मैच का उद्घाटन पीवीयुएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने सभी खिलाडीयों को मैच कैप देकर किया। सभी 11



पंचायतों के मुखियाओं के शॉल देकर सम्मानीत भी किया गया तथा ग्रामों मे खेल के उचीत विकास हेतु सभी पंचायतों को पूर्ण खेल किट (क्रिकेट, फुटवॉल, कैरम व वॉलीवाल) पीवीयुएनएल के द्वारा प्रदत्त किया गया।मौके पर नीरज कुमार रॉय मा0सं0 ने हेसला, कटिया,कोटो, जयनगर, बलकुदरा, सांकूल,लबगा, पतरातू, पंचमंदीर, साहकलोनी हनुमानगढी के सभी मुखियागण पंचायत प्रतिनिधि व ग्राम वासियों को खेल में प्रतिभाग लेने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बीडीओ प्रभारी के रूप में हरिनाथ महतो ने प्रखंड पतरातू में पदभार ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड कार्यालय पतरातु में हरी नाथ महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। हरी नाथ महतो झारखंड प्रशासनिक सेवा के छठे बेच के अधिकारी हैं। हरी नाथ महतो मुल्ताः प्रखंड बड़कागांव जिला हजारीबाग के निवासी हैं। तथा वह रामगढ़ जिला में स्कुटीव मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत थे। हरी नाथ महतो प्रशासनिक सेवा से पहले शिक्षक के पद में कार्यरत थे तथा उन्होंने शिक्षक के रूप में दस साल अपना योगदान दे चुके हैं। हलधर कुमार शेट्टी के स्थानांतरण के बाद कई दिनों से प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद खाली था। तथा हरी नाथ महतो ने प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। प्रखंड कार्यालय



में हरिनाथ महतो का स्वागत अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे प्रधान सहायक चितरंजन कुमार मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर शशी कुमार मनजीत कुमार ने किया।मौके पर प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## कोनार विस्थापितों का अनशन तीसरे दिन भी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** कोनार विस्थापित अनशनकारियों ने आमरण अनशन के तीसरे दिन झारखण्ड शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की आकस्मिक निधन की सूचना पा कर अनशनकारियों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा,साथ ही उनके सम्मान में आज का संबोधन बंद रखा। अनशनकारी महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने विस्थापितों से आज का संबोधन बंद रखने की बात कही। ज्ञात हो कि आमरण अनशन के दूसरे दिन मंगलवार को माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कोनार डैम कार्यालय के बाहर अनशन में बैठे विस्थापितों के बीच पहुँचकर उन्होंने कहा कि आपलोगों की मांगों को लिखित रूप में उपायुक्त को देकर आपसबो की समस्याओं से अवगत कराएंगे ताकि आपलोगो की मांग पूरी हो ।वही दूसरे दिन जारी आमरण अनशन में अनशनकारी महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ




(माही पटेल) ने बताया कि अनशनकारियों की चिकित्सा जांच हुई, प्रशासन की ओर से कहा गया कि शांति पूर्ण कार्यक्रम करें,डीवीसी की डीजीएम,अधीक्षण अभियन्ता अन्य पदाधिकारियों और अनशनकारियों के बीच बिष्णुगढ़ अंचलाधिकारी रामबालक कुमार की उपस्थिति में वार्ता हुई जो कि डीवीसी के गोलमोल जवाब के कारण वार्ता विफल रही। अनशन के तीसरे दिन आज दिनांक 6 अप्रैल 23 को अनशनकारी सुरेश राम व माही पटेल दोनों का स्वास्थ्य बिगड़ा सीएचसी विष्णुगढ़ से डॉक्टर वन्दना टीम के साथ पहुंचकर अनशनकारियों के स्वास्थ्य का जायजा लिया । आज तीसरे दिन अनशनकारियों का हौसला बढ़ाने के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के आंदोलनकारी डुमरी अध्यक्ष मोतीलाल महतो पहुंचे सबों ने माननीय शिक्षा मंत्री के लिए मौन रखा ।

अनशनकारियों ने साफ शब्द में डीवीसी के अधिकारियों को दो टूक में कहा हमारी मांगे जायज है, और पूरी होने तक आमरण अनशन जारी रहेगा । इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया चंद्रशेखर पटेल,जीतन महतो,सहदेव राम ठाकुर राम,हीरामन राम,राजेश कुमार दास,जितेंद्र कुमार महतो,भीम कुमार महतो,कैलाश कुमार महतो,विशाल कुमार महतो,बिशन महतो, सोमर महतो,जयलाल सिंह,गोवर्धन महतो,संदीप कुमार महतो,रवि कुमार रविदास,संतोष कुमार,डालचंद महतो,महावीर राम,राजकिशोर दास, ननकु करमाली,डालचंद कुमार,भीम कुमार,मंजू देवी,शांति देवी,झमनी देवी,संतोष,काशी,प्रकाश महतो,बिशून महतो,वकील महतो,रामचंद्र राम मोसमत बिसनी,चंद्रिका महतो, रीना देवी शांति देवी,चैती देवी,मालती देवी,झालिया देवी,धुरपतिया देवी,मीना देवी,संतोषिया देवी,गेंदिया देवी,चमेली देवी,भानु देवी,सरिता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में विस्थापित मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद द्वारा बरही द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के देख-रेख में संपन्न हुई। सर्वप्रथम विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ता बंधुओं एवं सनातनी परिवार के श्री राम भक्त प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर विधिवत पूजा अर्चना के साथ इस शोभायात्रा का प्रारंभ किया गया। इस शोभायात्रा में श्री हनुमान जी की जीवंत झांकी गाजियाबाद के साथ प्रस्तुत की गई इस दौरान शोभा यात्रा हजारीबाग रोड से निकलकर गया रोड पटना रोड, एवं धनबाद रोड होते हुए बजरंग मंदिर धनबाद रोड में पूजा अर्चना के लिए सभा के रूप में तब्दील हो गई जहां विधिवत हनुमान चालीसा, हनुमान आरती एवं श्री राम स्तुति के साथ पूजा अर्चना की गई और तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस दौरान पूरा बरही नगर क्षेत्र श्री हनुमान जी के जीवंत झांकी के साथ-साथ नारों से गुंजायमान हो गया। सभी हनुमान भक्त लाल लंगोटा लाल निशान जय बजरंगी जय हनुमान के नारे के साथ चारों रोड का भ्रमण किए। कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि कलयुग में प्रभु हनुमान ही अजर और अमर हैं। उन के माध्यम से ही प्रभु श्री राम की कृपा प्राप्त की जा सकती है बिना हनुमान के राम की प्राप्ति संभव नहीं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तुलसीदास के जीवन में घटित घटनाओं से मिलता है । हनुमान जी की सच्ची भक्ति करने वाला सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त होकर समस्त सुखों को प्राप्त करते हुए अपने अंत काल में प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित हो जाता है और जीवन के बंधन से मुक्त हो जाता है । ऐसी स्थिति में सभी सनातनी परिवारों को सच्चे मन से श्री हनुमान जी की वंदना साधना करनी चाहिए और अपने जीवन को सर्वश्रेष्ठ शिखर तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए। हनुमान जी की जन्मोत्सव के अवसर पर हमें उनके चरित्र से भक्ति के कुछ अंश ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए ताकि हमारा जीवन सार्थक और सफल हो सके और हमारा धर्म और समाज सुरक्षित रह सके । इस कार्यक्रम में बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ,भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्र नेता ने लगाए कुलपति पर परिवारवाद के गंभीर आरोप

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय कुलपति के कृत्य दिन प्रति दिन सामने आ रहे हैं।जहां इन पर अपने क़रीबियों के नामांकन कुलपति कोटा से करने का आरोप लगातार लगते रहे हैं वहीं कुलपति कोटे में नामांकन मामले में उच्च न्यायालय में पीआईएल भी दायर की गई है।कुलपति मुकुल नारायण देव पर एक नया खुलासा करते हुए छात्र नेता चंदन सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को एक पत्र लिखा है जिसमें इन्होंने बताया है की अदिति कुशवाहा जो केबी महिला विद्यालय में बीएमएलटी में अनुबंधित शिक्षिका है कुलपति उनके मौसा लगते हैं।परिवार वाद का उदाहरण देते हुए कुलपति ने इन्हें 22 अक्तूबर 2020 के बाद से पंद्रह हज़ार के मासिक वेतन से बढ़ा कर 43 हजार कर दिया।वहीं ये बीसीए में भी बतौर गेस्ट शिक्षिका पढ़ाती हैं और उसके लिये भी इन्हे पैसे मिलते हैं।कुलपति की भतीजी के अलावा वहाँ कार्य कर रहे शिक्षिका या शिक्षक को जो इनसे अधिक योग्यता वाले हैं को अभी तक मात्र 15 हज़ार ही वेतन मिल रहा है।पत्र में इस मामले के अलावा चंदन सिंह ने महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य के बेटे सौरब कुमार जिनके लिए पूर्व प्राचार्या ने एक विभाग ही खोल दिया के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध करवाई है।

## भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस प्रखंड के विभिन्न शक्ति केंद्र में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के विभिन्न बुथों और शक्ति केंद्रों में मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रमुख संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया। प्रखंड के गोंदलपुरा शक्ति केंद्र में सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, भागिरथ ठाकुर, प्रेम लाल महतो, ताकेश्वर साव, दामोदर महतो, नयाटांड शक्ति केंद्र में पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, दिनेश कुमार, मुरली महतो, उमेश राम, अनुज कुमार, रंजीत कुमार तलसवार शक्ति केंद्र में मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी के नेतृत्व में एवं नापो पंचायत में



पूर्वी उरीमारी मंडल के उपाध्यक्ष अशोक साव के अध्यक्षता एवं हीरालाल साव के संचालन में मनाया गया। अपने संबोधन में अशोक साव ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को पार्टी के स्थापना की गई थी और आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ है यह सबसे बड़ी बात है। सबसे खास बात यह है कि भाजपा के शासनकाल में गरीब किसानों को कई योजनाओं का लाभ दिया गया है जिस से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, उपाध्यक्ष किशोर राणा, मंत्री विनोद महतो, हीरालाल साव, विकास साव, गणेश यादव, अनिल साव सुमित्रा देवी समेत दर्जन लोग उपस्थित थे।

## एनएचएआई की लापरवाही से सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, पूर्व विधायक ने की मुआवजा की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर में एनएच 02 जीटी रोड इंडियन गैस एजेंसी के सामने गोरहर निवासी गिरधारी साव पिता सेवा साव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी,मृतक गिरधारी साव को ट्रक संख्या छ्ब्द्ध10ष्श्च 6234 ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने घटना स्थल पर पहुँचे व शोक संतप्त परिजनों को धैर्य एवं ढांढस बंधवाया,वहीं पूर्व विधायक के पहल पर तत्काल परिजनों को अंत्योष्टि हेतू पचीस हजार रूपये आर्थिक सहयोग करवाये।पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य राजकेशरी कंपनी द्वारा जीटी रोड का



सिक्स लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है।सुरक्षा मानक की खुलेआम धज्जियां उडाते हुये निर्माण कार्य कराया जा रहा है,इससे आये दिन राहगीरों की मौत हो रही हैं।पूर्व विधायक श्री यादव ने तत्काल मृतक गिरधारी साव के परिजनों को दस लाख रुपये मुआवजा दी जाय और सड़क दुर्घटना न हो,इस पर सड़क निर्माण करा रही राजकेशरी कंपनी को ध्यान देने की जरूरत है।ध्यान नहीं देने पर सडक् निर्माण कार्य आम जनता के सहयोग से रोका जाएगा।आखिर कब तक लोग अपनी प्राण गवातें रहेंगे। मौके पर मुखिया आलोक सिंह,मुखिया निजाम अंसारी,पूर्व गोपाल प्रसाद,पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव,मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय,झमुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद,पंचायत समिति सदस्य लखन साव,राजकुमार नायक, संजय साव, एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामिण उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ओम सागर राणा की हत्या का मुख्य आरोपी को गिरफ्तार की मांग

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के केंदुआ 1 में पिछले माह ओम सागर राणा की अपहरण कर हत्या कर दी गई थी।मृतक ओम सागर राणा की मां सरस्वती देवी ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर मुख्य आरोपी आदित्य ठाकुर और मीना देवी को गिरफ्तार करने की मांग की है।वही आवेदन का प्रतिलिपि निगरानी समिति रांची, उपायुक्त हजारीबाग, सांसद महोदय कोडरमा, विधायक बरकट्ठा,मानव आयोग झारखंड, राज्यपाल झारखंड सरकार को दिया गया है। विदित हो की मामले को लेकर पुलिस ने दो लोगों को जेल भेजा है।विदित हो की 28 फरवरी को ओम सागर राणा को उसके चचेरे भाई ने बिट्टू राणा ने अपहरण कर हत्या कर 6 लाख की फिरौती की रकम मांग की थी। जिसे परिजनों द्वारा थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। हालांकि इस मामले में पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई बिट्टू राणा व काशी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बिंझार में बाईक व हाईवा की टक्कर में एक युवक की मौत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा- नईसराय मुख्य सड़क के मध्य बिंझार में गुरुवार को हीरो ग्लैमर और हाईवा की टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से इलाज के लिए सीसीएल के नईसराय अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया। लेकिन घायल युवक की मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक अरगड्डा बकरिया पट्टी निवासी फैजान अंसारी उम्र करीब 18 वर्ष ग्लैमर बाइक में सवार होकर काम ढूंढने के लिए रिज्यूम जमा करने बगड़िया जा रहा था। लोगों के मुताबिक बाइक अरगड्डा से नईसराय की ओर जा रहा था। जबकि खाली डंफर हाईवा नईसराय से अरगड्डा की ओर जा रही थी। तभी यह दर्दनाक घटना घटी। मृत युवक के पिता का पहले ही देहांत हो चुंका हैं। मृतक फैजान श्रमिक प्लस टू 12वीं का छात्र था। उसके के घर में माता और दो भाई हैं। घटना के बाद से ही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हैं।

## अरगड्डा में 24 घंटे हरि कीर्तन समापन के बाद भक्तों में खिचड़ी का हुआ वितरण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के सुभाष नगर में 24 घंटों का अखंड हरि कीर्तन गुरुवार दोपहर हर्षोल्लास के साथ समाप्त हुआ। सभी ने प्रभु से नगर के सुख, शांति, खुशहाली की कामना किया। इसके उपरांत भक्तों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व कीर्तन के समापन पर भक्तजनों व भक्त कीर्तन मंडली के साथ जमकर हरि बोल, जय श्री राम, जय हनुमान, हर हर महादेव, जय माता दी के नारे लगाए। जिससे पूरा सुभाष नगर क्षेत्र समेत आस-पास का इलाका भक्तिमय बन उठा। मौके पर भक्तों में पंकज झा, गणेश सिंह, सत्येंद्र कुमार महतो, अजय झा, संदीप सिंह, सतीश कुमार, धीरज कुमार पांडे, अभय कुमार सिंह, राकेश पासवान, राजकुमार सिंह, गोपाल कुमार, धीरज तिवारी, राहुल कुमार, निर्भय सिंह, विशाल कुमार, उमेश पासवान, मुकुल कुमार, उमेश राम, रितेश कुमार झा, हनी कुमार, दीपक कुमार, प्रिंस, अली अंसारी, दीपक पासवान, उत्तम राय आदि भक्तजन मौजूद थे।

## जीएम ऑफिस पानी समस्या को लेकर महाप्रबंधक ने फिल्टर प्लांट व पाइप लाइन क्षेत्र का किया निरीक्षण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम ऑफिस व कॉलोनी क्षेत्र में पानी समस्या को लेकर महाप्रबंधक अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे ने गुरुवार को अरगड्डा वाटर डब्ल्यूटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। इसके बाद बुधबाजार सिरका, सीएचपी क्षेत्र से गुजरने वाली पाइप लाइन कनेक्शन की स्थिति देखा। यहां अवैध रूप से कनेक्शन को लेकर सिविल विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि अरगड्डा-सिरका से जीएम ऑफिस पानी सप्लाई पाईप में कई कनेक्शन जोड़ लिए गए हैं। जिससे पानी जीएम ऑफिस और कालोनी क्षेत्र में नहीं पहुंच पा रहा हैं। मौके पर पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, एसओ सिविल अरगड्डा सौरभ तिवारी समेत कई अधिकारी, सुरक्षा प्रहरी मौजूद थे।

## कृपाशंकर सिंह बने कोयला भवन जनता मजदूर संघ के सहायक सचिव

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**धनबाद :** जनता मजदूर संघ जो सदैव श्रमिकों के हितों की बात और काम करती है उनके महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कृपाशंकर सिंह को कोयला भवन शाखा में जनता मजदूर संघ का सहायक सचिव मनोनीत किया। इसके संबंध में मनोनयन पत्र भी सिद्धार्थ गौतम सदस्य, जेबीसीसीआई ने अपने हाथों से कृपाशंकर सिंह को सौंपा। इस मनोनयन के बाद कृपाशंकर सिंह ने जनता मजदूर संघ और सिद्धार्थ गौतम का धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी प्रमुखता बीसीसीएल कोयला भवन में कर्मचारियों के चहुमुखी विकास की एक नई दिशा दिखाने में होगी। उन्होंने कहा कि नए जोश और नई उमंग के साथ बीसीसीएल की कोयला भवन में मजदूरों और कर्मियों को जनता मजदूर संघ से जुड़ना तथा उनके हितकारी निर्णय को बीसीसीएल प्रशासन द्वारा अनुमोदित कराना ही उनका प्रथम लक्ष्य होगा। उनके मनोनयन में जनता मजदूर संघ के सभी पदाधिकारियों ने उनको अपना शुभकामनाएं दी।


### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा**

**क्रम संख्या–1., ई–निविदा संख्या :** 17-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 16,35,66,648.95, **क्रम संख्या–2., ई–निविदा संख्या :** 18-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 16,32,21,582.18, **क्रम संख्या–3., ई–निविदा संख्या :** 19-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 18,09,71,815.81, **बयाने की राशि (रूपये में) :** http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 25.04.2023 को 17:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 26.04.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/0012/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/23–24/52



### पूर्व मध्य रेल

**शुद्धिपत्र**

शुद्धिपत्र सूचना संख्या 14-GS-DHN-2022-23

| क्र. सं. | निविदा संख्या 14-GS-DHN-2022-23 में उल्लिखित मूल प्रकाशित | इस रूप में पढ़ा जाए |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम–अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत GMO, PNME और KTH स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, एवं सौंदर्यीकरण का कार्य फ्रन्ड फसाड एवं प्रवेश पोर्च का प्रावधान | कार्य का नाम–अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गोमोह, पारसनाथ और कतरासगढ़ स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, एवं सौंदर्यीकरण का कार्य फ्रन्ड फसाड एवं प्रवेश पोर्च का प्रावधान |
| 2 | समापन अवधि–15 (पन्द्रह) महीने | समापन अवधि–9 (नौ) महीने |

ई–निविदा सूचना संख्या 14-GS-DHN-2022-23 दिनांक 29.03.2023 में दर्शायी गई अन्य सभी विवरण, नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेगा।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/00018/डीएचएन/डीएचएनजीएस/सी/23–24/40


## भारतीय मजदूर संघ का 20 वां राष्ट्रीय अधिवेशन पटना में होगा : रामधारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह सलाहकार समिति के सदस्य रामधारी ने प्रेस बयान जारी कर जानकारी दी कि भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रीय स्तर का अधिवेशन आगामी 7, 8 और 9 अप्रैल 2023 को तीन दिवसीय अधिवेशन केशव सरस्वती विद्या मंदिर मिर्चा मिर्ची रोड बाईपास थाना के नजदीक पटना में होगा। यह 20वां राष्ट्रीय अधिवेशन बिहार की धरती पर दुसरी बार होने जा रहा है। इस अधिवेशन को सफल बनाने के लिए भारतीय मजदूर



संघ का सदस्य जोर शोर से लगे हुए हैं। इस अधिवेशन के सबसे बड़ी विशेषता यह है कि राष्ट्रीय स्तर का अधिवेशन मुख्यधारा से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी।रामधारी ने बताया की 7 से 9 अप्रैल तक चलने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन के द्वितीय दिन 8अप्रैल को केशव सरस्वती विद्या मंदिर मिर्चा मिर्ची रोड से एक विशाल रैली निकाली जाएगी जो सिटी उच्च विद्यालय मैदान मंगल तालाब पटना सिटी पहुंचकर आम सभा में बदल जाएगी उक्त सभा को राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेतागण संबोधित करेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता हिरणमय पांडेय राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रलहाद जोशी केंद्रीय मंत्री संसदीय कार्य एवं कोयला और खान मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली, सह स्वागताध्यक्ष डा.संजय पासवान होंगे।

## पार्टी स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नाला :** पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर नाला विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर ,खाडुबाजार,फतेहपुर आदि जगहों में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुबल चंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों एवं गांव में सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह सह वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाला विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर खाडुबाजार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा वहीं फतेहपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुबल चन्द्र सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान बरिष्ठ कार्यकर्ताओं को फूल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर खाडुबाजार में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जन जाति मोर्चा के नेता दिलीप हेम्ब्रम, विष्णु मंडल मंडल अध्यक्ष राजू मंडल भोला नाथ सिंह सुभाष सिंह समीर घोष, अजीत मंडल,बापी पाल ,आलोक मंडल, दीपक मंडल, सुकेन मंडल ,बूढ़ा ठाकुर ,चंदन ठाकुर ,गोवर्धन मंडल आदि मौजूद थे वहीं फतेहपुर में आयोजित कार्यक्रम में ताराप्रसन्न महतो, सुभंकर मंडल ,तिमिरमय सामंत, प्रभुदयाल पंडीत,गंगाधर पंडित ,लखीकांत चार ,सूभाष मंडल ,बासुदेव गोराई, भीम चन्द्र गोराई, प्रदीप सामांत,राम गोस्वामी आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, सुबल चन्द्र सिंह, बिष्णु मंडल,सुखेन मंडल, राहुल शर्मा, राधारानी सोरेन ,अमीत भैया ,किरन बेसरा , प्रमोद गोस्वामी ,निबास महतो ,शिबु पंडीत,तिर्थनाथ मंडल, आदेश राणा, श्यामलाल टुडू आदि मौजूद थे।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने राज्यपाल को भेजा धन्यवाद ज्ञापन


पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट

धन्यवाद ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने राज्यपाल द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए एक ज्ञापन राज्यपाल को प्रेषित किया है।इस ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के साथ-साथ कई अन्य आला अधिकारियों के साथ वार्ता कर आपने जो सकारात्मक पहल किया है, साथ ही अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों को भगवान तुल्य कह कर सैनिकों का जो मान बढ़ाया है इसके लिए पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सभी पूर्व सैनिक सदस्य आपका आभार व्यक्त करते है।

## सांसद जयंत सिन्हा ने की भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात

### हज़ारीबाग के विकास समेत विभिन्न महत्वपूर्ण राजनितिक मुद्दों पर की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 5 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात में विकास, राजनितिक व संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।जयंत सिन्हा ने उनके समक्ष हज़ारीबाग लोकसभा में विशाल स्तर पर आयोजित की गयी सांसद खेल प्रतिस्पर्धा अमृत ट्रॉफी की प्रति प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता ने खेल के क्षेत्र में इतिहास रचा। इसमें हज़ारीबाग लोकसभा की 300+ पंचायतों से लगभग 10 हज़ार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने नड्डा जी को सेवा का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा में चल रहे विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकार नड्डा जी को प्रसन्नता हुई। जे.पी. नड्डा ने हज़ारीबाग व रामगढ़ में चल रहीं अक्षयपात्रा महा-रसोईघर, हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट व रेलवे लाइन समेत अन्य कई परियोजनाओं की सराहना की। उन्होंने हज़ारीबाग लोकसभा को प्रगति के पथ पर अग्रसर बनाये रखने हेतु जयंत सिन्हा जी को शुभकामनायें दीं। जयंत सिन्हा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से झारखण्ड के विकास व राजनितिक मुद्दों पर भी लंबी चर्चा की। जेएमएम-कांग्रेस सरकार की नीतियों व कार्यों से झारखण्ड वासी त्रस्त हैं। राज्य में भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण आज चरम पर है। जनता बुनियादी सुविधाओं तक को तरस रही है। इन सभी मामलों पर नड्डा जी ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार झारखण्ड में विकास को गति देगी और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएँ पहुंचाएगी। जयंत सिन्हा ने कहा कि मुझे जे.पी. नड्डा से जो मार्गदर्शन मिला है, वो जनसेवा के मेरे संकल्प को नई ऊर्जा व मज़बूती देगा। झारखण्ड की जनता राज्य में अब भाजपा का विकासशील शासन चाहती है।

## स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भाजपा नेता व स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने बताया कि रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो के निर्देश अनुसार सभी कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया । भारतीय जनता पार्टी कि स्थापना 6 अप्रैल 1980 में हुई। तब से अब तक के सफर के 44 वां स्थापना दिवस केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मनाई गई । इस बार केंद्र के नेतृत्व के निर्देश पर 10 लाख से अधिक बुथों पर सभी बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता नेतागण ने झंडा लगाने का काम अपने घरों पर किया।



भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ छावनी क्षेत्र के सभी वार्डो में सभी बूथ अध्यक्ष ने अपने घर में झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया । साथ ही नमो ऐप ,सरल एप अन्य सोशल मीडिया और टीवी के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना । अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के अब तक के सफर के महानुभावों के योगदान को याद किया । अपने आशीर्वचनों में उन्होंने समाज के सभी वर्गो को का आभार प्रकट किया ।उन्होंने कहा पार्टी ने 2 सीट से आज 303 सीट हासिल की है । यह भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता की देन है। हम छोटे से छोटे कार्यकर्ता को तवज्जो देते हैं और वही कार्यकर्ता हमें अगले चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा को बुलंद करा कर 400 पार की सीट भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त होगी ।भारतीय जनता पार्टी विचारधारा की पार्टी है । प्रत्येक व्यक्ति का ख्याल रखा जाता है । सभी वर्ग के लोगों को महिलाओं को पुरुषों को सामाजिक दृष्टिकोण से हमेशा भारतीय जनता पार्टी उनके हित के कार्य में लगे रहते हैं । ऐसे हैं हमारे देव तुल्य कार्यकर्ता आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊंची सोच को सलाम करता हूं कि उनके दूरदर्शिता से आज भारत देश की पहचान विश्व पटल पर सुर्खियां बटोर रही है। छोटे छोटे कार्यकर्ता का भी काफी ध्यान रखते हैं सभी के जन्मदिवस पर ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं देना नहीं भूलते हैं उनके द्वारा किए गए सभी कार्य हमें प्रेरणा देती है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा ,डॉ संजय प्रसाद सिंह , रविंद्र शर्मा , राजीव रंजन प्रसाद,रंजन सिंह फौजी ,भगवान प्रसाद,विनोद मिश्रा, ब्रजेश पाठक, अभिषेक चौधरी मणिशंकर ठाकुर सुरेंद्र शर्मा तथा बुथ अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया।

## वार्ता के बाद बीसीकेयु एंव मार्क्सवादी युवा मोर्चा का आंदोलन समाप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तेतुलमारी :** गुरुवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में खेमका आउटसोर्सिंग कंपनी में चक्का जाम वार्ता के बाद समाप्त हो गया। ईस्ट बसुरिया यूनियन कार्यालय के बाहर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के सैकड़ो समर्थक जमा हो गया। उक्त स्थान में नारेबाजी के साथ आउटसोर्सिंग परियोजना स्थल की ओर कूच कर रहे थे। इसी बीच ओपी प्रभारी एवं कंपनी प्रबंधन ने वार्ता के लिए ईस्ट बसुरिया ओ पी बुलाया गया।

## सरहुल पुजा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** वार्ड नंबर 4 में कुंवर टोला में सरहुल पुजा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप शामिल हुए रामगढ़ वार्ड नंबर 4 के समाजसेवी अनिल मुंडा नितेश मुंडा रवि मुंडा संजय मुंडा सनी मुंडा प्रदीप मुंडा गोलू मुंडा नरेश मुंडा बसंत मुंडा किशोर मुंडा गोपाल मुंडा टेंपो मुंडा राहुल मुंडा पंजित मुंडा चार्ली कुमार संतोष गंजू दिलीप भैया कृष्णा एवं अन्य लोग उपस्थित थे । समाजसेवी अनिल मुंडा ने कहा किप्रकृति पर्व सरहुल आदिवासियों का वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला है एक प्रमुख पर्व है। पतझड़ के बाद पेड़-पौधे की टहनियों पर हरी-हरी पत्तियां जब निकलने लगती है, आम के मंजर तथा सखुआ और महुआ के



फुल से जब पूरा वातावरण सुगंधित हो जाता है। तब मनाया जाता है आदिवासियों का प्रमुख ÷प्रकृति पर्व सरहुल÷। यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होकर चैत्र पूर्णिमा के दिन संपन्न होता है। इस पर्व में ÷साल अर्थात सखुआ के वृक्ष का विशेष महत्व है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद ही नई फसल (रबि) विशेषकर गेहूं की कटाई आरंभ की जाती है।

## हनुमान मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन व भव्य भंडारे के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आज 6 अप्रैल को जेएसपी पतरातु कैंपस में पूजा पाठ,भजन कीर्तन एवम भंडारे के साथ मनाया गया हनुमान जयंती । जेएसपी प्लांट हैड आर के अजमीरिया के मार्ग दर्शन मे जेएसपी पतरातु के कर्मचारियों एवम उनके परिवार के सदस्यों ने पूरे भक्ति भाव के साथ सुबह 6 बजे हनुमान जी का अभिषेक किया गया तदोपरांत सुंदरकांड पाठ आरम्भ किया गया । रांची, श्याम मन्दिर हरमू के रत्नाकर शर्मा एवम उनके मण्डली के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्म का समापन भव्य भंडारे के



आयोजन के साथ किया गया। हनुमान जयंती समारोह को सफल क्रियान्वे के लिए विभिन कमिटी जैसे डेकोरेशन कमिटी, भंडारा कमिटी, प्रसाद वितरण कमिटी का गठन किया गया। समारोह को सफल बनाने में संस्थान प्रमुख आर के अजमीरिया के दिशा निर्देश में संतोष कुमार, हर्ष प्रियदर्शी, राजीव रंजन, अरमेंद्र पाठक एवम समस्त कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाए।

## रूबेला टीकाकरण की सफलता को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** जिला में मिजिल्स रुबेला के टीकाकरण अभियान को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कई स्तर पर की जा चुकी है। जिसमें मिजिल्स रुबेला के टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य एवं एकीकृत बाल विकास योजना के प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग के कर्मियों का प्रशिक्षण, माइक्रो प्लानिंग एवं इसके प्रचार प्रसार सहित विभिन्न बिंदुओं पर कार्रवाई तेजी से हो रहा है। वही अभियान को मूर्त रूप देने के लिए तैयारी अंतिम चरण में है। आगामी 12 अप्रैल से जिला में तीन चरण में इस अभियान को शुरू किया जा रहा है। जिसमें जिला के 2 लाख 84 हजार बच्चों को प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी 4 स्वास्थ्य ब्लॉक में प्रधानाध्यापकों को टीकाकरण अभियान की सफलता के लिए प्रशिक्षित किया गया है। अप्रैल माह से पांच सप्ताह के लिए जिले में मिजिल्स रुबेला टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जिले के 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को टीका दिया जाएगा। जिसमे प्रथम दो सप्ताह विद्यालयों में कैंप लगाकर टीकाकरण किया जाएगा। जिसका थीम हर घर का बच्चा टीका पाए-कोई बच्चा छूट ना जाए। एवं हम सबने यह ठाना है, मिजल्स रुबेला से झारखंड को बचाना है रखा गया है। वहीं मिजिल्स रुबेला संक्रमण प्रभावित गांव में एमआर 1 (9 माह से 5 वर्ष तक) एवं 2 (16 माह से 5 वर्ष तक) के टीकाकरण से वंचित शत प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण किया जाना है। साथ हीं सभी प्रखंडों में एईएफआई सेंटर स्थापित करते हुए एनाफाईलैक्सिस किट एवं एईएफआई किट की उपलब्ध कराने की दिशा में पहल किया जा रहा है। माइक्रोप्लान में विभाग की ओर से तैयार कर लिया गया है। लेकिन उसे अमलीजामा पहनाने से पूर्व उसकी समीक्षा की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ एसके मिश्रा ने कहा कि इस अभियान में एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया और स्कूल शिक्षक का सहयोग लिया जा रहा है। प्रत्येक टीम में चार सदस्य होंगे।

## आईलेक्स में झारखण्ड के शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गुरुवार को झारखण्ड के शिक्षा मंत्री का निधन चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अपनी अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार वे लंबे समय से बीमार चल रहें थे, कुछ दिन पहले जब हालत कुछ ज्यादा बिगड़ गई, तो सबसे पहले मंत्री को रांची के पारस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। फिर अधिक बेहतर इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में ले जाया गया। यहीं फिलहाल उनका ट्रीटमेंट चल रहा था। शिक्षा मंत्री के निधन का सन्देश मिलते हीं सभी जगह शोक की लहर दौड़ गई।

## टुंडी बाजार से लगातार मोटरसाइकिल गायब होने से वाहन मालिकों में भारी मायूसी

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी में इन दिनों मोटरसाइकिल खड़ा करते ही गायब हो जा रहा है। लोग किसी भी काम से बाजार आते हैं तो पलक झपकते ही उनकी मोटरसाइकिल किसी ने गायब कर दे रहा है। ऐसा ही वाकया आज बुधवार को टुंडी बाजार में देखने को मिला। प्राप्त समाचार के अनुसार मोहम्मद इक़बाल अंसारी पिता एनाउल अंसारी ग्राम कोकराद पंचायत रतनपुर थाना+प्रखंड टुंडी का रहने वाला है वह आज बुधवार को समय लगभग पांच बजे किसी काम से अपना भाई का? मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JH10 BM/4833 टुंडी बाजार स्थित भारत शू स्टोर दुकान के पास पार्किंग किया और कुछ खरीदारी करने के लिए कुछ ही दूर दुकान गया और फौरन लौटते ही देखा कि मोटरसाइकिल उस स्थान से गायब हैं काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला तो टुंडी थाना पहुंच कर सनहा दर्ज करा दिया और लापता मोटरसाइकिल की खोजबीन करने हेतु थाना प्रभारी से गुहार लगाया। बताया जाता है कि टुंडी बाजार से अक्सर बुधवार हटिया के ही दिन में मोटरसाइकिल किसी असामाजिक तत्वों द्वारा गायब कर दिया जाता है हाल ही में कुछ माह पूर्व भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया था समय रहते इन असामाजिक तत्वों पर अंकुश न लगाया गया तो इस तरह से कई लोग इनके शिकार हो सकते हैं।

## जिला परिषद अध्यक्षा ने डीप बोरिंग की आधारशिला रखी गई ग्रामीणों में खुशी की लहर

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के महाराजगंज स्थित लछुरायडीह गांव में आज बुधवार देर शाम को जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह एवं जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की की संयुक्त उपस्थिति में डीप बोरिंग की आधारशिला रखी गई। विदित हो कि जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की की अनुशंसा पर लछुरायडीह गांव में डीप बोरिंग की आधारशिला रखी गई जिसका ? जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह एवं जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की ने आज संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। बताया जाता है कि भीषण गर्मी एवं ग्रामीणों की? मांग के अनुरूप डीप बोरिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ताकि आने वाले भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी की किल्लत न हो और जनताओं को सरल ढंग से पानी मुहैया कराई जा सके।

## मृतक ललिता देवी के पिता ने ससुराल वालों पर जान से मारने का लगाया आरोप

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पति से झगड़े के बाद महिला ने कुएं में कूदकर दी जान के मामले में मृतक ललिता देवी के पिता ठेकेदार महतो ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर जान से मारकर कुआं में फेंकने की आरोप लगाया है।आवेदन में उल्लेख है कि मेरी बेटी के साथ उनके ससुराल वाले मारपीट करता था घटना के दिन भी फोन पर मुझे धमकी दिया गया कि अपनी बेटी को ले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे ।मैं जब अपने घर से अपनी बेटी को लेने के लिए बड़कीटांड गांव पहुंचा तो देखा कि वह आंगन में मृत अवस्था में पड़ी हुई है और उनके शरीर में कई जख्म के निशान हैं मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी बेटी को साजिश के तहत सास ससुर और मेरी बेटी के पति दिलीप यादव ने मारकर कुआ में फेंक दिया है। हालांकि इस मामले मे बेंगाबाद पुलिस ने मृतक ललिता देवी के साथ ससुर दशरथ महतो और पति दिलीप यादव के खिलाफ कांड संख्या 81/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की अनुसंधान में जुटी हुई है।

## हवन पूजन के साथ प्रारंभ हुआ, सेंट मैरी एकेडमी का न्या सत्र

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र खरखरी पंचायत अंतर्गत सेंट मैरी एकेडमी खरखरी में आज हवन पूजन के साथ नए सत्र 2023-24 का शुभारंभ हुआ आज से सभी कक्षाए नए सत्र के लिए प्रारंभ हुई।

## देवरी स्टेशन पर रूकेगी जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 11651/11652 जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का जबलपुर मंडल के देवरी स्टेषन पर दिनांक 07.04.2023 से प्रायोगिक तौर पर अगले 06 माह के लिए ठहराव प्रदान किया गया है । गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 07.04.2023 से 15.31 बजे देवरी स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 15.32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली -जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.55 बजे देवरी पहुंचकर यहां से 10.56 बजे प्रस्थान करेगी ।

# विस्तारीकरण के नाम पर रेल प्रशासन ने बुलडोजर चला 39 घरों को किया ध्वस्त

## लोगों को घर से सामान निकालने का भी नही दिया मौका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**निरसा :** फ्रंट कॉरिडोर के लिए कुमारधुबी क्षेत्र के मेढा, शिवलीबाडी पूरब व शिवलीबाडी मध्य पंचायत के सैंकड़ो परिवारों को रेल्वे ने नोटिस दिया है। इसी सवाल पर धनबाद के सांसद पी एन सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता व मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने लगातार रेल प्रबंधन व कॉरिडोर प्रबंधन से संपर्क कर रहे थे। नेताओ ने लोगो को आश्वासन दिया था कि रेल प्रबंधन जरूरत के हिसाब से 35-45 मीटर के दायरे में ही तत्काल खाली कराईगी। पूर्व विधायक ने तीन माह के समय की बात भी बोली थी। लेकिन रेल विभाग ने जनप्रतिधियों व नेताओ को भी धोखे में रख कर 5 अप्रैल को अचानक पुलिस फौज के बल पर लोगो के घरो पर बुलडोजर चलाए और देखते ही देखते 39 घरो को धराशाई कर दिया और आगे भी चिन्हित घरो पर बुलडोजर चलाए जायेगें यह संदेश दे गए है।

माले नेता नागेन्द्र कुमार ने रेल प्रशासन से मांग किया कि बसे हुए गरीब परिवार यही के नागरिक है और केन्द्र व राज्य सरकार इसी के अधार पर पानी, बिजली, राशन कार्ड और सरकारी सुविधाए मिली हुई है।

जिस बेरहमी से बुलडोजर चलाए गए है, उस पर पुनर्विचार किया जाए और कम से कम उस गरीब को सामान निकालने का समय देने का कृपा प्रदान करे। झारखंड सरकार व जिला प्रशासन एवं जनप्रतिधियों से अपील करते कहा कि विस्थापित परिवार यहा 50 - 60 वर्षो से निवास करते आ रहे है और इसी के अधार पर यहा के वोटर है और सारी सरकारी सुविधाए मिली हुई है। इसके अधार पर इन लोगो को पुनर्वास की जिम्मेवारी आप सबो को बनती है।विस्थापित हुए परिवारो को तत्काल सूचीबद्ध कर पुनर्वास की व्यवस्था किया जाए।

## सर जेसी बोस में दिवंगत शिक्षा मंत्री को दिया गया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय में झारखंड के माटी के लाल सरकारी विद्यालयों को प्राइवेट की तर्ज पर बदलने का विजन और उस पर जमीनी कार्य करने वाले शिक्षा मंत्री के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजन किया गया। जिसमे जिला शिक्षा पदाधिकारी , एडीपीओ, एपियो समेत सैकड़ों विद्यालय के सम्मानित प्रधानाध्यापक ,विद्यालय परिवार झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति ईश्वर इनकी दिव्य आत्मा को स्वर्गलोक में स्थान दे और परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। इधर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने माननीय मंत्री के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए झारखंड में शिक्षा जगत में चल रहे आमूलचूल परिवर्तन को एक गहरा झटका जैसा महसूस करते हुए कहा उत्कृष्ट और आदर्श विद्यालय की परिकल्पना सुबह के छात्र छात्राओं के लिए वरदान था आज ऐसा लग रहा है के सपना कैसे पूरा होगा लेकिन पूरा भरोसा है कि सूबे की सरकार इस सपने को दुगुने जोश उत्साह और ताकत के साथ पूरा करेगी जो इनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## हमलोगों ने एक सच्चे सपूत को खोया हैं : मथुरा प्रसाद

**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**



**टुंडी :** पूर्व मंत्री सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दूरभाष के माध्यम से प्रभात मंत्र को बताया कि हमलोगों ने एक सच्चे सपूत को खोया हैं इनके आकस्मिक निधन की समाचार जब सुना तो आंतरिक रूप से काफी मर्माहत हुआ। हम सबों के लोकप्रिय नेता जगरनाथ महतो अब हमारे बीच नहीं रहे।उनकी कमी तो पुरी नहीं की जा सकती लेकिन आने वाले समय में झारखंडी हित में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता वह हम सबों के दिलों में हमेशा बनें रहेंगे। दूसरी ओर उनकी आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही टुंडी झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने उनकी याद में दो मिनट का मौन धारण किया और आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मौके पर टुंडी झामुमो के संयुक्त सचिव फूलचंद किस्कू, झामुमो के वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद सिंह, टुंडी प्रखंड सचिव सुमन कुमार मिश्रा, संतूलाल किस्कू, अनवर, अब्दुल समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो ने दिवंगत मंत्री जगरनाथ को दी श्रद्धांजलि, विधायक ने बताया अपूरणीय क्षति

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के डुमरी विधायक सह सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन हो गया. गुरुवार को निधन पर झामुमो के नेता व कार्यकर्ता शोकाकुल हैं. गिरिडीह झामुमो द्वारा जिला कार्यालय में दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि भी दी है. यहां पर मंत्री जगरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. यहां पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जगरनाथ महतो का निधन झामुमो के लिए अपूरणीय क्षति है।

## मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी बिहार के मजदूरों से कराया जा रहा है डोभा निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बिरनी :** मनरेगा योजना में गडबडी ये कोई नई बात नहीं है, कई बार योजनाओं में गडबडी करने का खुलासे के बावजूद भी दोषियों पर उचित कार्यवाही नहीं होने के कारण गडबडी करने वालों का मनसुबा उंचा हो जाता है चाहे वह मनरेगा मेठ हो, जनप्रतिनिधि हो अथवा पदाधिकारी हो कहीं न कहीं इनलोगों की संलिप्तता जरुर रही है. आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो में देवेन्द्र वर्मा के जमीन पर बनाया जा रहा डोभा जिसमें डिमांड तो स्थानीय मजदूर के नाम से कटवाया जा रहा है परंतु काम करने वाले सारे मजदूर बिहार के हैं, इस बीच मजदूरों ने जानकारी देते हुए कहा कि वह चकाई बिहार का रहने वाले हैं, रोजगर सेवक बसन्त कुमार सिन्हा ने उसे डोभा काटने के लिए ठिका पर बुलाया है, जिस एक 60म60 का डोभा बनाने के बदले में एकमुश्त 60 हजार रूपये दिये जाऐंगे. हालांकि उक्त मजदूरों को इस डोभा को बनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा क्योंकि जहाँ डोभा बनाया जा रहा है वहाँ पहले से गढ्ढा किया हुआ है. जहाँ सिर्फ सप्ताह भर के अंदर काम कर डोभा पूरा कर लिया जाएगा. जानकारी के अनुसार बता दें जिस स्थान पर डोभा निर्माण किया गया है वहाँ पहले से जमीन की कटाई की हुई है तथा उसी मिट्टी को उठाकर चारों तरफ से सीढ़ी बनाकर डोभा निर्माण कराया गया है. सवाल एक नहीं कई है कि आखिर मनरेगा पदाधिकारी जियो टैग करते समय भूमी का मुआयना कैसे करते हैं साथ हीं जब काम करने वाले मजदूर दूसरे प्रदेश के हैं तो फिर मस्टर रोल पर किन मजदूरों का हस्ताक्षर किया जाता है एवं मजदूरी का भुगतान किन फर्जी खातों में किया जाता है. ऐसे एक नहीं दर्जनों सवाल हैं जिसका जवाब न तो पदाधिकारियों के पास है और न हीं जनप्रतिनिधियों के पास है।

## विकास के नाम पर धोखेबाजी बर्दाश्त नहीं : राजेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बेंगाबाद :** भाकपा माले के बैनर तले आज बेंगाबाद प्रखंड के ओझाडीह में एक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता फोदार सिंह ने करते हुए कहा कि, हमारे पंचायत की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन इसका संज्ञान लेनेवाला कोई नहीं है। वोट लेने के लिए तरह-तरह की कवायद करने वाले आज जनता के बीच से गायब हैं। इसलिए अब हमें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार होने की जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी बढ़-चढ़कर जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी बातों को रखा। खासकर पानी, सड़क, पेंशन, राशन, बिजली का बकाया बिल, पीएम आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से जुड़ी समस्याओं पर लोगों ने बात की। वहीं, जन सुनवाई में लोगों की बातों को सुनने के बाद माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, जन समस्याओं की विकरालता के कारण ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से बड़ी तादाद में आवेदन लिए गए थे, लेकिन उन आवेदनों पर कार्रवाई कितनी हुई यह बड़ा सवाल है। गरीबों को विकास और समस्या समाधान के नाम पर सिर्फ धोखा ही दिया जा रहा है। यह सब नहीं चलेगा। कहा कि, घर-घर से वोट लेने वाले घर-घर की समस्या हल करने को तैयार नहीं। मोदी सरकार सबका साथ लेकर मुट्ठी भर लोगों का विकास कर रही है। ऐसे में लाल झंडे तले हम सबों की एकजुटता ही कोई बदलाव ला सकती है। हमें अपने तमाम सवालों पर वोट लेने वाले प्रतिनिधियों और सरकारों के सामने सवाल खड़ा करना होगा। अपने अधिकारों को लेकर लड़ाई तेज करनी होगी। उन्होंने जन सुनवाई में लोगों द्वारा उठाए गए सवालों को लेकर जन संघर्ष में पूरा साथ देने का भरोसा दिया। साथ ही लोगों से 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर की जयंती पर %संविधान बचाओ दिवस% तथा 22 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस को फासीवाद विरोधी जन संघर्ष संकल्प दिवस मनाने का भी आह्वान किया।

## जगरनाथ महतो के निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर : ब्रजेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि आज झारखंड एक अपने सच्चे सपूत को खो दिया है। जगन्नाथ बाबू एक जुझारू और संघर्षशील नेता थे। उन्होने जिंदगी में कभी भी हार नहीं मानी। झारखंड के शिक्षा उत्पाद एवं मद्य निषेध तथा साक्षरता मंत्री के रूप में बहुत सारे ऐसे कार्य किए हैं जो जनहित में बरसों याद किया जाएगा। उनके निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर छा गई है। हालांकि जगन्नाथ बाबू डुमरी विधानसभा से चुनाव जीते थे लेकिन पूरे झारखंड में उनका डंका बजता था और झारखंड के नेताओं में एक अग्रणी नेता के रूप में जाने जाते थे। मैं कांग्रेस पार्टी और अपनी ओर से जगरनाथ महतो जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और साथ साथ ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने की अपार शक्ति दे।

## बीएड 3 सेमेस्टर के छात्रों का विरोध, शिक्षण अभ्यास सेंटर दूर होने पर छात्रों ने रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के बीएड सत्र 3 सेमेस्टर शिक्षण अभ्यास हेतु आवंटन विद्यालय में होने वाली कठिनाइयों के संबंध में आज दर्जनों छात्रों ने कॉम्बाइण्ड बिल्डिंग डिओ से मिल कर कार्यालय के सामने अपनी बाते रखी। वही छात्रों ने बताया की सेमेस्टर थ्री के एग्जाम के लिए जिस विद्यालय का वर्णन किया गया है वह तकरीबन 30 से 50 किलोमीटर की दूरी पर है। छात्रों का कहना है कि परीक्षा के लिए सुबह 7:00 बजे विद्यालय में उपस्थिति देने का प्रस्ताव रखा गया है। जबकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति से निवेदन किया है की 5 से 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले विद्यालयों में परीक्षा देने की अनुमति प्रदान करें ताकि जो गरीब छात्र हैं और जिनके पास वाहन की सुविधा नहीं है वह समय से पहुंचकर अपनी परीक्षा दे सके।

## कोयला गाड़ी रोक कर वसूली का आरोप, प्रमुख के बेटे की संलिप्तता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बिरनी प्रखण्ड में अवैध कोयला का कारोबार धड़ल्ले से फल -फूल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन की मिली भगत धंधा में संलिप्त व्यवसायी बेरोकटोक रात के अंधेरे में अपना व्यवसाय कर रहे हैं। बुधवार रात में अवैध कोयला लोड पिकअप वैन को किसी ग्रामीण ने रोक दिया। नाम नहीं छापने के सर्त पर किसी ने बताया कि प्रमुख का बेटा रात को अवैध कोयला लोड गाड़ी से वसूली कर रहा था। साथ मे माले नेता राजेश विश्वकर्मा एवं उनके साथी ने कोयला गाडी रोककर एक लाख रुपए का डिमांड किया परन्तु 40 हजार में बात बनी । हालांकि व्यवसायी ने चालाकी दिखाते हुए एक व्यक्ति को पैसा लेने के लिए बुलाया । जिसके बाद प्रमुख का बेटा राज किशोर बैठा पैसा लेने पहुंचा परन्तु वहां पहले से ही 6 लोग मौजूद थे। उसके जाते ही बैठा के साथ मारपीट करने लगा । हालांकि कुछ देर बाद पेट्रोलिंग गाड़ी आती है और उसे गिरफ्तार कर थाना ले जाती है । जनप्रतिनिधि के बेटा राज किशोर बैठा को लोकप में बन्द कर दिया जाता है एवं भद्दी-भद्दी गली दी जाती है। थोड़े देर बाद प्रमुख खुद आते हैं परन्तु उनके आने से पहले ही उनके बेटे को लोकप से निकाल दिया जाता है। सुबह किसी को पता चले उससे पहले ही रात को उसे थाना से छोड़ दिया गया। वहीं थाना प्रभारी से इस सम्बंध में बात किया तो उन्होंने कहा ऐसा कोई घटना नहीं हुआ है। ज्यादा पूछने पर कहा कि रात को किसी ने सूचना दिया था कि कोयला लोड गाड़ी को बरहमसिया में किसी ने रोक कर रखा है । सूचना के 10 मिनट के अंदर ही पेट्रोलिंग पार्टी को भेजा परन्तु न कोई गाड़ी मिला न ही कोई व्यक्ति। जिसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी वापस आ गई। वहीं दूसरी ओर एसडीपीओ नौशाद आलम ने कहा थाना प्रभारी से बात किया तो उन्होंने कहा कोई गाड़ी नहीं पकड़ी गई है सूचना थी परन्तु कोई नहीं मिला। हालांकि कल इसकी स्वयं जांच करेंगे उसके बाद कुछ कहा जा सकता है।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में भाजपा का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग से भाजपा धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों में मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में भाजपा का झंडा कार्यालय में लगाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की माँ भारती को परम वैभव पर स्थापित करने के पुनीत विचार से जन्मी भाजपा को अपने परिश्रम से सींच कर विशाल वटवृक्ष के रूप में खड़ा करने वाले मनीषियों और करोड़ों समर्पित, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर नमन एवं शुभकामनाएं। भाजपा वो पार्टी है जिसके लिए राष्ट्र सदा सर्वोपरि रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष श्री हरि प्रकाश लाटा ने कहा की भाजपा की स्थापना दिवस का शुभ दिन हम सबको मां भारती की सेवा और अंत्योदय के लिए ध्येय की प्राप्ति के लिए जागृत करता है। सेवा ही हमारा धर्म है।

# धनबाद : बैंकमोड़ ओवरब्रिज की होगी मरम्मत, 3 माह बंद रहेगा ट्रैफिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंकमोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत 11 माह में पूरी होगी। मरम्मत में 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य सरकार की अनुमति मिलने के बाद पथ निर्माण विभाग ने बैंकमोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत का टेंडर निकाल दिया है। 25 अप्रैल तक टेंडर डालने की अंतिम तिथि है। मालूम हो कि फ्लाईओवर की मरम्मत के लिए तीन माह तक इस सड़क पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहेगा। वर्ष 2021 के अक्तूबर महीने में बैंक मोड़ फ्लाईओवर की लोड टेस्टिंग कराई गई थी। ओडिशा की एजेंसी सुबुद्धि कंसलटेंसी ने टेंस्टिंग के बाद तत्काल इसकी मरम्मत का सुझाव सरकार को दिया था। 15-15 टन बालू भरे हाइवा को ओवरब्रिज में चढ़ा कर इसकी लोड टेस्टिंग की गई थी। एजेंसी की रिपोर्ट के बाद टेंडर जारी किया गया है। एजेंसी की रिपोर्ट के लगभग डेढ़ साल बाद पथ निर्माण विभाग ने मरम्मत का टेंडर जारी कर दिया है। एक साल पहले डीपीआर बनाई गई थी जिसकी मंजूरी मिलने पर विभाग ने मरम्मत का टेंडर जारी कर दिया है।

### फ्लाईओवर के नीचे बनी दुकानों को हटा कर होगी मरम्मत

डीपीआर में दो चरणों में फ्लाईओवर की मरम्मत का प्रस्ताव दिया गया है। पहले के तीन माह में फ्लाईओवर के नीचे भूली मोड़ में चल रही एक दर्जन से अधिक दुकानों को तोड़ कर उसके पिलर की मरम्मत की जाएगी। साथ ही रेलिंग समेत अन्य दरारों को भरा जाएगा। मरम्मत होने के बाद दुकानों को फिर से पुरानी जगहों पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### तीन माह तक पूरी तरह बंद रहेगा फ्लाईओवर

डीपीआर रिपोर्ट के अनुसार पहले तीन माह में पिलर मरम्मत का काम पूरा करने के बाद ऊपरी बिटूमिनस सड़क की परत तोड़ कर मरम्मत की जाएगी। इस काम में तीन माह का समय लगेगा। इस दौरान बैंक मोड़ फ्लाईओवर को पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। इसमें वाहनों का आना-जाना नहीं होगा।

### वैकल्पिक मार्ग की भी डीपीआर में प्रस्ताव

सुबुद्धि कंसलटेंसी ने अपनी रिपोर्ट में फ्लाईओवर बंद रहने पर वैकल्पिक मार्ग भी बताए हैं। साथ ही इन सड़कों की मरम्मत का सुझाव अपनी रिपोर्ट में दिया है। ये वैकल्पिक होंगे मार्ग –

- सिंदरी–झरिया से धनबाद स्टेशन–मिश्रित भवन जाने वाले वाहन धनसार चौक, हावड़ा मोटर, बरमसिया या पंपू तालाब, रेलवे कॉलोनी, डीआरएम ऑफिस चौक होते हुए चलेंगे।
- धनबाद स्टेशन–मिश्रित भवन से सिंदरी–झरिया, पुटकी–करकेंद जाने के लिए वाहनों को चीरागोड़ा, बरमसिया, हावड़ा मोटर, धनसार चौक होकर गुरजना होगा। धनबाद स्टेशन से बोकारो– रांची जाने के लिए मेमको मोड़ होते हुए आठ लेन सड़क पकड़ कर महुदा होते हुए बोकारो–रांची जाएंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

### शिक्षा मंत्री के निधन पर विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामायिक निधन पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। विधायक ने शोक जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में न सिर्फ सिमडेगा का बल्कि राज्य का हर वर्ग, दुखी परिवार के साथ खड़ा है। जगरनाथ महतो जी के निधन से न केवल राज्य के लोगों को आघात पहुंचा है, बल्कि सियासी दुनिया को भी खासी क्षति पहुंची है। जगरनाथ महतो एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ थे। उनकी सोच सामाजिक समरसता और सबको साथ लेकर चलने वाली थी। इसीलिए, वह हर वर्ग के लिए आजीवन प्रिय रहे। वे एक मंझे हुए योद्धा भी थे। उन्होंने कोरोना जैसी महामारी को भी हराने में सफल रहे थे। उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। भूषण बाड़ा ने कहा कि जगरनाथ महतो जी का निधन चेन्नई के एक निजी हॉस्पिटल में गुरुवार को हुआ। इस बात की खबर मिलते ही मन दुखी हो गया।

## सांसद सुदर्शन भगत ने अपने क्षेत्र के संपूर्ण विकास को लेकर प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात संसद भवन कार्यालय में की ढ्ढ श्री भगत ने इस भेंटवार्ता में प्रधानमंत्री को गुमला जिले के डुमरी में स्थापित प्राचीनतम शिव मंदिर, बाबा टांगीनाथ का चित्र भेंट किया। इस क्रम में प्रधानमंत्री गुमला,लोहरदगा आदि पूरे संसदीय क्षेत्र के केंद्र की योजनाओं सहित सम्पूर्ण विकास योजनाओं की जानकारी ली ढ्ढ इस अवसर पर श्री भगत के द्वारा संसदीय क्षेत्र (गुमला) में हुए श्री अन्न (मिलेट) पर हुए कार्यों,पर प्रधानमंत्री से चर्चा करते हुए, संसदीय क्षेत्र में मिलेट पर छोटे उद्योग लगाने, संसदीय क्षेत्र में बॉक्साईट आधारित उद्योग स्थापित करने,व प्राचीनतम धार्मिक स्थलों के सम्बन्ध में चर्चा की ढ्ढ श्री भगत सांसद द्वारा संसदीय क्षेत्र के सम्बन्ध में एक पत्र भी प्रधानमंत्री को दिया और कहा कि प्रधानमंत्री संसदीय क्षेत्र की आवश्यकता एवं जनआकांक्षा को ध्यान में रखते हुए लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में किसी एक बड़ी इकाई की स्थापना करवाने की कृपा करें। श्रीभगतने प्रधानमंत्री की सरहना करते हुए कहा कि गर्व है,कि देश के प्रधान सेवक के रूप में हमें नरेन्द्र मोदी मिले, जो सुदूर जनजाति अंचल लोहरदगा, गुमला, मांडर सहित पूरे क्षेत्र में सभी विषयों पर नजर है।

## जगरनाथ महतो झारखंड के धरती पुत्र थे : सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 6 अप्रैल को झारखंड राज्य के मानव संसाधन विकास मंत्री जगरनाथ महतो जी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि जगरनाथ महतो झारखंड के धरती पुत्र थे उन्होंने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया था झारखंड के निर्विवादित नेता के रूप में जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे। वर्तमान झारखंड सरकार में मानव संसाधन विकास विभाग शिक्षा मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। वे हमेशा झारखंड के लोगों के लिए प्रयत्नशील रहते थे आज उनके निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर है, आज झारखंड राज्य अपना एक जन नेता खो दिया जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है। स्वर्गीय जगरनाथ महतो हमेशा से झारखंड के लोगों के दिलों में बसते रहेंगे।

### बिजली संपर्क से झुलसे युवक को केंद्रीय महावीर मंडल ने किया सहयोग प्रदान

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी मेला आयोजन के दौरान शनिवार को 11 हजार वोल्ट बिजली के संपर्क में आने से कार्यकर्ता बुरी तरह झुलस गया था। जिसे आनन फानन में केन्द्री महावीर मंडल सेन्हा एवं प्रखंड प्रशासन के पहल से इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। जो अभी भी देवकमल अस्पताल रांची में इलाजरत है। और परिवार का आर्थिक स्थिति दैनिय होने के कारण केंद्रीय महावीर मंडल सेन्हा के पहल से सनातनी एवं रामभक्तों द्वारा आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि सामाजिक कार्य के दौरान हुई हादसा में घायल युवक सेन्हा निवासी प्रकाश महतो के पुत्र मनोज कुमार को जल्द स्वस्थ होने के लिए तमाम हिन्दू संगठन के समाजसेवी द्वारा आवश्यकता के अनुसार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी दौरान सेन्हा थाना प्रभारी भी घायल युवक को जल्द स्वस्थ होने का कामना करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वही जिला के विभिन्न क्षेत्र से प्रभावित परिवार को सहयोग किया जा रहा है। और जल्द स्वस्थ होना का ईश्वर से कामना किया जा रहा है। साथ ही बता दें कि प्रभावित परिवार ने सहयोग करता के प्रति आभार प्रकट किया। फिलहाल घायल मनोज की स्थिति में सुधार हो रहे है।

### चिकित्सा पदाधिकारी ने जिला यक्ष्मा विभाग एवं पिरामल स्वास्थ्य के साथ की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीएचसी भंडरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला यक्ष्मा विभाग एवं पीरामल स्वास्थ्य के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे टीबी बिमारी को जड़ से खत्म करने को लेकर निक्षय मित्र बनाने, घर में छिपे टीबी मरीजों की पहचान करने एवं टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों, प्रभावशाली व्यक्तियों एवं सामुदायिक सहभागिता की भूमिका को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा संजय कुमार ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो मुख्यत फेफड़ों पर हमला करता है। इसके अलावा टीबी बिमारी शरीड़ के अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि घर में छिपे संदिग्ध टीबी मरीजों की पहचान करें। ताकि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहे। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खासी हो रहा हो, रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो, वजन घट रहा हो, बलगम के साथ खून आ रहा हो, सीने में दर्द हो तो टीबी की जांच स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर करावें। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा विभाग के डीपीसी अनुराग कुमार ने ईलाजरत सभी टीबी मरीजों का निक्षय मित्र बनने हेतु लोगों को आह्वान किया। वहीं एसटीएस विजय कुमार ने एमडीआर टीबी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने निक्ष्य पोषण योजना के तहत दी जाने वाली राशि के बारे में भी बताया। इस दौरान समीर टोप्पो, ओम प्रकाश सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने अपने 44 वें स्थापना दिवस पर जनसंघियों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के द्वारा बख्शिडिपा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में झंडारोहण किया गया। और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर झडा लगाने का कार्य किया। कार्यालय के आयोजित कार्यक्रम में मौके पर जिले के जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, राजकिशोर महतो, विनोद राय उपस्थित थे।झंडोत्तोलन के पश्चात माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर देश के कार्यकर्ताओं के संबोधन कार्यक्रम को पार्टी कार्यालय में टेलीविजन के माध्यम से उनकी कथनों को सुना। साथ ही आगामी 11 अप्रैल को होने वाली हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर संयोजक जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू,वाहन व्यवस्था प्रमुख जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा एवं ओम प्रकाश गुप्ता को बनाया गया। दीवार लेखन कार्यक्रम की जिम्मेवारी नगर और ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा, किस्को अनुसूचित जाति मोर्चा,कुडु व कैरो मंडल ओ.बी.सी मोर्चा, सेन्हा मंडल किसान मोर्चा ,पेशरार मंडल अनिल उराँव,भंडरा मंडल विवेक सोनी को दी गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो के नेतृत्व में जनसंघ काल के कार्यकर्ता ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, विनोद राय, राजकिशोर महतो को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी राजेश महतो की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मनिष शिखर, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, सुरेश बैठा, अशोक साहू, सरिता देवी, सुरेश लोहरा, ओम गुप्ता, संजय कुमार, विजय महतो, बृजनंदन यादव, उमेश कास्यकार अमर भगत,राजू कुशवाहा सहित अन्य शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी स्थापना दिवस, घरों पर लगाये झंडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के 43 में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया सभी 14 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने आवास पर चौक चौराहों पर पार्टी के झंडे लगाए एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन सुना। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा के विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने पर हम सबों को गर्व होना चाहिए भारतीय जनता पार्टी के गठन का उद्देश्य ही है की अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की उन सभी कार्यकर्ताओं को नमन जिनके अथक प्रयास और खून पसीने की मेहनत से भारतीय जनता पार्टी खड़ी हुई और आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है हम सबों को भारत को विश्व के मानचित्र पर ऊंचा रखने के उद्देश्य कार्य करनी चाहिए और पार्टी संगठन को मजबूत करना चाहिए । केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कुरडेग स्थित अपने आवास पर भाजपा ध्वज का झंडा तोलन का कार्यकर्ताओं के संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन सुना एवं कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कीं हम सबों को गर्व होने के साथ-साथ एक जिम्मेवारी भी है कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े राजनीतिक दल बनने में आप जैसे सभी कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम एवं मेहनत से आज हम इस मुकाम पर हैं।

### आलोक साहू ने कृषि मंत्री से की मुलाकात, किसानों का बकाया राशि शीघ्र भुगतान कराने का किया मांग



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के कृषि मंत्री आदरणीय बादल पत्रलेख लोहरदगा जिले के दौरे पर आए थे। इसी क्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर उन्हें बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य के सूखे से प्रभावित 22 जिलों के 226 प्रखंडों में किसानों को राहत देने के लिए झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरा होने के मौके पर 29 दिसंबर 2022 को किसानों के खाते में एकमुश्त राशि ?3500 सौ भेजने का निर्णय लिया था। इसके लिए किसानों को आवेदन देने के लिए पोर्टल भी खोला गया था जिसके तहत लोहरदगा में हजारों किसानों ने फसल राहत योजना के लिए आवेदन भरा था लेकिन 3 महीना बीत जाने के बावजूद अभी भी लोहरदगा में हजारों किसानों को फसल राहत योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। श्री साहू ने कहा कि किसानों को दोहरा नुकसान हुआ है वह इसलिए कि जो किसान फसल राहत योजना के लिए आवेदन भरा है वह किसान लैंपस में सरकार को धान नहीं बेच सकते हैं। भुगतान नहीं होने के कारण किसान काफी चिंतित है। श्री साहू ने मंत्री से अविलंब फसल राहत योजना की राशि का भुगतान शीघ्र करने की मांग किए। मौके पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी को मंत्री जी ने जल्द से जल्द लोहरदगा के किसानों का बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करने का निर्देश देते हुए कहा कि मेरे गृह जिला देवघर में किसानों को शत प्रतिशत भुगतान हो गया है तो लोहरदगा में क्या समस्या है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अभी 12000 किसानों का भुगतान किया जा चुका है शेष 21000 किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिए। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### शिक्षामंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन से कैरो झामुमो कार्यकर्ताओ ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कदावर नेता झारखण्ड आंदोलनकारी,जनप्रिय नेता डुमरी विधायक राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एव उत्पाद एव मद निषेध विभाग मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन होने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कैरो प्रखण्ड के कार्यकर्ता सदस्यों को गहरा आघात लगा है सबो ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। झामुमो के केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि जगरनाथ महतो एक जिंदादिल इंसान थे जिसके कारण उन्हें टाइगर भी कहा जाता था। कोरोना काल मे खुद पीडित हो गए परन्तु लोगो का सेवा करना नही छोड़े, वे हमेशा जनता के दुख दर्द में सामील रहते थे उनकी मृत्यु से पार्टी समेत पूरे झारखण्ड को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसका भरपाई करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी मरते नही वे अमर हो जाते हैं,टाइगर जिंदा था जिंदा है और जिंदा रहेगा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष मो0 सजाद, धनपत उराँव, अशोक पहान, सुखदेव उराँव, जमील अख्तर, सुरेश उराँव, अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, कार्तिक महली, हासिम अंसारी, बिपिन उराँव, मंगलदेव उराँव, सिब भगत, प्रवीण साहू, उमेश उराँव, बुदीया उराँव, अंगनु उराँव, चन्द्रदेव उराँव, रिजवान अंसारी, आदि सामील हैं।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शोक सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय,लोहरदगा में झारखंड के शिक्षा मंत्री एवं सरस्वती शिशु मंदिर गुंजरडीह, बोकारो के माननीय सचिव श्री जगन्नाथ महतो के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने के लिए प्रार्थना की जिसके बाद अवकाश घोषित किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, सदस्य शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया आदि शामिल थे।

### बरसलोया में पांच दिवसीय रामनवमी मेला अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत बरसलोया गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामनवमी मेला उत्सव अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम में गुरुवार को झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए। मौके पर नवयुवक संघ की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने वहां पर आयोजित कार्यक्रम में माथा टेकते हुए क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान उन्होंने आयोजित कीर्तन में शामिल होकर हरे राम हरे कृष्ण के धुन पर कीर्तन करते हुए नजर आए। इधर गुरुवार को झांकी एवं मेला का आयोजन किया गया जहां पर दूर-दूर से मेला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। झांकी में मां काली हनुमान सहित अलग-अलग देवी-देवताओं का वेशभूषा में उपस्थित कलाकारों ने सभी लोगों को अपनी कला का प्रस्तुति करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में लोगों को संदेश एक्का ने कहा कि धर्म-कर्म में कभी भी इंसान को पीछे हटने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि धर्म से ही लोगों का अस्तित्व है और धर्म के साथ-साथ कर्म को भी करना है। वह इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां पर यह कार्यक्रम आयोजन किया गया है जहां पर लगातार प्रत्येक दिन दूर दूर से लोग यहां पर शामिल हो रहे हैं वहीं उन्होंने कहा कि लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम होने चाहिए इसमें झारखंड पार्टी जाति धर्म से उठकर सहयोग करेगी।

## इंद्रजीत कुमार ने अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में वर्षोकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया

### पलक ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब किया अपने नाम





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी, टिको, कुडू में वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार और लाल राधे नाथ सहदेव द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति बच्चो द्वारा दी गई जिसमें देवा श्री गणेशा पर पलक, नाटु नाटू पर अदभुत नृत्य विकास और आयुष द्वारा, ये तो सच है की भगवान है पर सिहरा देने वाली प्रस्तुति लकी द्वारा, नानी तेरी मोरनी पर वंशिका और साथियों ने मन मोह लेने वाली प्रस्तुति दी,सोशल मीडिया के दुष्चक्र पर स्किट हर्ष और साथियों द्वारा, स्टॉप चाइल्ड लेबर पर नीति और साथियों ने दमदार प्रस्तुति दी, बंदेया रे बन्देया पर कसक और साथियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति, मोहित समूह ने नमो नमो बोल पर योगासनों का अद्भुत प्रदर्शन किया, जंक फूड और हेल्थी फूड पर संदेश अल्फिया और साथियों ने दिया, गलती से मिस्टेक पर प्रस्तुति सृष्टि और साथियों ने दी,पलक और साथियों ने यहां के हम सिकंदर गीत पर नृत्य से मन मोहा तो वही स्नेहा समूह ने तेरी मिट्टी गीत पर नृत्य कर के देश प्रेम को दर्शाया। कार्यक्रम का स्वागत और विद्यालय का वार्षिक लेखा जोखा शिक्षिका रौशन द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने ऊर्जस्वी उद्बोधन में इंद्रजीत कुमार द्वारा बच्चो, अभिभावकों और सहयोगी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्कूल जल्दी ही सी बी एस सी की मान्यता जी तक लेने की दिशा में कार्य कर रहा है विशाल भवन जहां लिफ्ट, उच्च मानक के अनुरूप पुस्तकालय, विज्ञान, कंप्यूटर लैब, छात्रावास, विविध खेलो जैसे बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हॉकी आदि के कोर्ट, स्विमिंग पूल आदि बन रहा है काफी कार्य पूर्ण हो गया है जो मूर्त रूप में देखा जा सकता है,पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए बी एड और एम एड पास शिक्षक हैं।अविराम कम शुल्क के अधिकतम सुविधा और गुणवत्ता देने के लिए संकल्पित है इसीलिए री एडमिशन फीस नहीं लिया जाता है और इसी प्रकार अभिभावको का सहयोग मिलेगा तो हम झारखंड में अलग पहचान बनायेंगे। टिको जैसे गांव जो शहीद स्थली होने के बाद भी पिछड़ा है आज शिक्षा के लिए जाना जाता है। वार्षिकोत्सव में वर्ष भर के क्रियाकलापो के लिए सम्मान पाने वालों में शाहनवाज, असलम, संजना, मोस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंस अंजली और सौरभ को, प्राइड ऑफ अविराम अल्फिया, नायाब, स्नेहा, नीति, लवली, प्राची, उदिप, रुद्र को मिला, बेस्ट सिंगर नायाब शम्श को, बेस्ट डांसर श्रेया, बेस्ट एंकर हर्ष यादव, साइंस एग्जीबिशन हेतु सौरभ, सलमान, सुजीत, सुदेशना, अदरीजा, पुष्पांजलि,पलक, मोहित को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जलडेगा में हुआ कांग्रेस पार्टी का सत्याग्रह कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड के ओड़गा में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम प्रखण्ड अध्यक्ष सुशील जडिया के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष मो शमी आलम एवं जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित थे। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा जय भारत सत्याग्रह आंदोलन की मुहिम शुरू की गई है। पार्टी नेतृव के आह्वान पर आयोजित इस मुहिम के तहत बृस्पतिवार को ओड़गा में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया ने किया।इस दौरान मौजूद रहे मो शमी आलम ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार केवल और केवल दमनकारी नीति पाल के रखी है। ललित मोदी, नीरव मोदी आदि द्वारा देश के हजारों करोड़ की राशि चपत लगाया जाना चोरी नही तो किया है। चोर को चोर कहे जाने पर क्या परेशानी है। पर मोदी सरकार को सच और सवाल से कोई मतलब नही है। न्यायालय आदेश के तुरंत बाद आनन फानन में राहुल गांधी की सदस्यता को खत्म किया जाना मोदी सरकार की नीति और भय को उजागर करता है सदन में राहुल गांधी का माइक म्यूट किया जाना, और इन दिनों हुई सारी कार्यशैली सीधे तौर पर लोकतंत्र को खत्म किया जाना है। इसके लिए पार्टी बूथ स्तर तक संघर्ष करेगी। प्रखंड अध्यक्ष सुशील जाडिया ने कहा कि सच को सच कहना गुनाह है तो पार्टी यह गुनाह करती रहेगी। सदस्यता खत्म किये जाने के साथ ही राहुल गांधी को आवास खाली किये जाने का आदेश दिया गया है। खैर, सच के रास्ते पर बढ़ चले राहुल गांधी आवास छोड़ने की तैयारी कर ली है। अपने नेता राहुल गांधी को आश्रय देने के लिए प्रखंड से देश भर के कार्यकर्त्ता तैयार है। जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने बातों को रखते हुए कहा कि वर्तमान दौर मे देश हांफ रहा है। मोदी सरकार के राज में जहां बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टचारी और तानाशाही चरम पर है। बेरोजगारी की दंश झेल रहे युवाओं की सांसे अटकी पड़ी है। खैर, हर दोपहर के बाद शाम और रात के बाद एक नई सुबह की शुरुआत होती है। एक नई सुबह की शुरुआत जल्द होने वाली है। जिसके लिए ही जय भरत सत्याग्रह की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में जन जन को जागरूक किया जा रहा है। केंद्र सरकार की नाकामियों से हर किसी को अवगत कराया जा रहा है। झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर जलडेगा मे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को स्थागित कर ओड़गा में दो मिनट का मौन रखते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया । कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, पंकज कुमार साहु, अनिल डांग, रहीम खान, सुनील सुरीन, कमरुदीन खान, अर्जून होरो, अमर तोपनो, मशीदास तोपनो, लाजरूस समद, मनोज जोजो, निरल जोजो, नेलन कांडुलना, ओमप्रकाश कांडूलना सभी पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### रीयल टाइगर थे जगरनाथ महतो : संजय सिंह

**मेदिनीनगर :** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का 56 साल की उम्र में निधन हो गया. उनका जन्म बोकारो जिले के अलारगो गांव में सन 1967 में हुआ था. उनके पिता का नाम नारायण महतो था. उनके परिवार में अब 4 बेटियां और एक बेटा शामिल है. जगन्नाथ महतो की शिक्षा सन 1995 में नेहरू हाई स्कूल तेलों, बोकारो से शुरू हुई. उन्होंने वहां से अपनी दसवीं की पढ़ाई पूरी की उसके बाद अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी. पलामू के वरिष्ट पत्रकार व कलम के क्रांतिकारी सिपाही संजय सिंह उमेश ने कहा कि जगन्नाथ दा झारखंड के रियल टाइगर थे। क्योंकि वह अपने क्षेत्र में अपनी जनता के लिए हमेशा आवाज उठाते थे । अलग झारखंड के आंदोलन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है । वह लगातार बीमार चल रहे थे, लगातार इलाजरत भी रह रहे थे। बावजूद इसके विधानसभा सत्र में वे अपनी जनता अपने क्षेत्र की समस्या के लिए पहुंचते थे और आवाज बुलंद करते थे । स्थानीय नीति और 1932 के पक्षधर थे, ऐसे शख्सियत का चले जाना झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### अभियंता वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत अवधि 19 तक बढ़ी

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी बिरसा मुंडा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। अदालत ने वीरेंद्र की न्यायिक हिरासत की अवधि 19 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है।इससे पूर्व वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। तीसरी बार तीन दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे ईडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान लगभग 20 लाख से अधिक कैश और डेढ़ करोड़ के जेवरात मिले थे। इसके अलावा कई वाहन भी बरामद किये गये थे।

### फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ वारंट जारी

**रांची :** न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत ने फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ वारंट जारी किया है। समन जारी होने के बाद उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी किया गया है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। यह मामला वर्ष 2017 का है। इसमें हरमू हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह की अमीषा पटेल से मुलाकात हुई और फिल्मों में उन्हें पैसे लगाने को ऑफर मिला। आरोप के मुताबिक फिल्म देशी मैजिक बनाने के नाम पर उन्होंने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिए। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया। इसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। फिल्म नहीं बनने पर उन्होंने पैसे वापस करने की मांग की थी। अभिनेत्री की ओर से उन्हें चेक दिया गया था, जो बाउंस हो गया।

### दुमका में काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पर लगी रोक

**दुमका :** राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला कोलकाता में काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का नमूना की जांच में इसे स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित केटेगरी का पाया गया है। जांच रिपोर्ट और खाद्य विश्लेषक की टिप्पणी के आलोक में एसडीएम ने काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। तीन अप्रैल को काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के निर्माता कंपनी मेसर्स एआर एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर आनंद गुटगुटिया को पत्र भेजकर काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर पर रोक लगाने का आदेश दिया है। आदेश में काइट्स एक्वा के पानी को 48 घंटे के अंदर बाजार/उपभोक्ताओं से वापस करने को कहा गया। एसडीएम के आदेश में कहा गया है कि काइट्स एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर अनसेफ की कैटेगरी के अंतर्गत है, जो अस्वास्थ्यकर, हानिकारक एवं स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है। निर्मित पेयजल खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के मानकों को पूर्ण नहीं करता है। इस परिप्रेक्ष्य में निर्मित पेयजल के उपयोग से आम जनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने के साथ गंभीर बीमारी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आदेश में कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 36 उपधारा 3(ख) में प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक काइट्स एक्वा के किसी तरह के पानी के विक्रय पर रोक लगाया जाता है।

# जगरनाथ महतो का निधन जेएमएम के लिए अपूर्णीय क्षति : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डाल्टनगंज :** संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रांगण में राज्य के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के पश्चात् शोक सभा का आयोजन किया गया। समस्त छात्रों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा।मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की झारखण्ड राज्य के शिक्षामंत्री व डुमरी विधानसभा के विधायक जगरन्नाथ महतो का आज पूर्वाह्न चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना काल से ही संक्रमित थे ।फेफड़े का ऑपरेशन भी हुआ था। मैं इनके आवास पर मिला था। उत्तम स्वास्थ्य के कामना किये थे। हर दिल अज़ीज सबों से



व सहजता से मिलते थे। राजनीति के शुरुआती दौर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के झंडा बुलंद करने में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से लगे रहते थे। छपन वर्षीय जगरनाथ महतो डुमरी विधान सभा से तीन बार विधायक रहे।चार बेटी ,एक बेटा पत्नी को जिम्मेदारी सौंप लम्बी बीमारी के बाद इस दुनिया से विदा लिए। मूलतः बोकारो जिला के आलारगो गांव के रहने वाले थे। मात्र दसवीं तक ही शिक्षा पाई थी। हेमन्त जी के सरकार में शिक्षा मंत्री थे। झारखण्ड आंदोलनकारी के रूप में इनकी पहचान थी, इनके जुझारूपन के कारण लोग टाईगर कहा करते थे। स्थानीयता के आधार 1932 के सवाल पर गृहमंत्री से ठन गया था। पिछडो के 27 फ़ीसदी आरक्षण के अल्टीमेटम दे दिये थे। शिक्षा एंव बेहतर शिक्षा के लिए कड़े निर्णय के लिए जाने जायेंगे। इनकी मौत सिर्फ़ पार्टी व सरकार की क्षति नहीं है बल्कि जल जंगल जमीन आदिवासी स्मिता एवं पूरे झारखण्डी कायनात की अपूर्णीय क्षति है। इन से कई बार मिलने का मौका मिला पर इनकी सरलता सहजता से नहीं लगा ये मंत्री वह भी शिक्षा मंत्री हैं। पूर्व की सरकारों में बंद पड़े स्कूलों को खोलने की दिशा में सकारात्मक प्रयास, पारा शिक्षकों का स्थायीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य सदैव इन्हे याद रखेगा । हम इनके आत्मा के शांति के लिए कामना करते हैं और इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर यथोचित स्थान प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि।

## कर्नाटक चुनाव के लिए बीजेपी अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 8 अप्रैल को कर सकती है जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य बी.एस. येदुरप्पा ने गुरुवार को बताया कि चयनित उम्मीदवारों के नामों की सूची शुक्रवार को पार्टी हाई कमान को भेजी जाएगी। कर्नाटक भाजपा ने राज्य में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची तय कर ली है और 8 अप्रैल की इसकी घोषणा संभव है। उन्होंने कहा, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक 8 अप्रैल को होगी। चर्चा के बाद हाई कमान उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देगा और उसके बाद सूची जारी की जाएगी। आवास मंत्री वी. सोमन्ना को विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्दारमैया के खिलाफ वरुणा सीट से चुनाव मैदान में उतारने के सवाल पर येदुरप्पा ने कहा कि सबकुछ हाई कमान के आदेश के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा, वरिष्ठ नेताओं का बोर्ड



इस बात पर निर्णय करेगा कि उम्मीदवारों को कहां से खड़ा करना है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के नेताओं ने हर सीट के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों के नामों का चयन किया है। इसके लिए एक निजी रिजॉर्ट में भाजपा की कोर समिति और इलेक्शन समिति की बैठक देर रात तक चली। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री बासवराज बोम्माई शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचेंगे ताकि अपने समर्थकों के लिए टिकट सुनिश्चित कर सकें। विपक्षी कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर चुकी है।

## सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए गठित होगा बोर्ड : सीएम

**एजेंसी**

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोमती नगर विस्तार स्थित विशाखा सभागार में आयोजित 8754 करोड़ की लागत की 2042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं पुस्तक विमोचन करते हुए ये बात कही। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए जल्द एक बोर्ड गठित होगा। इस दौरान उन्होंने टेम्पो टिपर एवं अमृत कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभियों को चाभी वितरित करने के साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी प्रदान की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज शहरों में स्वच्छता नए सिरे से देखने को मिलती है। इसको लेकर लोगों के मन में एक उत्साह




दिखता है। इसमें सबसे बड़ा रोल हमारे सफाई मित्रों का है। उन्होंने नगर विकास मंत्री के आवाह्न पर सुबह 5 बजे सफाई व्यवस्था की कमान संभाली, जो पहले सुबह 10 बजे थी। यह प्रयोग काफी सराहनीय है। हमें इस दिशा में और प्रयास करने हैं। इसको लेकर नगर विकास विभाग और प्रदेश सरकार ने चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई है। ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिले। उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई मित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआई के फैसले को सही ठहराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली-बेंगलुरु :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेपो रेट नहीं बढ़ाने पर आरबीआई के फैसले को सही ठहराया है। सीतारमण ने पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे जुर्माने का बचाव भी किया। उन्होंने कीमतें बढ़ने के मुद्दे पर कहा कि मुद्रास्फीति को छह फीसदी यानी उसके नीचे रखा गया है। बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सीतारमण ने यह बात कही। वित्त मंत्री ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पैन को आधार से लिंक कराने के लिए पहले बहुत समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऐसा अब तक नहीं कराया है, उन्हें तत्काल ऐसा करा लेना चाहिए। सीतारमण ने पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे



जुर्माने का बचाव करते हुए कहा कि आधार से पैन लिकिंग 31 मार्च, 2022 तक मुफ्त था। इसके बाद एक अप्रैल, 2022 से उस पर 500 रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया, जिसे जुलाई महीने में बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दिया गया। अगर अब भी लोग इसका लाभ नहीं उठाते हैं तो इसे और बढ़ाया जाएगा। अडाणी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। ममता बनर्जी खुद अडानी का स्वागत करती हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अडाणी समूह ने निवेश किया है। सीतारमण ने कहा कि केरल की कांग्रेस सरकार ने थाली में सजाकर विझिंगम पोर्ट अडाणी समूह को दिया था। यह फैसला किसी निविदा के आधार पर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि आप हमसे सवाल करें, हमें परवाह नहीं है लेकिन हमारे पास कुछ छुपाने के लिए नहीं है। इससे पहले वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने न केवल कोरोना के बाद आर्थिक सुधार पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि डिजिटलीकरण के साथ आगे बढ़ने और 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था बनने के लिए देश द्वारा आवश्यक सुधारों को जारी रखने का अवसर भी नहीं गंवाया। गौरतलब है कि वित्त मंत्री कर्नाटक के एक दिवसीय दौरे पर हैं।

## पद्म श्री मिलने पर भावुक हुईं रवीना टंडन, बोलीं

# मेरे पापा का सपना था



**एजेंसी**

**मुंबई :** एक्ट्रेस रवीना टंडन को सिनेमा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए बुधवार को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रवीना का पूरा परिवार उनके साथ इवेंट पहुंचा। अब मीडिया को दिए इंटरव्यू में रवीना ने बताया कि अवॉर्ड का वक्त उनके लिए बेहद इमोशनल था। क्योंकि, ये हमेशा से उनके पिता फिल्ममेकर रवि टंडन का सपना था। वो रवीना को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होते हुए देखना चाहते थे। रवीना कहा- वाकई वो मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि ये हमेशा से मेरे पिता का सपना था। वो हमेशा सोचते थे कि जब भी मुझे पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, वो उनके लिए बहुत प्राउड मोमेंट होगा। मुझे ये सम्मान मिला, मगर अफसोस ये देखने लिए वो आज यहां नहीं हैं। रवीना ने आगे कहा- मेरे लिए इस सम्मान को लेकर बहुत मिक्स इमोशन थे। इस बात की थोड़ी खुशी थी कि मुझे यह सम्मान मिल रहा है। बल्कि ज्यादा खुशी इस बात की थी कि मुझे महसूस हुआ कि मैंने आखिरकार अपने पिता का सपना पूरा कर दिया।

**उम्मीद है मेरे बच्चों को मुझपर गर्व होगा:** अपनी बेटी राशा और बेटे रणबीर के बारे में बात करते हुए रवीने कहा- यह बहुत खास था कि मेरे बच्चों ने मुझे देश के सामने जाकर पद्म श्री सम्मान पाते हुए देखा। मुझे उम्मीद है कि उन्हें मुझपर गर्व महसूस हुआ होगा, क्योंकि जब भी मैं उन्हें अच्छे ग्रेड लाते हुए देखती हूं या जब उन्हें स्कूल में सम्मानित किया जाता है, मुझे उस वक्त उन पर बहुत गर्व होता है। रवीना ने अपने दोस्तों, फिल्म यूनिट्स और कलीग्स को शुक्रिया अदा किया और कहा कि अगर उन्होंने साथ नहीं दिया होता तो यहां तक का सफर उनके लिए मुश्किल होता।

## भाजपा का मनाया गया स्थापना दिवस

**एजेंसी**

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से प्रदेशभर में बूथस्तर पर मनाया गया।स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय पर झण्डा फहराकर किया। इसके बाद सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण सुना और योगी-मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। सामान्य दिनों के कार्यक्रमों में लगने वाली बैनर होर्डिंग से तो अटल-आडवाणी गायब ही रहते हैं। स्थापना दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय के समारोह स्थल पर लगी होर्डिंग से अटल आडवाणी पूरी तरह नदारद थे। उस होर्डिंग में एक तरफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ नरेन्द्र मोदी की फोटी लगी थी। दूसरी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक उपस्थित थे।जनसंघ के कार्यकर्ताओं के समक्ष जब दोहरी सदस्यता का प्रश्न उठाया गया और कहा गया कि जनसंघ के लोग जनता पार्टी छोड़ें या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपना रिश्ता खत्म करें। इस मुद्दे पर जनसंघ के नेताओं ने जनता पार्टी छोड़कर 06 अप्रैल 1980 को अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। भाजपा के गठन के बाद 1984 में भाजपा को मात्र दो लोकसभा सीटें प्राप्त हुईं। धीरे-धीरे पार्टी का जनाधार बढ़ा और आज केन्द्र के साथ उत्तर प्रदेश समेत कई प्रान्तों में भी भाजपा की सरकार है।

## विध्वंसक युद्धपोत से 8.9 किमी. दूरी के एंटी सबमरीन रॉकेट का परीक्षण कामयाब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस चेन्नई से एंटी सबमरीन रॉकेट के विस्तारित रेंज संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। पहले के संस्करण में 5 किमी. रेंज थी, जिसे अब बढ़ाकर 8.9 किमी. कर दिया गया है। एंटी सबमरीन रॉकेट की रेंज बढ़ाये जाने के बाद भारतीय नौसेना की पनडुब्बियों से लम्बी दूरी तक हमले करने की क्षमता बढ़ेगी। डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (एआरडीए) ने 8.5 किमी की अधिकतम सीमा के साथ एंटी-पनडुब्बी रॉकेट विकसित किया है। इसके विकास में डीआरडीओ की ही एक अन्य प्रयोगशाला हाई एनर्जी



मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (एचईएमआरएल) ने भी सहयोग किया है। एआरडीई ने 2018 में नौसेना के लिए एक नई रॉकेट तकनीक विकसित करके आंतरिक परीक्षण किये थे। पनडुब्बियों का मुकाबला करने के लिए इन रॉकेटों को आरबीयू 6000 रॉकेट लॉन्चर से दागा जाता है, जो आर-क्लास, दिल्ली क्लास और तलवार क्लास के भारतीय नौसेना के जहाजों पर लगे होते हैं।डीआरडीओ के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि भारतीय नौसेना को विस्तारित रेंज के एंटी-सबमरीन रॉकेट की जरूरत है, जो दुश्मन की पनडुब्बी को 8 किमी की दूरी से मार सके। इसलिए वैज्ञानिकों के एक समूह ने इस परियोजना पर काम किया और नौसेना की आवश्यकताओं के अनुसार रॉकेट का विकास किया। पहले के संस्करण में 5 किमी. रेंज थी, जिसे अब बढ़ाकर 8.9 किमी. कर दिया गया है। अभी भी नौसेना की आवश्यकताओं के आधार पर काम कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के एक पनडुब्बी रोधी अधिकारी ने कहा कि दुश्मन की पनडुब्बी को घेरने के लिए टॉरपीडो दागना जानबूझकर किया गया हमला माना जाता है और यह हमला विफल होने पर दुश्मन को पनडुब्बी की लोकेशन मिल सकती है।इसलिए, नौसेना को ऐसे रॉकेट की जरूरत है, जिससे सटीक हमला करके लक्ष्य को एक बार में ही नष्ट किया जा सके, ताकि दुश्मन को भारतीय पनडुब्बी की लोकेशन न मिल सके। रॉकेट को मुख्य रूप से %तत्काल हमले के हथियार% के रूप में देखा जाता है, जिसे पनडुब्बियों के हमले को बाधित करने के लिए एकल या सल्वो के रूप में दागा जा सकता है।

## कांग्रेस ने पोस्टकार्ड भेजकर प्रधानमंत्री से पांच सवालों के मांगे जवाब

**एजेंसी**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को पोस्टकार्ड भेजकर प्रधानमंत्री से पांच सवालों के जवाब मांगे है। इनमें राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने, अडानी के साथ प्रधानमंत्री के साथ संबंध, महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं ने पोस्टकार्ड के जरिये पूछा है कि अडानी से आपके क्या रिश्ते हैं ? अडानी ने अब तक भाजपा को कितने करोड़ का चंदा दिया? आप अडानी मामले में जेपीसी का गठन क्यों नहीं कर रहे हैं? देश में महंगाई कब कम होगी? आपके विदेश दौरे के बाद अडानी को कितने ठेके मिले?प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार संसद में मनमानी कर रही है, जिससे




दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र खतरे में है। तानाशाही ढंग से विरोध की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि फिल्मी अभिनेत्रियों की शादी की शुभकामनाएं प्रधानमंत्री ट्विटर के माध्यम से दे देते हैं लेकिन जेपीसी का गठन क्यों नहीं कर रहे हैं इसका जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न खड़ा होता है कि अडानी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते क्या कहलाते हैं। प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह फॉर्मूला देश के लोगों को बताना चाहिए कि उनके मित्र अडानी दुनिया में 609 स्थान से पहले नंबर के धनी व्यक्ति कैसे बन गए। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता के पास प्रधानमंत्री से सवाल करने के लिए सिर्फ चिट्ठी ही एक मात्र विकल्प बचा है।

## भूकंप पीड़ितों को जमीअत उलमा ए-हिंद ने रमजान किट दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** तुर्किये में आये विनाशकारी भूकंप से प्रभावित एक हजार परिवारों के बीच जमीअत उलमा-ए-हिंद ने 'रमजान किट' वितरित की है। इन किट्स में खाने-पीने और तेल साबुन से संबंधित सभी चीजें शामिल हैं। यह जानकारी जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन क़ासमी ने दी। मौलाना हकीमुद्दीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वहां जारी राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की और जरुरतमंद लोगों को अपने हाथों से मरअश में किट्स वितरित कीं। इस बीच जमीअत उलमा-ए-हिंद द्वारा उन एक हजार लोगों के लिए इफ्तार और पके हुए भोजन का भी प्रबंध किया गया जो टेंट में शरण लिए हुए हैं। मरअश दुनिया के प्राचीनतम शहरों में से



एक है। इसका पुनर्निर्माण सहाबी रसूल (पैगंबर के साथी) हजरत अमीर मुआविया ने कराया था और यह शहर सेल्जुक साम्राज्य और बाद में उस्मानिया साम्राज्य का हिस्सा रहा। यहां तुर्किये की सबसे बड़ी मस्जिद अब्दुल हमीद है लेकिन आज यह शहर विनाश का प्रतीक बन चुका है। मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने आगे कहा कि यहां तुर्किये में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश पर जमीअत उलमा-ए-हिंद, अल-खैर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में निरंतर राहत कार्यों को अंजाम दे रही है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने उन कार्यों की समीक्षा की। प्रतिनिधिमंडल में जमीअत उलमा-ए-हिंद ब्रिटेन के निदेशक मौलाना सईद, शहबाज भाई, अब्दुल्ला भाई और अय्यूब भाई भी शामिल हैं।